* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

01 जुलाई, 2024
आषाढ़, कृष्ण पक्ष, दशमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही

रांची
सोमवार, वर्ष 09, अंक 251

Wild Waadi
An Entertainment Hub
WILD WAADI
An Entertainment Hub
INR 300 Mon - Fri
INR 400 Sat-Sun & Holiday
BOOK NOW :- 9304816880
Water Park | Trampoline Park
Bird Park | Night Light Park & More

FLORENCE
Group of Institutions
(A Unit of Haji Abdur Razzaque Educational Society)
Irba, Ranchi-835219,Jharkhand
Admission OPEN 2024-25
PLACEMENT Assistance Scholarship Facility Available
PHARMACY D-PHARM
NURSING ANM GNM POST BASIC B.SC. BASIC B.SC. M.SC.
PARAMEDICAL DRESSERS DMLT ECG X-RAY OPHTHALMIC ASST. OT ASSISTANT
Separate Hostel For Boys & Girls
M.: 9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail : fsnirba@gmail.com
Website : www.florenceinstirba.com

# भोगनाडीह में हूल दिवस पर झामुमो का शंखनाद

रांची (आजाद सिपाही)। 30 जून को 'हूल दिवस' के मौके पर संताल परगना के भोगनाडीह में झामुमो के नेता जुटे और सिदो-कान्हू को श्रद्धांजलि देकर नयी लड़ाई का शंखनाद किया। पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन, उनकी पत्नी कल्पना सोरेन और राज्य के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, सांसद विजय हांसदा और प्रो स्टीफन मरांडी ने मौके पर अमर बलिदानियों को पुष्पांजलि अर्पित की, लोगों को 'हूल दिवस' की बधाई दी और एक और उलगुलान का आह्वान किया। भोगनाडीह बरहेट विधानसभा क्षेत्र में पड़ता है, जहां से हेमंत सोरेन विधायक हैं। जेल से निकलने के बाद हेमंत सोरेन पहली बार अपने चुनाव क्षेत्र में पहुंचे थे।

## लूटनेवालों के खिलाफ लड़ाई जारी रखेंगे: चंपाई

**भोगनाडीह।** सीएम चंपाई सोरेन ने कहा कि सिदो-कान्हू की इसी धरती से अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ी गयी थी। इसी लड़ाई से प्रेरणा लेकर हम झारखंड को लूटनेवालों के खिलाफ लड़ाई जारी रखेंगे। इसी लड़ाई से प्रेरणा लेकर हम झारखंड को संवारेंगे। उन्होंने कहा कि यह वही धरती है, जहां के आदिवासियों ने सिदो-कान्हू, फूलो झानो और चांद-भैरव की अगुवाई में अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ी। अंग्रेजों की गुलामी को बर्दाश्त नहीं किया। उनकी बंदूक का जवाब तीर-धनुष से दिया। इसी धरती से हूल की शुरुआत की गयी थी। हजारों की संख्या में क्रांतिकारियों ने ब्रिटिश सरकार के खिलाफ लड़ाई में हिस्सा लिया। अंग्रेजों की बंदूक वाली सेना को तीर धनुष से तोड़ने और हराया था। हमारी जमीन, परंपरा और अस्मिता को बचाने के लिए हमारे पुरखों ने लंबी लड़ाई लड़ी। सीएम ने कहा कि हमारे पूर्वजों का इतिहास बताता है कि हमने कभी किसी की गुलामी को सहन नहीं किया। आज पूरे देश में सिदो-कान्हू, फूलो-झानो, चांद-भैरव की लड़ाई से लोग प्रेरणा ले रहे हैं। इस महान लड़ाई की शुरुआत इसी भोगनाडीह गांव में जंगल-झाड़ के बीच से हुई थी। इसी जमीन से हम संकल्प लेते हैं कि हम अपने खेत-खलिहान और जमीन पर किसी का अधिकार नहीं होने देंगे। सीएम ने कहा, हमारी अपनी परंपरा है। भाषा है, संस्कृति है। हमने गांव बसाया है। यहां हम किसी का हुक्म चलने नहीं देंगे।



### हेमंत को जेल भेजने की आलोचना की

सीएम ने कहा कि लंबे समय तक झारखंड को लूटनेवालों ने हेमंत सोरेन जैसे जननेता को जेल भेज दिया। इस देश में एक ताकत है, जो दलितों, आदिवासियों और वंचितों की बात करने वालों को कभी चैन से नहीं रहने देती है। लेकिन आप लोगों की चट्टानी एकता हमारे साथ है। आप लोगों का सहयोग है कि हमने इनको लोकसभा चुनाव में सबक सिखाया है।

## मनुवादी सोच वालों की जड़ कबाड़ फेंकेंगे : हेमंत

**भोगनाडीह।** झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने संबोधन में विपक्ष, अपने कार्यकाल, पूर्वजों और जेल यात्रा पर खुल कर बात रखी। उन्होंने कहा कि अभी हमको जेल से निकले केवल दो दिन हुए हैं और विपक्ष में खलबली मच गयी है। अब बड़े-बड़े नेता सोचने लगे हैं कि कैसे मुझे फंसाया जाये और मुझे जेल में डाला जाये। जेल से छूटने के बाद मेरा यह पहला बाहर निकलना है। यह संयोग है कि हूल दिवस तो हम सदियों से मना रहे हैं, लेकिन आज एक प्रेरणा दिवस है। आज देश में जो स्थिति बनी है, जो विपक्ष की जमात इकट्ठा हुई है, उसके खिलाफ महागठबंधन ने हूल क्रांति करने का निर्णय लिया है। संकल्प लिया है कि इन सामंती सोच और मनुवादी विचारधारा वाले लोगों की जड़ राज्य और देश से कबाड़ देंगे। अलग-अलग झूठे मुद्दों को लेकर महागठबंधन के नेताओं को फंसाया गया। जो उनका विरोध करेंगे, उनको जेल में डाल देंगे। किसी भी हद तक जायेंगे। लेकिन इनको पता नहीं कि झारखंड ऐसी धरती है, जो खून से सनी है। यह शहीदों की धरती है।

(पेज 05 भी देखें)

### हम लोगों की एक परीक्षा की घड़ी आ रही

हेमंत सोरेन ने कहा कि अभी बहुत जल्द राज्य में फिर से हम लोगों के लिए एक परीक्षा की घड़ी आने वाली है। समय से पहले यह चुनाव कराने की तैयारी है, तो हमने भी उन लोगों को कह दिया कि चुनाव की घोषणा कर ही दो। राज्य की एक-एक जनता समझ चुकी है कि किस तरीके से जल-जंगल-जमीन को हड़पने की कोशिश की गयी।

### बकाया पैसा मांगा तो जेल में डाल दिया

हेमंत सोरेन ने कहा कि महंगाई आसमान पर है। जब हमने खनिज का 136,000 लाख का बकाया केंद्र सरकार से मांगना शुरू किया, तो हमें जेल में डाल दिया। हमें भी लगा कि यह हमारा हक मांगने का परिणाम है। हम अब अपना हक लेकर रहेंगे।

# खतरे में संताल के आदिवासी एसआइटी जांच हो : बाबूलाल


- अगले 25 साल में संताल आदिवासियों का अस्तित्व मिट जायेगा
- जनगणना के आंकड़े बताते हैं कि संताल की डेमोग्राफी पूरी तरह बदल गयी है

आजाद सिपाही संवाददाता

**रानेश्वर।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि संताल परगना में आदिवासियों का अस्तित्व संकट में है। पिछले 75 साल में वहां की डेमोग्राफी पूरी तरह बदल गयी है। यदि यही स्थिति रही, तो अगले 25 साल में संताल परगना से आदिवासियों का अस्तित्व मिट जायेगा। उन्होंने संताल में आदिवासियों की घटती आबादी के कारणों की जांच एसआइटी से कराने की मांग राज्य सरकार से की है।

बाबूलाल मरांडी ने 1951 से 2011 तक की जनगणना के आंकड़ों के हवाले से कहा कि 1951 में संताल में आदिवासियों की आबादी 44.67 प्रतिशत थी, जबकि मुस्लिम 9.44 प्रतिशत और अन्य 45.9 प्रतिशत थे। 1961 में आदिवासी आबादी घट कर 38.24 प्रतिशत हो गयी, जबकि मुस्लिम आबादी बढ़ कर 13.77 प्रतिशत हो गयी। 1971 में आदिवासी आबादी फिर घट कर 36.22 फीसदी हो गयी, जबकि मुस्लिम बढ़ कर 14.62 फीसदी हो गये। 1981 में आदिवासी आबादी थोड़ी बढ़ी और 36.80 फीसदी हुई, लेकिन मुस्लिम आबादी 16.44 फीसदी हो गयी। यह सिलसिला 1991 में भी जारी रहा, जब आदिवासी आबादी घट कर 31.89 फीसदी हो गयी और मुस्लिम आबादी बढ़ कर 18.25 फीसदी हो गयी। 2001 में संताल में आदिवासी 29.90 फीसदी हो गये, जबकि मुस्लिम 20.59 प्रतिशत हो गये। 2011 में आदिवासी आबादी 28.11 फीसदी रह गयी, जबकि मुस्लिम आबादी बढ़ कर 22.73 प्रतिशत हो गयी। आज संताल में आदिवासियों और मुस्लिमों की आबादी लगभग बराबर हो गयी है। उन्होंने कहा कि आदिवासियों की लगातार घटती आबादी के कारणों की जांच एसआइटी से करायी जाये, ताकि हकीकत का पता चल सके।





स्रोत: भारत सरकार के आधिकारिक जनगणना के आंकड़े (वर्ष 1951, 1961, 1971, 1981, 1991, 2001, 2011)

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आज संताल फिर से संकट में है। संताल घुसपैठ का शिकार हो रहा है। यहां के आदिवासियों की पहचान एक सुनियोजित साजिश के तहत मिटायी जा रही है। संताल की इस विकराल समस्या पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज सरकार भी संताल में है। आदिवासियों की हितैषी होने का दम भरनेवाली इस सरकार से आग्रह है कि इस मामले की जांच कर साजिश को बेनकाब करे।

बाबूलाल ने कहा कि सिदो-कान्हू, चांद-भैरव ने आदिवासी समाज की आजादी के लिए लड़ाई लड़ी थी। उनके द्वारा छेड़ी गयी लड़ाई का ही नतीजा रहा कि संताल परगना बना। यहां आदिवासी संरक्षित हो सकें, इसके लिए 1876 में संताल परगना काश्तकारी अधिनियम (एसपीटी एक्ट) भी बना। इतना ही नहीं, आजादी के बाद 1949 में सूचीबद्ध होनेवाला पहला कानून भी एसपीटी एक्ट ही बना। आज सभी कानून लागू हैं, फिर भी स्थिति यह है कि एक सुनियोजित साजिश के कारण आदिवासियों का अस्तित्व धीरे-धीरे समाप्त हो रहा है।


2,3 BHK FLAT AVAILABLE
FOR SALE
At Bootymore & Tatisilwai
(Residential & Commercial)
On Road, Project Near & Smart Point Booty More, Ranchi
Contact Now
8521980977

अंदर पढ़ें

### वेंकैया गारू-भारत की सेवा में समर्पित जीवन

आज भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति और राष्ट्रीय राजनीति में शुचिता के प्रतीक हमारे श्री एम. वेंकैया नायडू गारू का जन्मदिवस है। वेंकैया नायडू जी आज 75 वर्ष के हो गये हैं। पेज 2

चतुर्थ पुण्यतिथि
"नैन छिन्दन्ति शस्त्राणि, नैन दहति पावकः।
न चैंन कलदयन्त्यापो, न शोषयति मारुतः।।



स्व. श्री माधव सिंह
ईश्वर से प्रार्थना है कि आपके आदर्शों व सद्विचारों की लौ हमारे जीवनपथ को निरंतर आलोकित करती रहे। आप जैसे अलौकिक ज्योर्तिपुंज को हम सबका अश्रुपूरित शत्-शत् नमन।
विनम्र श्रद्धांजलि
श्री सुनील सिंह एवं समस्त परिवार
मेसर्स -
सुधा बिजनेस इंटरप्राईजेज प्रा. लि. (सुधा मोटर्स) रांची

### पीएम मोदी ने 111वीं बार की 'मन की बात'

# प्रेरणा मिश्रा से बात कर बढ़ाया झारखंड का मान

## पोड़ैयाहाट के डांडे गांव से करती हैं कारोबार

आजाद सिपाही संवाददाता

**गोड्डा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनाव में लगातार तीसरी जीत के बाद रविवार को पहली बार 'मन की बात' कार्यक्रम को संबोधित किया। इस कार्यक्रम में पीएम ने गोड्डा के पोड़ैयाहाट प्रखंड के डांडे गांव की 28 वर्षीय नव उद्यमी प्रेरणा मिश्रा से बातचीत कर झारखंड का मान बढ़ाया। बता दें कि यह 'मन की बात' का 111वां संस्करण था।

प्रेरणा मिश्रा गांव में एक महिला समूह बना कर स्टार्टअप के तहत इ-कॉमर्स व्यवसाय कर रही हैं। प्रेरणा मिश्रा अपने गांव डांडे में परंपरागत तरीके से ढेकी और जाता में पीस कर तैयार चावल, सत्तू और मसाले को पैकेट में बंद कर इ-कॉमर्स प्लेटफॉर्म अमेजन और फ्लिपकार्ट आदि के माध्यम से बेच रही हैं।

**प्रेरणा की मेहनत की जानकारी पीएम तक पहुंची :** लगातार तीन वर्षों से प्रेरणा अपने गांव में काम कर रही हैं। उनकी मेहनत और गांव में परंपरागत तरीके से तैयार खाद्यान्न के बेहतर मार्केटिंग की जानकारी प्रधानमंत्री तक पहुंच गयी। प्रधानमंत्री ने झारखंड के स्टार्टअप कार्यक्रम को चला रहीं प्रेरणा से बात कर उनकी हौसला अफजाई की। कार्यक्रम डांडे गांव में दिन के 11 बजे आयोजित किया गया। गांव की महिलाएं पीएम मोदी की बातों को बड़े स्क्रीन में सुन रही थीं।



### पीएम ने आदिवासियों को दी 'हूल दिवस' की बधाई

पीएम मोदी ने कहा कि 30 जून का दिन बेहद महत्वपूर्ण है। इस दिन को आदिवासी भाई-बहन 'हूल दिवस' के रूप में मनाते हैं। उन्होंने संताल जनजाति का भी जिक्र किया। पीएम ने 'हूल दिवस' के मौके पर आदिवासी समुदाय को बधाई दी। बता दें कि संताल आदिवासी हूल दिवस वीर सिदो-कान्हू की याद में मनाते हैं। वीर सिदो-कान्हू ने अदम्य साहस से विदेशी शासकों के अत्याचार का विरोध किया था। पीएम ने कहा कि झारखंड के संताल परगना के आदिवासी भाई-बहन ने विदेशी शासकों के खिलाफ हथियार उठा लिया था। उन्होंने कहा कि झारखंड के अमर सपूतों का यह बलिदान देशवासियों को आज भी प्रेरित करता है।

USHA MARTIN UNIVERSITY
Inclusion, Innovation & Ethics
ISO 9001 : 2015 Certified, Member of Association of Indian Universities (AIU)
Recognized by University Grants Commission (UGC)
Approved by: PCI | BCI | JNC | AICTE
The Future Starts Here
Admission Open (2024-25)
Upto 3 CRORES Worth Scholarships for Meritorious & Deserving Students
EXCELLENT Internships & Placement Opportunities
World Class SPORTS FACILITIES
- BBA | MBA
- B.COM (Hons.) | Taxation
- BCA | MCA
- B.Tech (Mechanical, Mining, Computer Science, Civil)
- B.Tech (Lateral Entry)
- M.Tech (Mechanical, Mining, Computer Science, Civil)
- Polytechnic Diploma in Engineering (Mining, Civil, Electrical & Electronics, Computer Science, Mechanical) APPROVED BY AICTE
- BA (English) Hons.
- MA (Education) | MA (English)
- B.Sc in Mathematics & Computing
- B.Sc Agriculture (Hons.)
- M.Sc Agriculture
- D.Pharm | B.Pharm
- B.Sc Forensic Science
- Bachelor in Physiotherapy (BPT)
- B.Sc Medical Lab Technology (MLT)
- B.Sc Radiography & Imaging Technology
- B.Sc Operation Theatre Technology (OT)
- B.Sc (Nursing) | GNM
- B.B.A. LL.B (Integrated) | LL.M
- B.Sc. (Hons.) Criminology
- BJMC (Bachelor in Journalism & Mass Comm.)
- Diploma in Creative Writing
Scan for more information
100% PLACEMENT ASSISTANCE
PROGRAMMES with Super Specialization
B. TECH CSE: AI & ML, Data Science, Cyber Security
B. TECH - Mechanical: i) EV Design & Production ii) Embedded System
B. TECH - Civil: i) Highway & Mobility Design ii) High Rise Building Design
BBA/MBA: Business Intelligence & Data Analytics, Banking, Finance & Insurance
BCA/MCA: Blockchain, Mobile Computing, Cyber Security Data Science
OUR PLACEMENT ASSOCIATES
Capgemini, ICICI Prudential, SBI card, AXIS BANK, vivo, wipro, HDFC BANK, BAJAJ, Reliance, VIVANTA, SHRIRAM, FEDERAL BANK, ANNAPURNA, SIGMA, Triveni, JINDAL STEEL & POWER
★★ Ranked NO. 1 UNIVERSITY in Jharkhand by OPEN MAGAZINE ★★
At Village Narayansoso, Near Angara Block Office, Ranchi-Purulia Highway, Ranchi
Ranchi : +91 9355 564 011
Patna : +91 9952 923 636
E-mail: admission@umu.ac.in
Website: www.umu.ac.in

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 01 जुलाई, 2024
www.azadsipahi.in



# वेंकैया गारू-भारत की सेवा में समर्पित जीवन



नरेंद्र मोदी

आज भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति और राष्ट्रीय राजनीति में शुचिता के प्रतीक हमारे श्री एम. वेंकैया नायडू गारू का जन्मदिवस है। वेंकैया नायडू जी आज 75 वर्ष के हो गये हैं। उन्होंने राष्ट्रसेवा और जनसेवा को हमेशा सर्वोपरि रखा है। मैं उनके दीघार्यु होने और स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं। देश में उनके लाखों चाहते वाले हैं। मैं उनके सभी शुभचिंतकों और समर्थकों को भी बधाई देता हूं।

वेंकैया जी का 75वां जन्मदिवस एक विशाल व्यक्तित्व की व्यापक उपलब्धियों को समेटे हुए है। उनका जीवन सेवा, समर्पण और संवेदनशीलता की ऐसी यात्रा है, जिसके बारे में सभी देशवासियों को जानना चाहिए।

राजनीति में अपने प्रारंभिक दिनों से लेकर उपराष्ट्रपति जैसे शीर्ष पद तक, नायडू गारू ने भारतीय राजनीति की जटिलताओं को जितनी सरलता और विनम्रता से पार किया, वो अपने आपमें एक उदाहरण है। उनकी वाकपटुता, हाजिरजवाबी और विकास से जुड़े मुद्दों के प्रति उनकी सक्रियता के कारण उन्हें दलगत राजनीति से ऊपर हर पार्टी में सम्मान मिला है।

वेंकैया गारू और मैं दशकों से एक-दूसरे से जुड़े रहे हैं। हमने लंबे समय तक अलग-अलग दायित्वों को संभालते हुए साथ काम किया है, और मैंने हर भूमिका में उनसे बहुत कुछ सीखा है। मैंने देखा है, जीवन के हर पड़ाव पर आम लोगों के प्रति उनका स्नेह और प्रेम कभी नहीं बदला।

वेंकैया जी सक्रिय राजनीति से आंध्र प्रदेश में छात्र नेता के रूप में जुड़े थे। उन्होंने राजनीति के पहले पड़ाव पर ही प्रतिभा, वक्तृत्व क्षमता और संगठन कौशल की अलग छाप छोड़ी थी। किसी भी राजनीतिक दल में उन्हें कम समय में बड़ा स्थान मिल सकता था। लेकिन उन्होंने संघ परिवार के साथ काम करना पसंद किया, क्योंकि उनकी आस्था राष्ट्र प्रथम के विजन में थी। उन्होंने विचार को व्यक्तिगत हितों से ऊपर रखा और बाद में जनसंघ एवं बीजेपी को मजबूत किया।

लगभग 50 साल पहले जब कांग्रेस पार्टी ने देश में आपातकाल लगाया था, तब युवा वेंकैया गारू ने आपातकाल विरोधी आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग लिया। उन्हें लोकनायक जेपी को आंध्र प्रदेश में आमंत्रित करने के लिए जेल जाना पड़ा। लोकतंत्र के लिए उनकी ये प्रतिबद्धता, उनके राजनीतिक जीवन में हर जगह दिखाई देती है। 1980 के दशक के मध्य में, जब महान एनटीआर की सरकार को कांग्रेस ने गलत तरीके से बर्खास्त कर दिया था, तब वे फिर से लोकतांत्रिक सिद्धांतों की रक्षा के लिए हुए आंदोलन की अग्रिम पंक्ति में थे।

1978 में आंध्र प्रदेश ने जब कांग्रेस के पक्ष में मतदान किया था, तब वेंकैया जी प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद एक युवा विधायक के रूप में जीतकर आये थे। पांच साल बाद, राज्य चुनाव में एनटीआर की लोकप्रियता अपने सर्वोच्च स्तर पर थी। तब भी वे बीजेपी के विधायक चुने गये। उनकी जीत ने आंध्र समेत दक्षिण में बीजेपी के लिए भविष्य के बीज बोये थे। युवा विधायक के रूप में ही, वे विधायी मामलों में अपनी दृढ़ता और अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों की आवाज उठाने के लिए सम्मानित होने लगे।

उनकी वाकपटुता, शब्दशैली और संगठन सामर्थ्य से प्रभावित होकर एनटीआर जैसे दिग्गज ने उनकी प्रतिभा को पहचाना। एनटीआर उन्हें अपनी पार्टी में शामिल करना चाहते थे, लेकिन वेंकैया गारू हमेशा की तरह अपनी मूल विचारधारा पर अडिग रहे। उन्होंने आंध्र प्रदेश में बीजेपी को मजबूत करने में बड़ी भूमिका निभाई, गांवों में जाकर सभी क्षेत्रों के लोगों से जुड़े। उन्होंने विधानसभा में पार्टी का नेतृत्व किया और आंध्र प्रदेश बीजेपी के अध्यक्ष भी बने।

1990 के दशक में बीजेपी के केंद्रीय नेतृत्व ने वेंकैया गारू के परिश्रम और प्रयासों को पहचानते हुए उन्हें पार्टी का अखिल भारतीय महासचिव नियुक्त किया।



1993 में यहीं से राष्ट्रीय राजनीति में उनका कार्यकाल शुरू हुआ था। एक ऐसा व्यक्ति, जो किशोरावस्था में अटल जी और आडवाणी जी के दौरों की तैयारी करता था, उनके लिए ये कितना बड़ा मुकाम था। पार्टी महासचिव के रूप में, उनका एक ही लक्ष्य था कि अपनी पार्टी को सत्ता में कैसे लाया जाये! उनका एक ही संकल्प था कि कैसे देश को बीजेपी का पहला प्रधानमंत्री मिले। दिल्ली आने के बाद, उनकी मेहनत का ही परिणाम था कि उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। कुछ ही समय बाद वे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी बने।

वर्ष 2000 में, जब अटल जी सरकार बना रहे थे तो वो वेंकैया गारू को अपनी सरकार में मंत्री बनाना चाहते थे। अटल जी ने उनसे उनकी इच्छा पूछी तो वेंकैया गारू ने ग्रामीण विकास मंत्रालय को अपनी प्राथमिकता के रूप में चुना। उनकी इस पसंद ने तब कई लोगों को हैरान किया था। क्योंकि, उसके पहले नेताओं के लिए दूसरे मंत्रालय पहली पसंद हुआ करते थे। लेकिन, वेंकैया गारू की सोच बिल्कुल स्पष्ट थी- वह एक किसान पुत्र थे, उन्होंने अपने शुरूआती दिन गांवों में बिताये थे और इसलिए, अगर कोई एक ऐसा क्षेत्र था जिसमें वह काम करना चाहते थे, तो वह ग्रामीण विकास था। उस समय एक मंत्री के रूप में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना को जमीन पर उतारने में उनकी अहम भूमिका थी।

2014 में एनडीए सरकार ने सत्ता संभाली, तो उन्होंने शहरी विकास, आवासन एवं शहरी गरीबी उन्मूलन जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालयों को संभाला। उनके कार्यकाल के दौरान ही हमने स्वच्छ भारत मिशन और शहरी विकास से संबंधित कई महत्वपूर्ण योजनाएं शुरू कीं। शायद, वह उन नेताओं में से एक हैं जिन्होंने इतने लंबे समय तक ग्रामीण और शहरी विकास दोनों के लिए काम किया है।

2014 के उन शुरूआती दिनों में वेंकैया जी का अनुभव मेरे भी बहुत काम आया था। मैं उस समय दिल्ली के लिए एक बाहरी व्यक्ति था। मेरा करीब डेढ़ दशक गुजरात में ही काम करते हुये बीता था। ऐसे समय में वेंकैया गारू का सहयोग मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण था। वह एक प्रभावी संसदीय कार्य मंत्री थे। वो सदन में पक्ष-विपक्ष की बारीकियों को समझते थे। साथ ही, जब संसदीय मानदंडों और नियमों की बात आती थी, तब वो नियमों को लेकर भी उतना ही स्पष्ट नजर आते थे।

वर्ष 2017 में, हमारे गठबंधन ने उन्हें हमारे उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में नामित किया। ये हमारे लिए एक कठिन और दुविधा से भरा निर्णय था। हम ये जानते थे कि वेंकैया गारू के स्थान को भरना बेहद कठिन होगा। लेकिन साथ ही, हमें ये भी पता था कि उपराष्ट्रपति पद के लिए उनसे बेहतर कोई और उम्मीदवार नहीं है। मंत्री और सांसद पद से इस्तीफा देते हुए उन्होंने जो भाषण दिया था, उसे मैं कभी नहीं भूल सकता। जब उन्होंने पार्टी के साथ अपने जुड़ाव और इसे बनाने के प्रयासों को याद किया तो वह अपने आंसू नहीं रोक पाये। इससे उनकी गहरी प्रतिबद्धता और जुनून की झलक मिलती है। उपराष्ट्रपति बनने पर उन्होंने कई ऐसे कदम उठाये जिससे इस पद की गरिमा और भी बढ़ी। वह राज्यसभा के एक उत्कृष्ट सभापति थे, जिन्होंने यह सुनिश्चित किया कि युवा सांसदों, महिला सांसदों और पहली बार चुने गये सांसदों को बोलने का अवसर मिले। उन्होंने सदन में उपस्थिति पर बहुत जोर दिया, समितियों को अधिक प्रभावी बनाया। उन्होंने सदन में बहस के स्तर को भी ऊंचा उठाया।

जब अनुच्छेद 370 और 35 (ए) को हटाने का निर्णय राज्यसभा के पटल पर रखा गया, तो वेंकैया गारू ही सभापति थे। मुझे यकीन है कि यह उनके लिए एक भावनात्मक क्षण था। वह युवा जिसने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के एक विधान, एक निशान, एक प्रधान के संकल्प के लिए अपना जीवन समर्पित किया था, जब वह सपना पूरा हुआ तो वह सभापति के पद पर आसीन था। किसी निष्ठावान देशभक्त के जीवन में इससे बड़ा समय और क्या होगा!

काम और राजनीति के अलावा, वेंकैया गारू एक उत्साही पाठक और लेखक भी हैं। दिल्ली के लोगों के बीच, उन्हें उस व्यक्ति के रूप में जाना जाता है जो शहर में गौरवशाली तेलुगु संस्कृति लेकर आये। उनके द्वारा आयोजित उगादी और संक्रांति कार्यक्रम स्पष्ट रूप से शहर के सबसे पसंदीदा समारोहों में से एक हैं। मैं वेंकैया गारू को हमेशा एक ऐसे व्यक्ति के रूप में जानता हूं जो भोजन प्रेमी हैं और शानदार मेजबानी करना जानते हैं। लेकिन, पिछले कुछ समय से उनका संयम भी सबके सामने दिखने लगा है। फिटनेस के प्रति उनकी प्रतिबद्धता इस बात से झलकती है कि वह अभी भी बैडमिंटन खेलना और ब्रिस्क वॉक करना पसंद करते हैं।उपराष्ट्रपति पद का कार्यकाल पूरा करने के बाद भी, वेंकैया गारू सार्वजनिक जीवन में बेहद सक्रिय हैं। वह लगातार देश के लिए जरूरी मुद्दों और विकास कार्यों को मुझसे बात करते रहते हैं। हाल ही में जब हमारी सरकार तीसरी बार सत्ता में लौटी, तो मेरी उनसे मुलाकात हुई थी। वह बहुत खुश हुए और उन्होंने मुझे व हमारी टीम को अपनी शुभकामनाएं दीं। मैं एक बार फिर उन्हें शुभकामनाएं देता हूं। मुझे आशा है कि युवा कार्यकर्ता, निर्वाचित प्रतिनिधि और सेवा करने का जुनून रखने वाले सभी लोग उनके जीवन से सीख लेंगे और उन मूल्यों को अपनायेंगे। यह वेंकैया गारू जैसे लोग ही हैं जो हमारे राष्ट्र को बेहतर और अधिक जीवंत बनाते हैं।

**(लेखक : भारत के प्रधानमंत्री हैं)**

# झारखंड के आदिवासियों को साधने के लिए सक्रिय हुई भाजपा

## ■ हिमंता बिस्वा सरमा ने आदिवासी नेताओं से मिल कर हार का कारण पूछा, दिया मंत्र

## ■ अगले कुछ महीने में आदिवासियों के लिए कई कदम उठायेगी मोदी सरकार

**झारखंड में विधानसभा चुनाव का बिगुल अभी बजा भी नहीं है, लेकिन राजनीतिक दल अपनी सियासी जमीन को मजबूत करने में जुट गये हैं। झारखंड के किंगमेकर माने जाने ाले आदिवासी समुदाय के वोटों पर भाजपा सहित सभी दलों की नजर है। हाल में संपन्न लोकसभा चुनाव में झारखंड की सभी पांच आदिवासी सीट हारने के कारण भाजपा इस बार कोई रिस्क नहीं लेना चाहती है। इसलिए वह अभी से ही सक्रिय हो गयी है। आदिवासियों को साधने के लिए असम के मुख्यमंत्री सह झारखंड के सह चुनाव प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने एक दिन पहले झारखंड का दौरा किया और यहां के आदिवासी नेताओं से मुलाकात कर उनसे यह जानना चाहा कि आदिवासियों का वोट कैसे हासिल किया जा सकता है। किन कारणों से आदिवासी सीटों पर भाजपा को हार मिली। सरमा ने प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, पूर्व सांसद गीता कोड़ा-मधु कोड़ा, सीता सोरेन, समीर उरांव, अरुण उरांव और पार्टी के दूसरे आदिवासी नेताओं से मुलाकात की और विस्तार से बातचीत की। यह पहली बार है कि झारखंड में आदिवासियों को साधने के लिए भाजपा ने इतनी व्यापक तैयारी शुरू की है। इतना ही नहीं, ओड़िशा में एक संथाल आदिवासी मोहन मांझी को सीएम बनाने के बाद अब मोदी सरकार ने चुनाव के एलान से पहले आदिवासियों को साधने के लिए झारखंड समेत पूरे देश में आनेवाले दिनों में आदिवासियों के लिए कई नयी योजनाएं शुरू किये जाने की रणनीति तैयार की है और इन पर पर विचार किया जा रहा है, ताकि विधानसभा चुनाव के एलान से पहले आदिवासियों को लुभाने की कवायद को ठोस स्वरूप दिया जा सके। भाजपा को उम्मीद है कि हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी से उपजी सहानुभूति को इन योजनाओं की मदद से कम किया जा सकता है। आदिवासी वोट हासिल करने के लिए भाजपा इतनी उतावली क्यों है और क्या है उसकी रणनीति, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

2019 के विधानसभा चुनाव के बाद हाल में संपन्न लोकसभा चुनाव में झारखंड की पांच आदिवासी सीटों पर हार का सामना करने के बाद भाजपा अब इस समुदाय का विश्वास दोबारा हासिल करने के लिए सक्रिय हो गयी है। झारखंड कभी भाजपा का मजबूत गढ़ हुआ करता था और यहां के आदिवासी उसके वोटर थे, लेकिन 2019 के विधानसभा चुनाव में यह समुदाय भाजपा से कट गया। इसका नतीजा यह हुआ कि भाजपा राज्य की 28 आदिवासी सीटों में से महज दो ही जीत सकी और वह भी किसी तरह। इसके बाद भाजपा ने आदिवासियों को साधने के लिए बाबूलाल मरांडी को कमान सौंपी और कई दूसरे जतन किये, लेकिन लोकसभा चुनाव में इसका कोई असर नहीं दिखा। इसलिए भाजपा इस बार कोई खतरा मोल नहीं लेना चाहती है और अभी से ही वह आदिवासियों को साधने के लिए सक्रिय हो गयी है।

इस काम के लिए पार्टी ने असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा को झारखंड का सह चुनाव प्रभारी बनाया है। वह एक दिन पहले झारखंड आये और यहां पार्टी के प्रमुख आदिवासी नेताओं से मिले। इस क्रम में उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के अलावा पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, पूर्व सांसद गीता कोड़ा, उनके पति सह पूर्व सीएम मधु कोड़ा और लोकसभा चुनाव से ठीक पहले पार्टी में शामिल हुईं शिबू सोरेन की बड़ी बहू सीता सोरेन, समीर उरांव और अरुण उरांव से मुलाकात की। सरमा दूसरे आदिवासी नेताओं से भी मिले और आदिवासी वोट दोबारा पाने की रणनीतियों पर विचार किया। यह पहली बार हुआ है कि भाजपा इतने बड़े पैमाने पर आदिवासियों को साधने के लिए सक्रिय हुई है।

### हिमंता बिस्वा सरमा को क्यों दी गयी जिम्मेदारी

दरअसल, हिमंता बिस्वा सरमा ने पूर्वोत्तर में भाजपा के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। झारखंड के आदिवासियों का पूर्वोत्तर के आदिवासियों से गहरा रिश्ता है और सरमा ने जिस तरह वहां के आदिवासियों में भाजपा को स्थापित किया है, वैसे ही वह झारखंड में भी कर सकते हैं, ऐसा पार्टी का मानना है। माना जा रहा है कि ओड़िशा में सीएम के रूप में मोहन मांझी को कमान सौंपने के पीछे भी सरमा का ही हाथ है, क्योंकि इसका सकारात्मक असर झारखंड में पड़ सकता है।



### क्यों महत्वपूर्ण हैं आदिवासी

झारखंड में करीब 26 फीसदी आदिवासी समुदाय के वोटर हैं, जो राजनीतिक दलों का सियासी समीकरण बनाने और बिगाड़ने की ताकत रखते हैं। यही वजह है कि सभी राजनीतिक दल इस समुदाय को साधने में जुटे रहते हैं। झारखंड की कुल 81 विधानसभा सीटों में से 28 सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं। 2014 के विधानसभा चुनाव में इन 28 सीटों में से भाजपा और झारखंड मुक्ति मोर्चा को 13-13 सीटें हासिल हुई थीं, जबकि दो सीटों पर अन्य उम्मीदवार विजयी हुए थे। 2019 के विधानसभा चुनाव में यह स्थिति पूरी तरह बदल गयी और भाजपा केवल दो आदिवासी सीट ही जीत सकी। इसके कारण भाजपा के हाथों से झारखंड की सत्ता भी फिसल गयी।

### क्या कहा हिमंता बिस्वा सरमा ने

झारखंड दौरे की समाप्ति पर हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि झारखंड का विकास और आदिवासियों का कल्याण भाजपा की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों से राज्य में कोई सरकार नहीं है। पिछले पांच वर्षों में राज्य में महिलाओं और आदिवासियों पर अत्याचार कई गुना बढ़ गये हैं। विधानसभा चुनाव के लिए जब भाजपा का घोषणापत्र आयेगा, तो पता चलेगा कि पार्टी ने अगले पांच साल में आदिवासी लोगों के लिए कितना काम करने की योजना बनायी है।

### आदिवासी सीटों पर करारी हार से सीखा सबक

झारखंड में 2019 के विधानसभा चुनाव के बाद हाल में संपन्न लोकसभा चुनाव में भाजपा की सबसे बुरी स्थिति आदिवासी सीटों पर हुई। राज्य की जिन पांच सीटों पर भाजपा को हार का मुंह देखना पड़ा, वे सभी आदिवासियों के लिए आरक्षित हैं। इनमें खूंटी, सिंहभूम, लोहरदगा, दुमका और राजमहल शामिल हैं। सिंहभूम और राजमहल में पिछली बार भी भाजपा को हार मिली थी, लेकिन इस बार सबसे चौंकानेवाली हार बाकी तीन सीटों पर हुई। आदिवासी सीटों पर भाजपा की हार का कारण हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के कारण पैदा हुई सहानुभूति को बताया जा रहा है। हालांकि भाजपा से आदिवासियों की नाराजगी 2019 के विधानसभा चुनाव में ही सामने आ गयी थी। उसके बाद से भाजपा ने आदिवासियों को साधने के कई उपाय किये। आदिवासियों के बड़े नेता बाबूलाल मरांडी को वह अपने खेमे में वापस लायी और उन्हें प्रदेश अध्यक्ष की कमान सौंपी गयी। इतना ही नहीं, 15 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलीहातू गये और उस दिन को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की। लेकिन इसका कोई खास असर आदिवासियों पर नहीं पड़ा। यह भाजपा के लिए बेहद चिंता का विषय है और अब विधानसभा चुनाव में भाजपा आदिवासियों का वोट दोबारा हासिल करने के लिए हर उपाय करने के लिए तैयार हो गयी है। अब देखना है कि हेमंत सोरेन, चंपाई सोरेन और कल्पना सोरेन के त्रिस्तरीय प्लान का वह कैसे मुकाबला कर सकती है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 32.7 °c | 24.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 18.38 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.05 बजे | |

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 01 जुलाई, 2024
www.azadsipahi.in




# 2024 'डॉक्टर्स डे विशेष' A Frontline Healthcare Warrior

RANCHI




गठिया रोग विशेषज्ञ



डॉ. देवनीस खेस
Managing & Medical Director
Sr. Consultant Rheumatology & Clinical Immunology MBBS., MD
SHALBY DIVINE SUPER SPECIALITY HOSPITAL
Old HB Road, Near Veterinary Hospital, Siramtoli, Ranchi, Mob. : 7280001050

हड्डी रोग विशेषज्ञ



डॉ.सपन कुमार
MBBS ( RIMS )
MS Ortho ( UCMS & GTB Hospital,DU) DNB ORTHO
EX - SR ( Safdarjung Hospital Delhi)
FIJR ( Sant Parmanand Hospital, Delhi )
IOA FELLOW ( Kolkata)
MASTER ORTHOPAEDIC CENTRE
Bargain Road, Bariatu, Ranchi, Mob.: 9110041461
Email: sapan2576@gmail.com

न्यूरो और स्पाइन विशेषज्ञ



डॉ. गणेश कुमार
MBBS, M.S., M.ch. Neurosurgery, Director Neurosurgery
PARAS HEC HOSPITAL
Near Dhurwa, JSCA Stadium, Ranchi
Mob.: 9142583784, 7070191744

गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट एवं हेपेटोलॉजीस्ट



डॉ. रविश रंजन
MBBS, MD (Gen. Medicine)
DNB-Super Speciality (Gastro)
Consultant Interventional Gastroenterologist & Hepatologist
Senior Consultant Raj Hospital
गैस्ट्रो एवं लिवर केयर क्लिनिक
संजीवनी मेडिको, सहजानन्द चौक, हरमू रांची
मो.- 7903826161, 7903637063

शिशु रोग विशेषज्ञ




डॉ.प्रकाश कुमार
एमबीबीएस, एमडी, पीएसीएच, एनएएलएस
पीएएसएस ट्रेन कंसल्टेंट एंड इंटेन्सिविस्ट
शौर्या चिल्ड्रन हॉस्पिटल
आईटीआई बस स्टैंड के पीछे, लोहा सिंह मार्ग, इटकी रोड रांची, संपर्क: 7261824060

ई.एन.टी. स्पेशियलिस्ट



डॉ समित लाल
MBBS, MS, (ENT)
Formerly Registrar, Jaslok Hospital, Mumbai
Formerly Asst. Prof. K.J. Somaiya Medical College, Mumbai
Formerly Secretary AOICON 2022
Secretary AOI Bihar -Jharkhand
डॉ. लाल अस्पताल एवं रिसर्च सेन्टर
Near Kadru Over Bridge,Kadru, Ranchi -2
Mob.: 7061117676, 7707005676


## हर साल 1 जुलाई को क्यों मनाया जाता है डॉक्टर्स डे




एक मरीज के लिए उसका डॉक्टर किसी फरिश्ता से कम नहीं होता है। कोरोना काल मे हमने सीखा कि हमारे समाज में डॉक्टर किसी वॉरियर से कम नहीं है। यह सिर्फ एक प्रोफेशन नहीं बल्कि एक इंसान कि लाइफ लाइन है। देश के सभी डॉक्टर्स के योगदान को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक वर्ष 1 जुलाई के दिन 'नेशनल डॉक्टर्स डे' मनाया जाता है। भारत में 1 जुलाई को डॉ0 बिधान चंद्र रॉय की याद में प्रत्येक वर्ष 'नेशनल डॉक्टर्स डे' के रूप में मनाया जाता है। आज हम अपने आर्टिकल के माध्यम से डॉक्टर्स डे को खास बनाने के लिए इसका महत्व एवं इतिहास आपके सामने लेकर आए हैं।

**इस दिन को मनाने का महत्व** : इस खास दिन को मनाने के पीछे एक ही कारण है कि देश के सभी डॉक्टर्स जो दिन-रात अपने मरीज की जान बचाने के लिए जुटे रहते हैं उन्हें सम्मानित करना।

कोरोना काल में डॉक्टर्स ने जो अपनी भूमिका निभाई है वह किसी से छिपी नहीं है। इस खास दिन को मनाने के पीछे यही कारण है कि उन्हें सम्मानित करना, उन्हें दूसरे के सेवा के लिए प्रेरित करना। डॉक्टर्स के प्रति अपना सम्मान करने के लिए इससे खास दिन और कोई हो नहीं सकता है। डॉक्टर को भगवान का दर्जा दिया जाता है।

### डॉक्टर्स डे का महत्व क्या है?

देश में डॉक्टर्स डे को प्रथम वर्ष 1991 में मनाया गया था। तभी से हर साल 1 जुलाई को यह मनाया जाता है। यह बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ0 बीसी रॉय के सम्मान में मनाने का फैसला लिया गया। डॉ0 बीसी रॉय एक स्वतंत्रता सेनानी थे। बीसी रॉय को 4 फरवरी 1961 में भारत रत्न से नवाजा गया था। इसलिए यह खास दिन बीसी रॉय के जन्म तिथि के दिन मनाया जाता है। बीसी रॉय का जन्म 1 जुलाई 1882 को हुआ था। उनका निधन 1 जुलाई 1962 को हुआ था। इस प्रकार 1 जुलाई को डॉक्टर्स डे के रूप में मनाया जाने लगा।

**इस वर्ष की थीम:**

डॉक्टर के सम्मान में प्रत्येक वर्ष इस खास दिन को मनाने के लिए थीम रखी जाती है। इस वर्ष की थीम कुछ अलग है। थीम का नाम रखा गया है सेलिब्रिटी रेजिलिएंस एंड हीलिंग हैंड्स।


किडनी रोग विशेषज्ञ



डॉ. अशोक कुमार बैद्य
MD; DNB (NEPH) MNAMS
Senior Consultant Nephrologist
सावित्री देवी मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट
नेफ्रोन किडनी केयर क्लिनिक
Ranchi -Mob.: 8102409980

किडनी रोग विशेषज्ञ



डॉ अविनाश कुमार दुबे
MBBS (Gold Medalist), MD (Medicine)
DM Nephrology (JIPMER)
नेफ्रो केयर क्लिनिक
मां दुर्गा मेडिकल, ओंकार होटल के सामने, पिस्का मोड़, इटकी रोड, रांची, मो : 8102139781

डेंटल सर्जन



डॉ. अर्चना सिंह
B.D.S (Hons.) Lucknow, Implantologist (Sweden)
Cert. Orthodontist F.A.F.O (Kerala)
Laser Dentist (Germany), Masters in Aesthetic Dentistry and Facial Harmony (SPAIN)
M.A.O.I., M.I.D.A.
CODS DENTAL HOSPITAL & IMPLANT CENTRE
2nd Floor, Sumati Bihar Complex, Karamtoli Road, Opp. Adivasi Hostel, Nagra Toli, Ranchi
Ph. : 08298113175


### नेशनल डॉक्टर्स डे का इतिहास

केंद्र सरकार ने वर्ष 1991 में राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस मनाने की शुरूआत की थी। इस दिन एक महान चिकित्सक की पुण्यतिथि भी होती है। उन्हीं की याद में और डॉक्टर्स के लिए कृतज्ञता दिखाते हुए ये खास दिन मनाया जाता है। दरअसल 1 जुलाई के दिन भारत के महान डॉक्टर बिधान चंद्र रॉय का जन्म हुआ था। उनकी याद में इस दिन को डॉक्टर्स डे के रूप में मनाया जाता है। डॉ0 बिधान चंद्र रॉय एक महान डॉक्टर थे।


फर्टिलिटी कंसल्टेंट



डॉ. रूपाश्री पुरूषोत्तम
MBBS, DNB, (Obst & Gaynae)
IVF Specialist, Laparohysteroscopic Surgeon
अवेटा टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर
तीसरी मंजिल, कृष्णा आर्केड, बूटी मोर, रांची-09, झारखंड, मोब0- 8252529345, 9155044322

लेप्रोस्कोपिक एवं गैस्ट्रो सर्जन



डॉ. अविनाश कुमार झा
M.S. (General Surgery), FIAGES, FMAS
F.A.L.S. FNB (Minimal Access Surgery)
मेदान्ता हॉस्पिटल
मेदांता अब्दुर रज्जाक अंसारी मेमोरियल विवर्स अस्पताल, इरबा, रांची, मो.: 8447646055, 7869216632

किडनी रोग विशेषज्ञ



डॉ. अरविंद चरण मंगल
Consultant Nephrologist Santevita Hospital, Ranchi
And Kidney Transplant Physician
MBBS MD (Medicine) RIMS, DNB ( Nephrology)
किडनी हेल्थ क्लिनिक
Saher Height 3rd Floor, Above HDFC Bank, Bariatu Ranchi Jharkhand-Mob.: 8212191200,6201474057

असाध्य, जीर्ण एवं जटिल रोगों के विशेषज्ञ



डॉ. उमा शंकर वर्मा
M.B.B.S, (RAN), M.D. (MED), D.M.S.(HOM)
Chief Medical Officer, University Hospital, BAU, Ranchi & Chief Executive Director
यू.एस. पॉलिक्लिनिक
1 केसी कॉम्पलेक्स, डिप्टीपाड़ा रोड, कचहरी चौक, रांची-1
मो.: 9835167743, 8797015126

डायबिटीज एवं थायराइड रोग विशेषज्ञ



डॉ. अजय छाबड़ा
M.B.B.S., D. Diabetology
(Consultant Diabetologist & Physician)
डॉ. छाबड़ा डायबिटीज सेंटर
मेट्रो लेन, रामविलास पेट्रोल पंप के सामने, रातू रोड, रांची-1, संपर्क : 0651-2283320, 8051173464

हड्डी रोग विशेषज्ञ



डॉ. रोहित लाल
MBBS, D.Ortho, DNB (Ortho), MNAMS
Fellow, Joint Replacement and Arthroscopic Surgeries, Sportsmed Hospital, Adelaide, Australia
डॉ. लाल अस्पताल एवं रिसर्च सेन्टर
Near Kadru Over Bridge,Kadru, Ranchi -2
Mob.: 7061117676, 7707005676

ई.एन.टी. एंड स्कल बेस एंड हेड एंड नेक सर्जन



डॉ. अभिषेक कु. रामाधीन
MBBS (KEM), MD (USA), MS (ENT), FARS (USA), FIANO (ITLAY), MRCSI (UK)
Ex Clinical Associate Tuft School Of Medicine Boston, Massachusetts, USA
EAR, NOSE, THROAT & SKULL BASE, HEAD & NECK & IT'S CANCER SPECIALIST
ENT HOSPITAL
RMDA Building, 4th Floor, Itki Road, Piska More, Ranchi
Mob.: 9934040203, 8210918334, 7258953555

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 01 जुलाई, 2024
www.azadsipahi.in


# हूल दिवस पर याद किये गये सिदो-कान्हू

## हूल दिवस सह सम्मान समारोह का आयोजन

**22 लोगों को किया गया सम्मानित**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** नागरिक अधिकार मंच के तत्वाधान में बड़कागांव के बालिका उच्च विद्यालय के सभा भवन में हूल दिवस सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता मंच के संयोजक लखींद्र ठाकुर और संचालन मनोज गुप्ता ने किया। मौके पर अतिथियों द्वारा सिद्धू कान्हू, फूलों झानो चांद-भैरव और भगवान बिरसा मुंडा की तस्वीर के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित किया गया। इस समारोह में सामाजिक, पर्यावरण बचाने जल जंगल जमीन बचाने वाले 22 लोगों को सम्मानित किया गया। जिनमें से स्वतंत्रता सेनानी चैता मांझी परपौत्रवधू मुखिया नीलम मिंज जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी, यासमीन निशा, प्रमुख फुलवा देवी, लोकहित अधिकार पार्टी के कुंज बिहारी सॉव, विनोबा भावे विश्वविद्यालय के व्याख्याता प्रो सुरेंद्र प्रसाद कुशवाहा, लीलाधन प्रजापति, युवा नेता सोनू इराकी, राकेश, मोहम्मद इब्राहिम, राम दुलार साव, शारदा ऋषि, सुनीता देवी ,महेश प्रसाद, विनय महतो, समाजसेवी बिंदेश्वर दांगी उर्फ बिंदु ,राजेश कुमार, कार्तिक सोनी को विनोद राणा और खोजी पत्रकारिता के रूप में संजय सागर को सम्मानित किया गया। जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी ने कहा कि भारत की पहली आजादी की लड़ाई हुल क्रांति थी। इसमें सिद्धू-कान्हू, चांद, भैरव, फूलों, और झानों कुमारी ने मुख्य भूमिका निभायी थी। प्रमुख फुलवा देवी ने कहा कि हमें जल जंगल जमीन बचाने के लिए सिद्धू-कान्हू और भगवान बिरसा मुंडा से प्रेरणा लेना चाहिए। लखिंद्र ठाकुर ने कहा कि आंदोलन का देन है कि भारत को आजादी मिली और अब भ्रष्टाचार, घूसखोरी दूर करने और जल, जंगल ,जमीन को बचाने के लिए जयप्रकाश आंदोलन की तरह नवजागरण आंदोलन करने की जरूरत है। मौके पर मनोज शाहा, प्लस टू हाई स्कूल के प्रबंधक अध्यक्ष संदीप सिंह, शिक्षक राम लखन महतो समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## झामुमो ने हूल विद्रोह के विभूतियों को याद किया



**इचाक।** झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड संयोजक मंडली इचाक के द्वारा संथाल हुल के महान विभूतियां को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गयी। कहा की 30 जून 1855 को अंग्रेजी हुकूमत के बढ़ते शोषण और उत्पात के विरोध में सिंधु कानों चांद भैरव के नेतृत्व में संथाल के भोगड़िया ग्राम से विद्रोह का शंखनाद हुआ था। सिंधु कानूहु चांद भैरव, फूलों झानो आदि विभूतियां को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गयी। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम, रामचंद्र मेहता, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष गंगेश्वर मेहता, मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष सह झामुमो के वरिष्ठ नेता रंजीत कुमार मेहता, प्रखंड 20 सूत्री सदस्य दिगम्बर कुमार मेहता, बाबुन हसदा, उमेश मेहता, रामदिप मेहता, बंशी मेहता, सुरेंद्र मेहता, रामफल, लखि राम मांझी, सुरेश टुडू, विनोद सोरेन, एमडी कदीर, महादेव मांझी, राजेश मुर्मू, पानो मुरमुर समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## आजसू पार्टी ने मनाया हूल दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ हजारों आदिवासी ने सन 1855 साहिबगंज के भोगनाडीह में शहीद हुए। नेतृत्वकर्ता सिद्धू-कान्हू के साथ-साथ बीस हजार क्रांतिकारियों को अंग्रेजों ने गोलियों से भून डाला तथा चांद-भैरव को पेड़ पर टांग कर फांसी दे दिया। इसी घटना को हम प्रत्येक वर्ष याद कर हूल दिवस मनाते हैं। उक्त बातें आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव अजीत बरनवाल ने कहा। रविवार को कोडरमा कार्यालय में आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष राजकुमार मेहता के नेतृत्व में हूल दिवस मनाया गया। संचालन अंबुज पटेल तथा धन्यवाद ज्ञापन विकास कुमार ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत सिद्धू-कान्हू, चांद-भैरव, फूलो-झानो सहित हजारों क्रांतिकारियों को याद करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित कर क्रांतिकारी विचार रखे। मुख्य अतिथि केंद्रीय सचिव अजित बरनवाल ने कहा कि आज फिर से उलगुलान चाहिए। यहां बेरोजगारी, अशिक्षा, पलायन और अधिकारियों की लाटसाहेबी से आम जनता परेशान है। बिना चढ़ावा के काम नहीं बन रहा है, जैसा कार्यालय वैसा चढ़ावा। लोग आज त्रस्त हैं। इसी को लेकर आजसू पार्टी ने राज्यस्तरीय सभी प्रखंड़, नगर पंचायत व परिषद कार्यालयों के समक्ष हल्ला बोल कार्यक्रम रखा है। राजकुमार मेहता ने कहा कि कोडरमा के मूल रोजी-रोटी माइका, ढिबरा, पत्थर, क्रशर उद्योग से क्षेत्र में गुलजार हुआ करता था क्षेत्र की अर्थव्यवस्था में सुधार हो रहा था। लेकिन, रोजगार हमारे क्षेत्र में मात्र 30 प्रतिशत ही रह गया है। कानूनी प्रक्रियाओं में सभी रोजगार को पेंच में फंसा दिया गया है। फिर से उस रौनक को लौटाने के लिए कोडरमा को एक हूल की दरकार है। कार्यक्रम में जिला सचिव प्रकाश कुमार, अंबुजा पटेल, विकास, शंभू, विक्की विश्वकर्मा उपस्थित थे।

## हूल दिवस पर डीसी-एसपी ने सिदो-कान्हू की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**आज के दिन ही अंग्रेजों की दमनकारी नीतियों के खिलाफ जंग का बिगुल फूंका गया था : डीसी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** हूल दिवस के अवसर पर डीसी नैंसी सहाय और एसपी अरविंद कुमार सिंह ने पीडब्ल्यूडी चौक अवस्थित सिद्धू कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके बलिदानों को याद किया। इस दौरान अपर समाहर्ता संतोष कुमार सिंह और प्रशिक्षु आईएएस लोकेश बारंगे भी मौजूद रहे। डीसी ने कहा कि आदिवासी समाज, सभ्यता और अस्मिता के अस्तित्व की लड़ाई को लेकर सिद्धू-कान्हू और चांद-भैरव के योगदानों को हमेशा याद रखा जायेगा। 30 जून 1855 को मौजूदा साहेबगंज जिले के भोगनाडीह गांव में वीर सिदो-कान्हो और चांद-भैरव के नेतृत्व में 400 गांवों के लगभग 50000 लोगों ने अंग्रेजों की दमनकारी नीतियों के खिलाफ जंग का बिगुल फूंका था। उनके कुर्बानी को नमन कर हम आज हूल दिवस मनाते हैं। एसपी अरविंद कुमार सिंह ने कहा की आज के दिन ही सिद्धू कान्हू ने अंग्रेजों के खिलाफ उलगुलान किया था। यह दिन हमसबों के लिए आजादी की लड़ाई को याद करने का दिन है। साथ ही देश के स्वतंत्रता के लिए जिन्होंने प्राणों की आहुति दी उन्हे नमन करने का भी दिन है। मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता बटेश्वर मेहता, हर्ष अजमेरा, रमेश हेंब्रम, महेंद्र बेक, कांग्रेस नेत्री रेणु कुमारी, विशाल बाल्मिकी समेत कई उपस्थित थे।

## भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद ने केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ से की शिष्टाचार मुलाकात



हजारीबाग(आजाद सिपाही)। भाजपा नेता सह समाजसेवी प्रदीप प्रसाद ने रांची मे केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान प्रदीप प्रसाद ने पौधा भेट किया। इसके उपरांत संजय सेठ को प्रदीप प्रसाद ने सदर विधानसभा क्षेत्र में चल रही पौधारोपण मुहिम को विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने बताया कि 1 लाख पौधा सदर विधानसभा क्षेत्र में लगाने का लक्ष्य है। इसी लक्ष्य को लेकर लगातार कार्य चल रहा है, जिसमें छात्र-छात्राओं के साथ महिलाएं एवं बुजुर्गों का भी विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है। साथ ही प्रदीप प्रसाद ने उन्हें हजारीबाग आने का न्योता दिया। वही हजारीबाग की सुंदर वादियों में भ्रमण करने का विशेष आग्रह किया। सभी बातों को ध्यान पूर्वक सुनने के उपरांत संजय सेठ ने प्रदीप प्रसाद के इस मुहिम की सराहना करते हुए कहा कि यह मुहिम अवश्य सफल होगी, भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी मन की बात कार्यक्रम में एक पौधा मां के नाम लगाने का आग्रह किया है।

## अस्पताल पहुंचकर क्षेत्रवासियों से विधायक ने की मुलाकात



बड़कागांव (आजाद सिपाही)। शनिवार देर शाम को विधायक अंबा प्रसाद ने बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के तलसवार निमियाटोला निवासी निरोज करमाली से अस्पताल पहुंचकर मुलाकात की। निरोज करमाली विगत दिनों जरजरा में दुर्घटनाग्रस्त हो गये थे। वह वर्तमान में गांधी नगर हॉस्पिटल में इलाजरत है, विधायक ने उनसे मुलाकात कर उनका कुशल छेम जाना। इस दौरान जिला परिषद प्रतिनिधि दीपक करमाली भी मौजूद रहे। वहीं चोपदार बलिया निवासी दशरथ चौधरी लिवर रोग से ग्रसित है और रांची के मेदांता अस्पताल में भर्ती हैं, विधायक ने उनसे भी मुलाकात की और उनका कुशलक्षेम जाना। विधायक अंबा प्रसाद ने उक्त दोनों लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

## नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय सह छात्रावास का शिलान्यास



कोडरमा (आजाद सिपाही)। रविवार को लोकाई पंचायत अंतर्गत नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय सह छात्रावास, कोडरमा का शिलान्यास डॉ नीरा यादव, कोडरमा विधायक, जिप अध्यक्ष रामधन यादव और उपायुक्त मेधा भारद्वाज के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इनके द्वारा निर्धारित समयानुसार गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करने का निदेश दिया गया। यह विद्यालय तत्काल डोमचांच प्रखंड के उत्क्रमित कन्या मध्य विद्यालय, डोमचांच में संचालित है। जहां कुल-160 छात्र नामांकित है, जिसमें कक्षा एक से सात तक 100 और कक्षा 9 और 10 में 60 गरीब छात्र जो पूर्ण अनाथ, एकल अनाथ और ढिबरा चुनने वाले छात्र अध्ययनरत है। इस कार्यक्रम में जिला शिक्षा पदाधिकारी अजय कुमार, विद्यालय वार्डेन अनुराधा कुमार सिन्हा, विद्यालय वार्डेन और मंडल प्रभारी वार्डेन संतोष कुमार उपस्थित थे।

## सहिया ने चिकित्सा पदाधिकारी पर लगाया आरोप, सौंपा ज्ञापन



कोडरमा (आजाद सिपाही)। सतगावां की कुछ सहिया ने उपायुक्त को ज्ञान सौंपकर सतगावां के पूर्व प्रभारी डॉ सत्य नारायण भकत के द्वारा दुव्यवहार करने, सहियाओं का प्रोत्साहन राशि नही देने तथा इलाज करने से कोताही करने का आरोप लगाया है। ज्ञापन में कहा है कि सत्यनारायण भकत के द्वारा दबाव से हम ग्रामीणों को आयुष्समान से इलाज कराने हेतु सीएचसी लाए, उनका इलाज करवाए पर आज तक उनका प्रोत्साहन राशि नही दिया गया। जबसे उन्हें प्रभारी से हटाया गया उसी समय से ग्रामीणों को इलाज के लिए लाने पर अनाप सनाप बोलकर भर्ती करने से इनकार करते हैं। सेलाइन चढाने से किडनी खराब हो जायेगा यह कहकर ग्रामीणों को हम सभी के खिलाफ भड़का देते हैं। हम सभी सहियाओ का पैसा, लाभुक माता का पैसा भी काफी बकाया रखा गया है। कहने पर हम सभी को डाट फटकार के हटा देने की धमकी देते है। आउटसोंस कर्मचारी को क्वार्टर देकर रखे हुए है। ज्ञापन में चिकित्सा पदाधिकारी को जनहित मे सतगावां से अविलंब हटाने की मांग की गयी है। आवेदन पर सुनीता देवी, जयमाला देवी, सरोनी देवी, गीता देवी, गीता देवी आदि के हस्ताक्षर हैं।

## किसान बेरोजगार विस्थापित प्रभावित कल्याण समिति की बैठक संपन्न

केरेडारी(आजाद सिपाही)। किसान बेरोजगार विस्थापित प्रभावित कल्याण समिति की बैठक रविवार को पंचायत भवन परिसर में आयोजित की गयी। जिसकी अध्यक्षता मुखिया प्रतिनिधि गुरुदयाल साहू,संचालन पंसस अरविंद साहू ने किया। इस बैठक का मुख्य उद्देशय चट्टी बरियातू से चलने वाली कोल वाहन से कोयला ढुलाई नयी वैकल्पिक सड़क मार्ग से शुरूआत किया जाना। बैठक में निर्णय लिया गया कि वैकल्पिक सड़क मार्ग से 100 मीटर से 200 मीटर प्राथमिकता के आधार पर किसान की भूमि प्रदूषण से फसल बर्बाद होगी, जिसकी मुआवजा तय एनटीपीसी प्रबंधन निरीक्षण कर करें। तथा कोयला ढुलाई में जुडी ट्रांसपोर्टिंग कार्य में लगी कंपनियो से प्रदूषण से मिल रही क्षति पूर्ति की राशि को एक मजबूत प्रणाली बनाकर क्रमशः रैयतों किसानो को दिया जाये समेत कई बिषयों पर निर्णय ली गयी। वहीं अध्यक्षता कर रहे गुरुदयाल साव ने कहा कि कंपनिया लोगों के बीच आकर कई लोभ लालच देकर आपस में तोडने का काम करती है। इसलिए एक गांव पंचायत एक समिति में रहने की लोगो से अपील किया तथा आपस में टकराव की स्थिति से बचने की अपील किया। वहीं उप मुखिया लक्ष्मण साहू ने कहा कि इंडस्ट्री आने से कई तरह की संघर्ष उतपन्न हुई है। इस खाई को हम सभी मिलकर पाटने की कोशिश कर सतत पंचायत में विकास का काम करने कार्य किया जायेगा बताया। वहीं बुद्धिजीवी भाजपा नेता प्रीतम साहू ने कहा कि किसी भी समिति को चलाने के लिये संविधान की जरूरत होगी। इसके लिये नये सिरे से नियमावली बनाकर शसक्त समिति का गठन कर पंचायत को मजबूत किया जाये। इस मौके पर उप मुखिया लक्ष्मण साहू, राजेंद्र साहू, विचार सिंह, अनुज सिंह, पूर्व मुखिया रेशमा प्रवीण, रामेश्वर साहू, सुभान अंसारी, युसूफ मियां, अमित गुप्ता, सुनील साव, शत्रुध्न साहू, चितरंजन साव, राजू साहू, नारायण यादव, शकुंती देवी, राधा देवी, कबूतरी, मंजू, बबिता, नरेश, बिनोद, प्रकाश, राजकुमार, महावीर, बबन, भोला साव, रविंद्र समेत सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## चौपारण की पहचान अब भगवान जगन्नाथ मंदिर, रथ यात्रा के रूप में होगी: सुनील सिंह

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य के हजारीबाग जिले अंतर्गत जीटी रोड चौपारण स्थित सियरकोनी में भगवान श्री जगन्नाथ की रथ यात्रा महोत्सव की भव्य तैयारियां जोरो से की जा रही है। आयोजक रथ यात्रा को लेकर जोर शोर से प्रचार प्रसार कर अतिथियों को आमंत्रित कर रहे हैं। इस निमित्त राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने बताया कि इस रथ यात्रा की शुरूआत इस्कॉन से जुड़े भक्ति वेदांता और गुरूकुल के संस्थापक सह संचालक डॉ केशवानंद प्रभु, उज्जवल शखा प्रभु की अगुवाई में 20 जून 2023 को पहले भगवान श्री जगन्नाथ की पांच दिवसीय रथ यात्रा की आयोजन कर किया गया था। रथ यात्रा की रथ की तैयारी इस्कॉन मुख्यालय मायापुर पश्चिम बंगाल से आये कारीगरों के दल द्वारा तैयार किया गया था। उक्त रथ में हाइड्रोलिक इस्तेमाल किया गया था, ताकि जरूरत के हिसाब से ऊंचाई कम या अधिक किया जा सके। उक्त रथ यात्रा में झारखंड के अलावे लगभग पांच देशों से लगभग 100 भक्तगण शामिल हुए थे। जो विदेशी श्रद्धालु आकर्षण के केंद्र बिंदु बने थे। इसी निमित्त 7 जुलाई 2024 को निकलने वाली भगवान श्री जगन्नाथ की रथ यात्रा को भव्य रूप देने में श्रद्धालु जुटे हैं। रथ यात्रा में भगवान जगन्नाथ उनके बड़े भाई बलराम और बहन सुभद्रा नगर भ्रमण कर भक्तों को दर्शन देंगे। सुनील सिंह ने कहा कि सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस बार भी झारखंड बिहार सीमावर्ती के अलावे पांच देशों के 100 से अधिक विदेशी भक्त शामिल होंगे, साथ हीं कोडरमा से कैबिनेट मंत्री अन्नपूर्णा देवी, हजारीबाग से सांसद मनीष जायसवाल और चतरा से सांसद कालीचरण सिंह को शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। इस दौरान विदेशी भक्तगण भक्ति में प्रस्तुति करेंगे। कई वीआईपी, विदेशी मेहमान, मंत्री सांसद रथ यात्रा में आमजनों के साथ मिलकर रथ यात्रा की शोभा बढ़ायेंगे। इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि मुझे अत्यंत हर्ष हो रहा है कि जिस चौपारण से प्रभु श्री जगन्नाथ की रथ यात्रा महोत्सव की शुभारंभ हो रही है, संयोग से उक्त स्थान मेरा जन्मस्थली व कर्मस्थली रहा है। अभी वर्तमान में मैं रांची निवासी हूं और समाज व राष्ट्र के लिए सामाजिक व धार्मिक कार्य हेतु सेवारत हूं। ऐसे में उक्त आयोजन सुनकर मन प्रफुल्लित हो उठता है। लग रहा है की पुरीधाम के प्रभु श्री जगन्नाथ रथयात्रा के बाद रांची प्रभु श्री जगन्नाथ रथयात्रा और अब जीटी रोड सियरकोनी, चौपारण में भगवान श्री जगन्नाथ की रथयात्रा महोत्सव की शुरूवात होने से अपने को बहुत हीं भाग्यशाली समझ रहा हूं, व गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। इस पुनीत धार्मिक कार्य के लिए श्री भगवान जगन्नाथ मंदिर निर्माण हेतु भूमिदाता, प्रतिष्ठित व्यवसायी सह समाजसेवी संजय सिंह, पूर्व विधायक मनोज यादव, बुंदेला समाज के प्रतिष्ठित समाजसेवी बाबू हरिश्चंद्र प्रसाद सिंह, प्रतिष्ठित व्यवसायी सह समाजसेवी प्रभात सिंह, विनोद सिंह सहित वरिष्ठ समाजसेवीगण, सनातनप्रेमीगनों का योगदान सराहनीय है। विशेष कर मंदिर संस्थापक डॉक्टर केशवानंद प्रभु के साथ मंदिर निर्माण हेतु भूमिदाता संजय सिंह का योगदान उत्कृष्ट दिख रहा है। जिनके इस पुनीत कार्य के प्रयास के कारण उनके नाम के साथ उक्त स्थान का नाम भी ऐतिहासिक रूप से दर्ज किया जायेगा।

## सतगावां में मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा संपन्न

सतगावां(आजाद सिपाही)। प्रखंड में रविवार को मुख्यमंत्री मेघा छात्रवृत्ति परीक्षा संपन्न हुई। प्लस टू उच्च विद्यालय बासोडिह में 800 छात्र में 400 छात्र उपस्थिति हुआ, एम एस बासोडीह में 288 छात्र में 210 छात्र उपस्थित हुए जबकि एम एस कलीडीह में भी 288 में 210 छात्र उपस्थिति हुए। तीनों सेंटर की देख रेख प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी शेख शकील अहमद ने की। प्लश टू उच्च विद्यालय बासोडीह वहीं केंद्र अधीक्षक अवधेश पांडे, एम एस बासोडीह केंद्र अधीक्षक सुशील कुमार मिश्र, एम एस कलीडीह केंद्र अधीक्षक एमडी शाहिद शालीम थे। विक्षक के रूप में हेमंत, धर्मवीर गुप्ता, दीपक साव, राजेश कर्ममाली, राजेश, अजीत, अखिलेश शुक्ला, बीआरसी से बीआरपी एमडी शहजाद आलम, शिक्षक सुजीत, अनुसेवक विनोद , जवाहर अकेला उपस्थित थे।

## भाजपा नेत्री ने लुपूंग पंचायत का किया दौरा, सुनी जनसमस्याएं, दिया आश्वासन

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** सदर विधानसभा क्षेत्र के लुपूंग पंचायत में भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने रविवार को सघन दौरा किया। ग्रामीणों से मिलकर राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन, विकलांग पेंशन और विधवा पेंशन सहित कई जनसमस्याएं सुनी। इस दौरान लुपूंग पंचायत स्थित बीएम स्कूल में संकलन कैंप लगाकर ग्रामीणों की केंद्रीय योजनाओं से संबंधित समस्याओं पर आवेदन प्राप्त किया। आवेदन प्राप्त कर जल्द समाधान करने का ग्रामीणों को भरोसा दिया। वही लुपूंग पंचायत वासियों ने केंद्रीय योजनाओं के लिए संकलन कैंप लगाकर समास्याओं की सुनने व जानने पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता का कृतज्ञ व्यक्त किया।

इस दौरान ग्रामीणों की हर समास्याओं का हर संभव निराकरण करने का आश्वासन दिया। वहीं कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सामुहिक रूप से सुना गया।

मौके पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने कहा कि केंद्रीय योजनाओं से जरूरतमंद परिवारों को जोड़ने के लिए संकल्पबद्ध हूं। हमारी कोशिश है कि हर जरूरतमंद को योजनाओं से जोडकर उनको लाभ दिलाना है। ताकि विकसित भारत की संकल्पना को साकार हो सके। मौके पर विशेष रूप से किशोरी राणा, जीवन प्रसाद मेहता, मनमीत अकेला, अमन शुक्ला, रानी शुक्ला, वाजीर मेहता, सुदर्शन देव सिंह, दीपक मेहता, दिलीप राम और प्रदीप मेहता सहित कई गणमान्य लोग शामिल थे।

### शेफाली गुप्ता ने किया किसान कार्यक्रम में शिरकत

**हजारीबाग।** बाझा पंचायत भवन में नॉडल पैक्स, बाझा द्वारा आयोजित खरीफ फसल 2024-25 बीज वितरण कार्यक्रम में भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुईं। उन्होंने किसानों को 50% अनुदानित दर पर बीज वितरण की सराहना की और इसे किसानों की आय बढ़ाने व रोजगार सृजन के लिए महत्वपूर्ण पहल बताया। इस अवसर पर पैक्स अध्यक्ष सरिता देवी समेत कई उपस्थित थे। मौके पर विशेष रूप से पैक्स अध्यक्ष सरिता देवी, रानी शुक्ला, किशोरी राणा, मनोरमा राणा, कृषक मित्र चंद्रदेव सिंह, आनंद कुमार और श्याम सहित कई लोग शामिल रहे।

## क्षेत्र की समस्या को लेकर जिप सदस्य साइकिल से पीएम से मिलने दिल्ली हुए रवाना

# टाटीझरिया प्रखंड भ्रष्टाचार से लिप्त है, कोई अधिकारी किसी की नहीं सुनता, जिससे मैं क्षुब्ध हूं : रामप्रसाद

आजाद सिपाही संवाददाता



**टाटीझरिया ( आजाद सिपाही )।** क्षेत्र में बढते भ्रष्टाचार को हटाने को लेकर प्रखंड के जिप सदस्य रामप्रसाद उर्फ कंपनी प्रधानमंत्री से मिलने का मन बना चुके है, जिसके लिए रविवार को सुबह ही झरपो गांव भ्रमण करते हुए दिल्ली के लिए रवाना हो गये। झरपो में उपप्रमुख रवि वर्णवाल, महेश अग्रवाल, सुरेंद्र कुमार राणा, मुकेश कुमार, छक्कन पांडेय, रामविलास शर्मा, अजय कुमार, संजय पांडे, शानू पंडा समेत अन्य के द्वारा माला पहना कर रवाना किया।

जिला परिषद सदस्य रामप्रसाद ने कहा कि प्रखंड सह अंचल कार्यालय, थाना, जिला से लेकर राज्य तक भ्रष्टाचार फैला हुआ है। यह भ्रष्टाचार को मिटाने के लिए प्रधानमंत्री से गुहार लगायेंगे। अगर भ्रष्टाचार नहीं हटेगा, तो हम जैसे प्रतिनिधि को पद में रहने का कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने ने कहा कि जिस उम्मीद से जनता ने मेरे जैसे आदमी को जिप सदस्य बनाया है, उस पर में खरा नहीं उतर पाया हूं। जिस भी कार्यालय में जाता हूं बिना पैसा का कार्य नहीं होता है।

प्रखंड सह अंचल कार्यालय जन्म प्रमाण पत्र, दाखिल खारिज, ओबीसी, आवासीय, जातीय प्रमाण पत्र लंबित 1 वर्ष और कोई छह माह से लंबित है। कहने पर भी कोई अधिकारी नहीं सुनता है। इसलिए प्रखंड की समस्या लेकर मैं झरपो से हजारीबाग, बरही होते हुए दिल्ली के लिए पीएम नरेंद्र मोदी से मिलकर समस्या को रखेंगे।






# पूर्वजों के संघर्ष और बलिदान का परिणाम है कि आदिवासी-मूलवासी सुरक्षित हैं : चंपाई सोरेन

## राज्य सरकार की योजनाएं घर-घर तक पहुंच रही हैं

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भोगनाडीह।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा है कि 1855 में आज ही के दिन भोगनाडीह से अमर वीर शहीद सिदो-कान्हू के नेतृत्व में आदिवासियों ने अन्याय, शोषण और ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ बिगुल फूंका था। आज पूरा देश अपने इन महानायकों को नमन कर रहा है। यह प्रेरणा दिवस है। हम सभी अपने अमर शहीद सिदो कान्हू, चांद-भैरव और फूलो -झानो के इतिहास, संघर्ष और बलिदान से प्रेरणा लेकर अपने समाज और राज्य को मजबूत बनाने का संकल्प लें। उनके आदर्शों के अनुरूप झारखंड को संवारना ही उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मुख्यमंत्री रविवार को हूल दिवस के अवसर पर अमर वीर शहीद सिदो- कान्हू की पावन धरती पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड वीरों और शहीदों की धरती है। इस प्रदेश के कोने-कोने से अनेकों महानायक निकले हैं, जिन्होंने अन्याय -शोषण तथा गुलामी को स्वीकार नहीं किया। उन्होंने अपनी भाषा, संस्कृति, परंपरा, सभ्यता और जल, जंगल, जमीन बचाये रखने के लिए लंबा संघर्ष किया। ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ उलगुलान कर अंग्रेजों की जड़ें हिला दीं। अपने संकल्प पर अडिग रहते हुए शहीद हो गये। इन पूर्वजों के बलिदान का परिणाम है कि आज आदिवासी-मूलवासी सुरक्षित हैं।

**आर्थिक-सामाजिक और शैक्षणिक दृष्टिकोण से राज्य को कर रहे मजबूत :** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड तभी आगे बढ़ेगा, जब यहां की आर्थिक सामाजिक और शैक्षणिक व्यवस्था मजबूत होगी। इसी सोच के साथ हमारी सरकार कार्य कर रही है। आदिवासियों मूलवासियों, गरीबों, मजदूरों, दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों को सशक्त बना रहें हैं। अपनी इन व्यवस्थाओं को मजबूत कर ही हम राज्य को नयी दिशा और दशा दे सकते हैं।

**यहां के खनिज संसाधनों पर आदिवासियों मूलवासियों का पहला अधिकार :** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में खनिज और प्राकृतिक संसाधनों की प्रचुरता है। इस लिहाज से झारखंड काफी धनी है, लेकिन यहां के लोग आज भी गरीब हैं। यहां के खनिज संसाधनों से दूसरे राज्य आगे बढ़ रहे हैं, लेकिन झारखंड पिछड़ा राज्य में ही गिना जाता है। अब इसमें बदलाव देखने को मिल रहा है। हमारी सरकार ने संकल्प लिया है कि झारखंड को विकसित राज्य बनाना है।

**हर क्षेत्र के लिए राज्य सरकार की हैं योजनाएं :** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार सरकार की अनेकों योजनाएं हैं, जिनका लाभ यहां के लोगों को मिल रहा है। चाहे शिक्षा का क्षेत्र हो या स्वास्थ्य, रोजगार, कृषि, सिंचाई, पशुपालन, उद्योग,खेल या और कोई सेक्टर हर किसी के लिए योजनाएं हैं। आप इन योजनाओं से जुड़ें और अपने को सशक्त बनाने के साथ राज्य के विकास में भागीदार बनें।

**ये रहे उपस्थित :** इस अवसर पर मंत्री बसंत सोरेन, सांसद विजय कुमार हांसदा, विधायक स्टीफन मरांडी, विधायक दीपिका पांडेय सिंह, विधायक कल्पना सोरेन, पूर्व मंत्री हेमलाल मुर्मू, जिला परिषद अध्यक्ष मोनिका किस्कू, प्रमंडलीय आयुक्त लालचंद डाडेल, पुलिस उप महानिरिक्षक संजीव कुमार और उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक समेत कई पदाधिकारी मौजूद थे।




### बदल रहा है झारखंड, प्रगति की राह पर बढ़ रहा आगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले साढ़े चार वर्षों में झारखंड में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। हमारी सरकार की नीतियों कार्यक्रमों और योजनाओं से राज्य विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। हमारी योजनाएं घर-घर तक पहुंच रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' अभियान के दौरान लाखों आवेदन हमें मिले। इन आवेदनों के माध्यम से हमें जनता की विभिन्न समस्याओं की पूरी गहराई से जानकारी मिली। लोगों की समस्याओं के आधार पर ही हम योजनाओं को बना रहे हैं, ताकि इसका लाभ हर किसी को मिल सके।

### अपनी अस्मिता और पहचान को खोने नहीं देंगे

इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्यवासियों को हूल दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि हम वर्षों से हूल दिवस मनाते चले आ रहे हैं। आज इस अवसर पर संकल्प लेकर राज्य के विकास में जो भी चुनौतियां सामने आयेंगी, उनका मुकाबला पूरी ताकत के साथ किया जायेगा। हमें अपने हक और अधिकार को हर हाल में लेना है और इसके खिलाफ साजिश रचनेवालों को जवाब देना है। हमें जल-जंगल और जमीन को हर हाल में बचाना है, क्योंकि इसी की खातिर हमारे पूर्वजों ने बलिदान दिया था। हम अपनी अस्मिता और पहचान को किसी कीमत पर मिटने नहीं देंगे।

### 396 योजनाओं की मिली सौगात

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 29026.745 लाख रुपये की कुल 396 योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया। इनमें 11284.854 लाख रुपये की 165 योजनाओं का उद्घाटन और 17741.731 लाख रुपये की 231 योजनाओं की आधारशिला रखी। इस मौके पर उन्होंने कुल 37212 लाभुकों के बीच 9289.745 लाख रुपये की परिसंपत्तियां बांटी।

---

# कल 1500 करोड़ की योजनाओं का सीएम करेंगे शिलान्यास-उद्घाटन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन 2 जुलाई को राज्यवासियों को 1500 करोड़ की योजनाओं की सौगात देंगे। इस अवसर पर जल संसाधन, पथ निर्माण विभाग, भवन निर्माण मंत्री बसंत सोरेन भी उपस्थित रहेंगे। उप राजधानी दुमका से योजनाओं का शिलान्यास-उद्घाटन होगा। इसका सबसे अधिक लाभ संताल के सभी छह जिलों को मिलेगा। इस दौरान कई महत्वपूर्ण सड़क-पुल और प्रखंड भवन सहित सिंचाई परियोजनाओं की सौगात मिलेगी। इनमें कई नयी योजनाएं भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री के इस कार्यक्रम को देखते हुए तीनों विभाग तैयारी कर रहे हैं। संबंधित जिला प्रशासन को भी इस संबंध में दिशा-निर्देश दिया गया है।

## मंत्री बसंत सोरेन आज प्रमंडलवार योजनाओं की करेंगे समीक्षा



**रांची (आजाद सिपाही)।** पथ निर्माण, जलसंसाधन मंत्री बसंत सोरेन प्रमंडलवार विभाग की योजनाओं की समीक्षा करेंगे। सबसे पहले संतालपरगना के सभी जिलों की योजनाओं की स्थिति की समीक्षा की जायेगी। यह बैठक 1 जुलाई को होगी। बसंत सोरेन उपराजधानी दुमका से यह समीक्षा बैठक करेंगे। इसमें सभी जिलों के डीसी, डीडीसी, इंजीनियर अधिकारी उपस्थित होंगे। समीक्षा बैठक में योजनाओं की स्थिति की जानकारी ली जायेगी। लंबित योजनाओं पर विशेष रूप से फोकस रखा जायेगा। संताल में समीक्षा के बाद हजारीबाग, रांची, पलामू, कोल्हान में संचालित योजनाओं की भी समीक्षा की जायेगी।

---

# भाकपा के राष्ट्रीय महासचिव ने हेमंत सोरेन से की मुलाकात

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाकपा के राष्ट्रीय महासचिव डी राजा सहित अन्य नेताओं ने रविवार को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। साथ ही जेल से पांच महीने के बाद बाहर आने पर उन्हें शुभकामना दीं। उन्होंने कहा कि संविधान और सच्चाई की जीत हुई है। भाजपा के मंसूबों पर चोट हुई है। हेमंत सोरेन के बाहर आने से इंडी ब्लॉक मजबूत हुआ है और आने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा को हराने के लिए एकजुट होकर चुनाव लड़ने का संकल्प लें। मुलाकात करने वाले नेताओं में पीके पांडेय, महेंद्र पाठक, अजय सिंह, केडी सिंह, कलम रशीदी और पुष्कर महतो सहित अन्य शामिल थे।



---

# शहीदों को सम्मान देनेवाली वाली पार्टी है झामुमो: अश्विनी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** हूल दिवस पर झारखंड मुक्ति मोर्चा रांची जिला समिति ने रविवार को कांके रोड स्थित सिदो कान्हू पार्क में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। झामुमो जिला उपाध्यक्ष अश्विनी शर्मा ने कहा कि झारखंड के तमाम शहीदों को सम्मान और शहीद के परिजनों की सुध लेने वाली पार्टी एक मात्र झामुमो ही है। हेमंत सोरेन के नेतृत्व में हूल क्रांति के महानायकों, शहीदों और शहीदों के परिजनों की सुध ली गयी।

सभी शहीद स्थलों का सौंदर्यीकरण किया गया। छूटे हुए शहीद स्थलों को सौंदर्यीकरण करने के लिए मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन अग्रसर हैं। कार्यक्रम में जिला सचिव डॉ हेमलाल कुमार मेहता हेमू, केंद्रीय सदस्य समनुर मंसुरी, जिला उपाध्यक्ष जनक नायक, रामानंद बेदिया, कलाम आजाद, डॉ तालकेश्वर महतो सहित अन्य शामिल थे।

---

# हूल क्रांति: एक नजर में



झारखंड के साहिबगंज जिले में भोगनाडीह एक छोटा सा गांव है। हर साल की तरह इस बार भी 30 जून को इस गांव में पंचकठिया नामक जगह पर बरगद के विशाल पेड़ के नीचे हजारों लोग इकट्ठा हुए। बरगद का यह ऐतिहासिक पेड़ अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ पहली जनक्रांति संथाल हूल, जिसे अंग्रेजों ने संथाल विद्रोह की संज्ञा दी, की याद दिलाता है। संथाल हूल के जरिये 169 साल पहले 30 जून 1855 को हजारों आदिवासियों ने अंग्रेजों के खिलाफ क्रांति का बिगुल फूंका था। इतिहासकार इसे क्रांति नहीं युद्ध कहना ज्यादा उचित समझते हैं। इस जनक्रांति ने ब्रिटिश शासन की नींव हिला दी थी। तभी से यह तारीख 'हूल दिवस' के रूप में मनायी जाती है। भारतीय इतिहास की ज्यादातर पुस्तकों में आजादी की पहली लड़ाई के तौर पर 1857 के संग्राम का जिक्र किया गया है, लेकिन शोधकर्ताओं और जनजातीय इतिहास के विद्वानों के एक बड़े समूह का कहना है कि 30 जून 1855 को झारखंड के भोगनाडीह से शुरू हुआ 'हूल' ही देश का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम था। आदिवासी इस दिन को अपने संघर्ष और अंग्रेजों के द्वारा मारे गये अपने 20000 साथियों की याद में मनाते हैं। भोगनाडीह गांव में चुनका मुर्मू के घर जन्मे चार भाइयों सिदो, कान्हू, चांद और भैरव और दो बहनें फूलो एवं झानो ने साथ मिल कर 1853 से 1856 तक संथाल हूल नामक आंदोलन चलाया, जो अंग्रेजी साम्राज्य के खिलाफ पहली लड़ाई थी। जर्मनी के समकालीन चिंतक कार्ल मार्क्स ने अपनी पुस्तक 'नोट्स ऑफ इंडियन हिस्ट्री' में जून 1855 की संथाल क्रांति को भारत की पहली जनक्रांति की संज्ञा दी है। इस दिन 400 गांवों के 50000 लोगों ने साहिबगंज के भोगनाडीह गांव पहुंच कर अंग्रेजों से आमने-सामने की जंग का एलान कर दिया। आदिवासी भाइयों सिदो-कान्हू और चांद-भैरव के नेतृत्व में तब संथालों ने मालगुजारी नहीं देने और अंग्रेज हमारी माटी छोड़ो का जोर-शोर से एलान किया। अंग्रेजों ने तब संथाल विद्रोहियों से घबरा कर उनका दमन प्रारंभ किया। इसकी प्रतिक्रिया में आदिवासियों ने अंग्रेजी सरकार की ओर से आये जमींदारों और सिपाहियों को मौत के घाट उतार दिया। तब आदिवासियों को सबक सिखाने के लिए अंग्रेजों ने क्रूरता की सारी हदें पार कर दीं। चांद और भैरव को अंग्रेजों ने मार डाला। इसके बाद सिदो और कान्हू को भोगनाडीह में ही पेड़ से लटका कर 26 जुलाई 1855 को फांसी दे दी गयी। संथाल की माटी के इन्हीं शहीदों की याद में हर साल 30 जून को हूल दिवस मनाया जाता है।

---

### रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ को किया गया सम्मानित

# विकास योजनाओं को शीघ्र पूरा किया जायेगा: संजय सेठ

## एक पेड़ मां के नाम पर अवश्य लगायें

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** नयी दिशा के तत्वावधान में लालपुर व्यवसायी समिति की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ का अभिनंदन किया गया। सभागार में संजय सेठ के आगमन पर पुष्पों की वर्षा की गयी। स्वागत भाषण लालपुर व्यवसायी समिति के अध्यक्ष निरंजन शर्मा ने दिया। कार्यक्रम संयोजक मुकेश काबरा ने कहा कि संजय सेठ को रक्षा राज्य मंत्री का विशिष्ट स्थान मिलना पूरे झारखंड के लिए गौरव की बात है। समारोह में रांची गोशाला न्यास समिति, अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन, जेसीआइ उड़ान, रांची गुजराती संघ, राउंड टेबल, कॉसमॉस क्लब, झारखंड थोक वस्त्र विक्रेता संघ, रांची जिला दुर्गा पूजा समिति, झारखंड टिंबर ट्रेडर्स एसोसिएशन, रांची कैटल फीड, लायंस क्लब, वसुधा कल्याण सहित 40 से भी अधिक सामाजिक-व्यवसायिक, धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने संजय सेठ को सम्मानित किया। सांसद संजय सेठ ने कहा कि सबों से मिले स्नेह और सम्मान से अभिभूत हूं। ईश्वर ने जब तक जीवन दिया है, निःस्वार्थ भाव से समाज का कार्य करता रहूंगा। जितनी भी विकास की योजनाएं हैं, उसे शीघ्र ही पूरा किया जायेगा। उन्होंने विभिन्न रेल परियोजनाओं के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि रांची की सभी रेल योजनाओं का कार्य और विस्तार शीघ्र पूरा कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि जलवायु को बचाने के लिए प्रधानमंत्री के आवाह्न पर एक पेड़ मां के नाम पर सभी को एक पेड़ लगाने की अपील की। कार्यक्रम में संजय सर्राफ, अमित चौधरी, मनीष लोधा, श्रीराम शर्मा, मनोज कुमार, विष्णु प्रसाद, मनोज गुप्ता, संजीव विजयवर्गीय, चंद्रकांत रायपत, ऐश्वर्य सेठ, अशोक चौधरी, वासुदेव भल्ला समेत अन्य उपस्थित थे।

---

# कांग्रेस ने हूल दिवस पर सिदो-कान्हू को अर्पित किया श्रद्धासुमन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस ने रविवार को हूल क्रांति दिवस पर सिदो-कान्हू पार्क में संथाल हूल के अमर नायक सिदो-कान्हू की प्रतिमा और कांग्रेस भवन में उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किये। मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि झारखंड के महान सपूत सिदो-कान्हू और चांद-भैरव ने 150 वर्ष पूर्व अंग्रेजों के शोषण और अत्याचार के खिलाफ स्वाभिमान के लिए संघर्ष का बिगुल फूंका था। यह आंदोलन 1857 के स्वतंत्रता आंदोलन की पृष्ठभूमि थी। यह सबसे अधिक संगठित और सशक्त आंदोलन था, जिसमें संथाली अपनी मातृभूमि की खातिर कुर्बान होने को तैयार हो गये। एक छोटे से गांव से शुरू हुए हूल से पूरे संताल में ऊर्जा का संचार हुआ, जिसने तत्कालीन अंग्रेज सरकार की नींद उड़ा दी थी। उन्होंने कहा कि झारखंडवासियों को उन महान सपूतों के त्याग बलिदान से प्रेरणा लेकर झारखंड राज्य को विकास के पथ पर आगे बढ़ाते हुए समृद्ध और विकसित राज्य बनाने का संकल्प लेना होगा। इस मौके पर महासचिव अमूल नीरज खलखो, मदन मोहन शर्मा, सतीश पाल मुंजनी, सोनल शांति, गजेंद्र सिंह, कमल ठाकुर, रमा खलखो, गौतम उपाध्याय, राकेश किरण महतो, अजय सिंह, एनुल हक, रमेश पांडेय, चंदन बैठा, मनोज कुमार महतो, गुलजार अहमद, सुरेन राम समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

---

# बढ़ते भारत-बदलते भारत की गाथा है मन की बात: बाबूलाल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात के 111वें संस्करण का प्रसारण रविवार को हुआ। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी सहित पार्टी के सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मन की बात को अपने-अपने बूथ क्षेत्रों में सुना।

प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने संताल परगना प्रवास के दौरान शिकारीपाड़ा के पलमा में कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम को सुना। मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री का यह संबोधन कार्यक्रम आम जनता से जुड़ाव का अनूठा कार्यक्रम है। विश्व के किसी राजनेता के द्वारा प्रति माह जनता से ऐसा प्रत्यक्ष संवाद नहीं होता। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा। मन की बात कार्यक्रम बढ़ते भारत, बदलते भारत की गाथा है। मरांडी ने कहा कि देश सकारात्मक बदलाव की ओर बढ़ रहा। भारत का सांस्कृतिक गौरव बढ़ रहा है। दुनिया का भारत के प्रति दृष्टिकोण में सकारात्मक बदलाव आये हैं। उन्होंने हूल क्रांति और उसके महानायक सिदो-कान्हू से भारत की जनता को परिचित कराने के लिए आभार प्रकट किया।



गोंदा मंडल स्थित रॉक गार्डन बूथ पर मन की बात कार्यक्रम में शामिल हुए नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम भारत के सामर्थ्य और संस्कृति का संवाद है। उन्होंने कहा कि आज के 111वें संस्करण में विकसित भारत की सोच है। शहीदों की गाथाएं हैं। जनता का परिश्रम है। सांस्कृतिक विरासत है।

इसके अलावा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, मनोज कुमार सिंह सहित हजारों कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने बूथों पर मन की बात कार्यक्रम को सुना।

## सुनीता चौधरी ने शिक्षक-शिक्षिकाओं के बीच किया अनुदान राशि का वितरण



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** मुर्रामकला स्थित डिवाइन ओंकार मिशन हाई स्कूल प्रबंध समिति की बैठक रविवार को हुई। बैठक में मुख्य रूप से स्थानीय विधायक सुनीता चौधरी शामिल होकर राज्य सरकार से प्राप्त अनुदान राशि का चेक शिक्षक-शिक्षिकाओं के बीच वितरण किया। अनुदान राशि के चेक वितरण के बाद शिक्षकों ने बताया कि पिछले वर्ष प्रबंध समिति की बैठक में क्षेत्रीय भाषा को बढ़ावा देने के लिए स्कूल में खोरठा की पढ़ाई शुरू करने के लिए सुझाव दिया था। जिसे स्कूल मैनेजमेंट कमेटी ने पूरा करते हुए स्कूल में खोरठा की पढ़ाई सत्र 2024 - 25 के लिए आरंभ कर दी है। जिसपर विधायक सुनीता चौधरी ने स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि क्षेत्रीय भाषा को बढ़ावा देने के लिए उनकी पहला हमेशा रहती है। वहीं शिक्षाविद वासुदेव महतो ने खोरठा की पढ़ाई शुरू किए जाने पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि पिछली बार स्थानीय भाषा को बढ़ावा देने के लिए पुरजोर समर्थन किया था। बैठक के दौरान स्कूल मैनेजमेंट कमेटी ने विधायक सुनीता चौधरी से एक मास्क लाइट स्कूल परिसर में लगवाने का आग्रह किया। बैठक में सुजीत कुमार, अनुपमा सिंह, नीरज मंडल अरुण बनर्जी संजय बनारसी के अलावे डिवाइन ओंकार मिशन के प्रचार्य मुकुंद कुमार, उप प्राचार्य अनीता निर्मला सहित कई शिक्षक शामिल थे।

## ग्राम देवताओं की पूजा को लेकर कमेटी का गठन



**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत कुंदरु कला पंचायत के नौवा बगीचा में ग्राम देवताओं की पूजा करने को लेकर सैकड़ो ग्रामीणों की बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता कुंदरु कला पंचायत के मुखिया किसुन राम मुंडा ने किया। बैठक में ग्रामीणों द्वारा निर्णय लिया गया कि प्रत्येक हर 12 वर्ष में गांव के सभी सरना स्थल पर देवी देवताओं की विधि विधान से पूजा अर्चना की जाती रही है परंतु 20 वर्ष का लंबी अंतराल होने के कारण पूजा करने का निर्णय लिया गया। इस वर्ष 2024 को विधि विधान से ग्राम देवताओं की पूजा अर्चना की जायेगी। जिसमें मुख्यत: गांव देवती, सरना स्थल सहित दर्जनों जगह पूजा करने का निर्णय लिया गया। मौके पर अध्यक्ष मोहराय महतो, उपाध्यक्ष विनोद करमाली, सचिव मधेश्वरा महतो, सहसचिव उमाशंकर महतो, कोषाध्यक्ष नेवालाल महतो, अप को सड़क बुधन बेदिया, संरक्षक हीरालाल महतो के अलावे सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

## वाहन की चपेट में आने से दो युवकों की मौत

**चतरा (आजाद सिपाही)।** गिद्धौर थाना क्षेत्र के सलीमपुर मोड़ के समीप अज्ञात कोल वाहन ने बाईक चालक को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे इस दुर्घटना में बाईक सवार दो लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी । मृतक सदर थाना क्षेत्र के असढ़िया गांव का रहने वाला 28 वर्षीय रवि कुमार तथा 27 वर्षीय उपेंद्र कुमार बभने गांव का रहने वाला है । घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया । पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

## ग्रामीणों ने वन विभाग से सड़क किनारे खड़े पेड़ को हटाने की मांग की

**चतरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बघमरी गांव के समीप रविवार को अनियंत्रित कोल वाहन महुआ के पेड़ से जा टकराया। जिसमें वाहन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।जबकि चालक को मामूली चोट आई है। वाहन कटकमसांडी का बताया जा रहा है। बताया जाता है कि कोल वाहन रविवार को कटकमसांडी रेलवे डिपो के समीप कोयला खाली कर टंडवा लौट रहा था। इसी क्रम में रविवार के करीब 7 बजे सुबह थाना क्षेत्र के बघमरी गांव के समीप वाहन अनियंत्रित हो गई और पेड़ में जा टकरायी। खबर मिलते ही पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर घटना की विस्तृत जानकारी लिया । ज्ञात हो कि बघमरी गांव के समीप इस महुआ के पेड़ से करीब दो दर्जन कोल वाहन एवं कई बाइक चालक भी दुर्घटना के शिकार हो चुके हैं। जिसमें कई चालकों की जान जा चुकी है। वन विभाग से कई बार पेड़ हटाने की मांग की गई। परंतु अब तक विभाग द्वारा कोई पहल नहीं किया गया है। ग्रामीणों ने वन विभाग से पेड़ को हटाने की मांग किया है।

## पुल बनाने के लिए खोदे गये गड्ढे में पानी भर जाने से राहगीरों को परेशानी

**कुंदा/ चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के नवादा पंचायत भवन के समीप पक्की सड़क में पुल बनाने के लिए संवेदक द्वारा गड्ढे खोदकर छोड़ देने से दुर्घटना की संभावना बनी हुई है। प्रखंड मुख्यालय से जोड़ने वाली मुख्य पकवी सड़क के बीचों बीच में गड्ढा हो जाने के कारण बगल में वर्षा होने से पूरा रास्ता कीचड़ व पानी से भरा हुआ है जिससे वाहन चालकों को काफी परेशानी हो रही है। लोग जान जोखिम में डाल कर इस रास्ते से चल रहे है। ग्रामीणों ने उपायुक्त व सांसद से इस समस्या के समाधान करने की मांग किया है।

## आर्थिक नाकेबंदी के दूसरे दिन भाजपा ने सीओ को सौंपा मांग पत्र



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** उतरी कर्णपुरा एनटीपीसी पावर प्लांट से भाजपा पार्टी टंडवा प्रखंड के बैनर तले जीरो कट बिजली मुहैया कराने एवं नो एंट्री, दुर्घटना मुआवजा नीति निर्धारण को लेकर टंडवा में अनिश्चितकालीन के लिए आर्थिक नाकेबंदी का दूसरा दिन जारी है। नाके बंदी होने टंडवा के चहु ओर कोल वाहन की पहिया थम गया है। एनटीपीसी पावर प्लांट में 35 हजार टन कोयला की ढुलाई बंद हो गया है। इस आर्थिक नाके बंदी होने टंडवा में करोड़ो का प्रति दिन कमर्शियल व्यवसाय ठप हो गया है। इसको देखते हुये धरना स्थल पर टंडवा सीओ विजय कुमार दास धरना स्थल पर पहुंचे। मांगो को लेकर वार्ता करने की पहल किया। परंतु धरना के नेतृत्त्वकर्ता सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास ने कहा की नॉर्थ कर्णपुरा एनटीपीसी के बिजली उत्पादन के 25 प्रतिशत बिजली झारखंड सरकार को मिल रही है। फिर भी झारखंड सरकार आंदोलन करने पर मजबूर किया है। उन्होंने सीओ विजय कुमार दास को मांग पत्र सौपा गया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोगता,मंडल अध्यक्ष संजीव पांडेय,सुनील चौरासिया,रंजीत गुप्ता मौजूद रहें।

# झामुमो - कांग्रेस का चुनावी वादा अब तक धरातल पर नहीं दिखा : चंद्रप्रकाश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** राज्य सरकार की विफलताओं को लेकर जनता के बीच कार्यकर्ता जाए और उनकी नाकामी को उजागर करें, झामुमो और कांग्रेस ने जो पिछले चुनाव में वादा किया वह अब तक धरातल पर नही दिख रहा है। वोट लेने के लिए कांग्रेस हमेशा जनता को ठगने की काम करती है। उक्त बातें रविवार को आजसू पार्टी के जिला कार्यालय में आयोजित आजसू नगर परिषद और रामगढ़ ग्रामीण की बैठक को संबोधित करते हुए गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कही। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव की समीक्षात्मक बैठक कर वोट में कैसे और बेहतर हो सके वह कमी है, इस पर विचार विमर्श किया गया। उन्होंने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में हम सभी बेहतर काम कर सके इसकी तैयारी को लेकर सभी को निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार की नाकामी को लेकर प्रत्येक प्रखंड में हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम सभी संकल्पित होकर झारखंड में एक बार फिर एनडीए की सरकार बने इसके लिए तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने जनता को धोखा देने का काम किया है, पिछले चुनाव में सरकार ने जो वादा किया था वह आज तक पूरा नहीं हुआ है और यह विफलता को लेकर जनता के बीच जाएंगे। उन्होंने कहा कि रामगढ़ हमारी प्राथमिकता में है जहां से हम आगे बढ़े हैं वह प्राथमिकता में सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान प्रचार-प्रसार में जो कमी आई है उसे स्वीकार करते हैं। लेकिन उस कमी को दूर करने के लिए आप सभी जनता के बीच जाएं। राज्य में भ्रष्टाचार चरम पर है, दिनदहाड़े हत्या, चोरी, डकैती, की वारदातें घट रही है। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी व संचालन महासचिव अनुज तिवारी ने किया।




### संगठन के पिलर हैं चूल्हा प्रमुख : दिलीप दांगी

बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी ने पार्टी के नेता और कार्यकर्ताओं से आह्वान करते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी में अभी से जुट जाये। वर्तमान सरकार की नाकामी को को लेकर पार्टी द्वारा निर्देश को घर-घर पहुंचायें। उन्होंने कहा कि संगठन का पिलर है चूल्हा प्रमुख, आप सभी अपने दायित्व को जिस तरह 2019 के विधानसभा चुनाव में निभाया था उसी तरह 2024 के चुनाव में लग जाये।

**हूल दिवस पर झारखंड के शहीदों को चंद्रप्रकाश ने किया नमन :** हुल दिवस पर आजसू पार्टी के जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने झारखंड के शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया।

**बैठक में ये रहे उपस्थित :** बैठक जिप सदस्य धनेश्वर महतो, पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो, अमृतलाल मुंडा, किशुनराम मुंडा, जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र साव भोपाली, नगर अध्यक्ष अरुण अग्रवाल, सचिव नीरज मंडल, महेश करमाली, कलावती देवी, आशा देवी, पिंकी देवी, लाल बिहारी महतो, बिमल बुधिया, विभन सिंह, मुन्ना प्रसाद, पीयूष चौधरी, रोहित सोनी, राजेंद्र महतो आदि उपस्थित थे।

# अखिल भारतीय किसान सभा के सम्मेलन में 35 सदस्यीय कार्यकारिणी का गठन

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुरकुंडा।** अखिल भारतीय किसान सभा के दो दिवसीय चौथा राज्य सम्मेलन का रविवार को समापन हुआ। सर्वप्रथम सिद्धो-कान्हू और फुलो-झानो के प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित किया गया। वहीं रैली निकालकर नारे लगाए गए। मौके पर भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के महासचिव डी राजा उपस्थित थे। सम्मेलन के दूसरे दिन अखिल भारतीय किसान सभा के राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने कार्य रिपोर्ट एवं सांगठनिक रिपोर्ट प्रस्तुत किया। अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव डी राजा ने कहा कि आज भारत जैसे कृषि प्रधान देश में किसानों की हालत सबसे बदहाल है। लेकिन केंद्र की मोदी सरकार का इस ओर कोई ध्यान नहीं है, बल्कि तीन काला कृषि कानून के चलते हजारों देश के हजारों किसान शहीद भी हुए। वहीं किसान सभा के राज्य अध्यक्ष भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि झारखंड में भी किसानों की स्थिति खराब है। झारखंड राज्य में खेती किसानी के लिए किसानों के खेत में पानी पहुंचाने के लिए किसी सरकार ने अभी तक कोई काम नहीं किया है। यहां के किसान आज भी भगवान भरोसे खेती पर निर्भर है। विस्थापन से भी हजारों किसान बेघर हो गये हैं। लेकिन झारखंड सरकार ने अभी तक विस्थापन नीति नहीं बनायी है, जो चिंता का विषय है। अखिल भारतीय किसान सभा इसके लिए लागातार संघर्ष करेगा एवं किसानों के हक दिलाकर रहेंगा। मौके पर एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेंद्र कुमार ने कहा कि किसान और मजदूरों का संबंध साथ साथ हैं। झारखंड के किसान आज मजदूर होते जा रहे हैं खेती मंगही होते जा रहा है। लेकिन सरकार ने किसानों को राहत देने हेतु अभी तक कोई योजना नहीं बनायी। वहीं सर्व सहमति समिति से 35 सदस्य कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष भुनेश्वर प्रसाद मेहता, कार्यकारिणी अध्यक्ष केडी सिंह, वरीय उपाध्यक्ष जैनेंद्र, उपाध्यक्ष नेमन यादव अर्जुन कुमार, हेमकांत मांझी, महादेव राम, कोषाध्यक्ष जितेंद्र सिंह महासचिव पुष्कर महतो, उप महासचिव महेंद्र पाठक गणेश प्रसाद महतो, सोनिया देवी, अनिरूद्ध कुमार, विमणकांत घोष, उमेश सिंह सहित सदस्यों में जगदीश महतो, मुकुंद महतो, अमरूल, महेश बेसरा, मेवालाल प्रसाद, साबिर अंसारी, बीएन ओहदार, महेश सिंह चुने गये।



# वीर शहीदों के बताये मार्गों पर चलने की आवश्यकता : ब्रह्मदेव महतो

### आजसू पार्टी कार्यकर्ताओं ने दुलमी में हूल दिवस मनाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रजरप्पा।** दुलमी प्रखंड अंतर्गत आजसू पार्टी के प्रधान कार्यालय बुध बाजार सिरू में प्रखण्ड अध्यक्ष पंकज कुमार के अध्यक्षता में हुल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय सचिव ब्रह्मदेव महतो उपस्थित होकर वीर शहीदों के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए माल्यार्पण कर नमन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने बताया कि 30 जून का खास महत्व है। इसी दिन संताल धनुर्धारियों ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ पहले जंग का आगाज किया था। जिसे संताल विद्रोह या संताल हूल के नाम से याद किया जाता है। इतिहास के पन्नों में ऐसे सिपाही विद्रोह को आजादी की पहली लड़ाई माना जाता है। लेकिन सिपाही विद्रोह से दो साल पूर्व झारखंड के संतालपरगना में क्रांति की शुरूआत हुई। जल, जंगल, जमीन की रक्षा के साथ अंग्रेजी हुकूमत और महाजनों के शोषण और अत्याचार से तंग आकर वीर नायक सिद्धो, कान्हु,चांद-भैरव फूलो झानो एवं चानकू महतो के नेतृत्व में विद्रोह का एलान किया था। संताल विद्रोह को संताल हूल के नाम से जाना जाता है। संताली भाषा में हूल का शाब्दिक अर्थ विद्रोह है। जिसमें करीब 30 हजार से अधिक धनुर्धरों ने अपनी कुबार्नी दी थी।



पंकज ने कहा कि 30 जून, 1855 को भोगनाडीह गांव में पहुंचकर संताल विद्रोहियों ने अंग्रेजों से आमने-सामने की जंग का एलान करने के साथ मालगुजारी नहीं देने और अंग्रेज हमारी माटी छोड़ो का जोर-शोर से एलान किया था। तब विद्रोहियों को सबक सिखाने के लिए अंग्रेजों ने क्रूरता की सारी हदें पार कर दीं। चांद और भैरव को अंग्रेजों ने मार डाला। इसके बाद सिद्धो और कान्हु को भोगनाडीह में ही पेड़ से लटकाकर 26 जुलाई 1855 को फांसी दे दी गयी। संथाल की माटी के इन्हीं शहीदों की याद में हर साल 30 जून को हूल दिवस मनाया जाता है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष अखिलेश पिंगले प्रखण्ड सचिव, प्रखण्ड सचिव सुरेश पटेल, सुजीत महतो, कारू राम मिस्त्री, विनोद नायक, नेमधारि महतो, विक्की वर्मा, देवनंदन चौधरी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# झारखंड राज्य के किसान असंगठित हैं एकजुट होने की जरूरत : संतोष महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** रांची-हजारीबाग फोरलेन में स्थित पार्थ होटल के सभागार में रविवार को झारखंड किसान महासभा की बैठक रखा गया। बैठक में निकटवर्ती अगुवा किसानों का बैठक सह परिचर्चा आयोजित किया गया। बैठक में आगामी किसान महाजुटान को लेकर रणनीति बनायी गयी। बैठक की अध्यक्षता झारखण्ड किसान महासभा के अध्यक्ष राजू महतो ने किया। जबकि संचालन अशोक महतो और कपिल देव महतो ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में झारखण्ड में मिलेट खेती के विशेषज्ञ पंकज रॉय ने आधुनिक खेती के साथ साथ खेती आधारित उद्यमों के विकास और आम किसान के संयोजन के एजेंडे पर विस्तृत बात रखी और महासभा द्वारा हर संभव सहायता और प्रशिक्षण आदि के प्रक्रिया पर लोगों को सुझाव दिये।



**झारखंड राज्य के किसान असंगठित हैं, एकजुट होने की जरूरत :** बैठक में उपस्थित मुख्य वक्ता रामगढ़ विधानसभा के युवा नेता संतोष महतो ने महासभा के आगामी योजनाओं का विस्तार से बताया और कहा कि झारखण्ड राज्य के किसान असंगठित हैं। इनकी स्थिति दिहाड़ी मजदूरों से भी अधिक खराब हो गयी है। लेकिन राज्य में किसी पार्टी और नेता इनके ऊपर बात तक करने को जरूरी नहीं समझते हैं।इनके मुद्दों और समस्याओं को एक कोरम से ज्यादा महत्व नहीं दिया जाता है। अन्य राज्यों में जहां किसान विकास के नये नये आयाम गढ़े हैं। वहीं, झारखंडी किसान आभाव को अपना किस्मत समझ चुके हैं। दूसरे राज्यों में किसान अपने बुनियादी जरूरतों के आधार पर सरकार बनाते और गिराते हैं। लेकिन हमारे राज्य में इनके बारे बात करने से भी राजनीतिक पार्टी और इनके नेता कतराते हैं।

## कल्याण गुरुकुल चतरा से 18 युवतियों को मिला नियुक्ति पत्र



**सिमरिया (आजाद सिपाही)।** कल्याण विभाग झारखंड सरकार द्वारा संचालित कल्याण गुरुकुल चतरा (बगरा मोर, सिमरिया) में बैच नंबर 24 की प्रशिक्षित 18 छत्राओ को 29 जून 2024 को रोजगार के लिए नियुक्ति पत्र दिया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला कल्याण पाधिकारी अलका कुमारी एवं लिपिक भागेश्वर महतो, वार्ड सदस्य उमाशंकर, प्रिंसपल दिनेश प्रसाद, ट्रेनर शुभम कुमार, एमआइएस रामविलास पासवान, एमइ श्रवण कुमार राणा, एमइ धनंजय सिंह एवं एमइ रौनक कुमार एवं अभिभावक गन शामिल हुए। उन्होंने बच्चों को सम्बोधित करते हुए मार्गदर्शन कर हौसला बढ़ाया। बताते चलें कि कल्याण गुरुकुल चतरा में 18 से 28 वर्ष की 10वीं - 12वीं पास युवतियों को स्मार्ट फोन असेंबली ट्रेड में 45 से 60 दिन का आवासीय प्रशिक्षण देकर 19 से 20 हजार रुपये मासिक सीटीसी का निश्चित रोजगार दिया जाता है। यह छात्राएं कल बंगलुरू के लिए प्रस्थान करेंगी।

## आजसू कार्यकर्ताओं ने मनाया हूल दिवस



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के आजसू कार्यकर्ताओ ने होटल वाटिका परिसर में हुल दिवस मनाया गया। सिद्धू कान्हू के स्मृति चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रधांजलि व्यक्त किया गया। इस मौके पर जिला कार्यवाहक अध्यक्ष महेश महतो, आजसू जिला श्रमिक संघ जिला अध्यक्ष लखन साव, प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र महतो, केंद्रीय सदस्य नंदा थापा, केंद्रीय सदस्य सरोज गुप्ता, रंजीत गुप्ता, सुरेन्द्र सोनी, धनेश्वर विश्वकर्मा, मुखिया महेश मुंडा, बीरबल महतो, किशोर महतो, हिरामन महतो, मनोज महतो समेत कई कार्यकर्ता उपस्तिथ थे।

## हूल दिवस मनाकर क्रांतिकारियों को नमन किया जाता है : डी शिवादास



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** विस्थापित समिति न्यू बिरसा पोटंगा का नये कार्यालय का उद्घाटन रविवार को मुख्य अतिथि डी शिवादास, झामुमो केंद्रीय सदस्य सह विस्थापित नेता सोनाराम मांझी, विस्थापित समिति न्यू बिरसा पोटंगा अध्यक्ष सूरज बेसरा ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। सर्वप्रथम पंडित ने कार्यालय का विधिवत पूजा पाठ कराया। इस दौरान हूल कांति दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ने वीर शहीद महान क्रांतिकारी सिदो-कान्हू, चांद-भैरव, फुलों - झानो के तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। मौके पर मुख्य अतिथि डी शिवादास ने कहा कि प्रत्येक वर्ष 30 जून को हूल दिवस मनाकर इन महान क्रांतिकारीयों को नमन किया जाता है। ऐसे समय में सिदो-कान्हू का बलिदान हर किसी को याद दिलाता है। वहीं सोनाराम मांझी ने कहा कि 30 जून 1955 को सिदो-कान्हू के नेतृत्व में साहेबगंज जिले के भोगनाडीह से विद्रोह शुरू हुआ था। इस दिन को हूल कांति दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस मौके पर बिरसा खान प्रबंधक राजेश प्रियदर्शी, राकेश कुमार, विस्थापित नेता संतोष कुमार सिंह, मनोज मुंडा,गणेश गंझू, विश्वनाथ मांझी, संजय करमाली, बिनोद हेम्ब्रोम, जूरा सोरेन, लेचा मांझी, पापू मांझी, पंकज हेम्ब्रोम, विजय सोरेन, प्रेम सोरेन, अजय करमाली, उप मुखिया रविन्द्र सोरेन, अजय मरांडी, अजय बेसरा, संजय सोरेन, दिनेश टुडू सहित समिति के लोग उपस्थित थे।

## आजसू पार्टी मांडू ने मनाया हूल दिवस



**कुजू (आजाद सिपाही)।** आजसू पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर कुजू मुरपा स्थित पार्टी कार्यालय में हूल दिवस (संताल विद्रोह) मनाया गया। आजसू पार्टी के मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो उपस्थित रहे। मौके पर संताल विद्रोह के नायक सिद्धों, कान्हो, फूलों, झानो सहित झारखंड आंदोलनकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस अवसर पर मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो ने कहा कि आप सभी हूल दिवस के अवसर पर उपस्थित हुए हैं। आपको संताल विद्रोह के नायक सिद्धों, कान्हो, फूलों, झानो सहित झारखंड आंदोलनकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके सपनों के झारखंड को गढ़ने का संकल्प लेने की जरूरत है। मौके पर केंद्रीय सचिव हेमलाल महतो, जिला उपाध्यक्ष जयकिशोर महतो, तेजू महतो, प्रखंड अध्यक्ष नरेश महतो, प्रखंड सचिव मनोज गोप, संजीत गोप, उमेश कुमार, राहुल सिंह, राजेन्द्र महतो, प्रकाश पटेल आदि उपस्थित रहे।

## कोफिमयू सयाल डी कोलियरी के शाखा अध्यक्ष बने संजय यादव



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** कोल फिल्ड मजदूर यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष गिरिनाथ सिंह और महामंत्री राघवन रघुनंदन के निर्देश पर बरका-सयाल एरिया के सचिव अशोक गुप्ता ने सौन्दा डी निवासी संजय यादव को सयाल डी कोलियरी का शाखा अध्यक्ष मनोनित किया है। इनके मनोनयन पर कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है। सयाल डी कोलियरी का शाखा अध्यक्ष बनाये जाने पर संजय यादव ने यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष गिरिनाथ सिंह और महामंत्री राघवन रघुनंदन के प्रति आभार जताते हुए कहा कि यूनियन जिस उम्मीद व विश्वास के साथ मुझे इतनी बड़ी जिम्मेवारी दी है उसे ईमानदारी पूर्वक निभाऊंगा। उन्होंने मजदूरों की समस्याओं के सवाल पर कहा कि आंदोलन को तेज करूंगा। साथ ही प्राइवेट कंपनी द्वारा मजदूरों को कम वेतन देने के सवाल पर हाई पावर कमेटी के द्वारा तय वेतन दिलवाने का कार्य करूंगा। विस्थापितों के हक-अधिकार के लिए यूनियन आंदोलन भी करेगी। उनके मनोनयन पर केंद्रीय सचिव उदय कुमार सिंह, रामाकांत दुबे, विनोद साव, संतोष यादव, पप्पू सिंह, सुधीर सिंह, हरिशंकर पांडेय, दिलीप देवधरिया समेत कई ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

# आदिवासियों की शौर्य गाथा और बलिदान की याद दिलाता है हूल दिवस : मिथिलेश

**हूल दिवस पर मंत्री ने वीर शहीदों को दी श्रद्धांजलि, किया शत-शत नमन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** हूल दिवस के मौके पर गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता व उत्पाद और मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने रविवार को गढ़वा के कल्याणपुर स्थित आवास पर वीर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें शत शत नमन किया। मौके पर पार्टी के सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि 30 जून को नयी क्रांति की शुरूआत हुई थी। हजारों लोग एक सूत्र में बंधे थे और अंग्रेजों को भगाने की योजना बनी थी। इसलिए पूरे देश में 30 जून को हूल दिवस मनाया जाता है। इस



शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते मंत्री मिथिलेश ठाकुर

दिन आदिवासियों की शौर्य गाथा और बलिदान को याद किया जाता है। जिन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी। 30 जून को प्रति वर्ष हूल दिवस मनाकर इन महान क्रांतिकारियों का नमन किया जाता है। मंत्री ने कहा कि 30 जून 1855 को मौजूदा साहिबगंज जिले के भोगनाडीह गांव में वीर सिद्धो - कान्हो, चांद - भैरव के नेतृत्व में 400 गांव के समागम में 50 हजार लोगों ने अंग्रेजी हुकूमत से आमने-सामने जंग का ऐलान किया था। साथ ही मालगुजारी नहीं देने और अंग्रेजों हमारी माटी छोड़ो का जोर से ऐलान किया गया था। अंग्रेजों के आधुनिक हथियारों के सामने सिद्धो-कान्हो की तीर कमान वाली सेना टिक नहीं पायी। सिद्धो को अगस्त 1855 में पड़कर पंचकठिया नामक स्थान पर बरगद के पेड़ पर फांसी दे दी गयी। जबकि कान्हो को भोगनाडीह गांव में फांसी दी गयी थी। हूल दिवस पर सिद्धो - कान्हो, चंद- भैरव, फूलो - झानो सहित सभी अमर बलिदानियों को शत नमन है। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने शहीदों को नमन करते हुए राज्यवासियों से उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि उन नायकों का पवित्र स्मरण आज भी हम सबों का मार्गदर्शन करता है। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, जिप अध्यक्ष शांति देवी, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष छोटू सिंह खरवार, शरीफ अंसारी, फुजैल अहमद, दिलीप गुप्ता, महिला मोर्चा अध्यक्ष रेखा चौबे, सचिव चंदा देवी, अराधना सिंह सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# इस वर्ष डॉक्टर्स डे पर कार्यक्रम का नहीं किया जायेगा आयोजन : डॉक्टर असजद

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** इस वर्ष डॉक्टर्स डे पर कार्यक्रम का आयोजन नहीं किया जायेगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए आईएमए के सह सचिव डॉक्टर असजद अंसारी ने कहा कि आये दिन गढ़वा में चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मी के ऊपर हमले किये जा रहे है। वहीं उनके ऊपर प्राथमिकी भी दर्ज की जा रही है। इस मामले को लेकर प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग के प्रशासन को भी अवगत कराया गया। बावजूद इसके अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसलिए सर्वसम्मति से गढ़वा के सभी चिकित्सक (आईएमए और



झासा) ने निर्णय लिया है कि वे लोग डॉक्टर्स डे का उत्सव नहीं मनायेंगे। उन्होंने कहा कि लगातार डॉक्टरों और स्वास्थ कर्मियों पर हमला किया जा रहा है। इस दौरान गढ़वा सदर अस्पताल में डॉ शिशिर चंद्राकार और डॉ कौशल किशोर और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, मझिआंव में डॉ राजू कुमार के साथ उक्त घटना हुई है। जिसमें डॉक्टरों के साथ मारपीट, अभद्र भाषा का प्रयोग और एफ आई आर तक हुई है। उन्होंने कहा कि उक्त मामले के विरोध में इस वर्ष डॉक्टर्स डे पर कोई कार्यक्रम का आयोजन नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि डॉक्टर पर हो रहे हमले पर रोक नहीं लगायी गयी। वहीं डॉक्टर पर हमला करने वाले लोगों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं की गयी, तो इसके विरोध में आंदोलन की जायेगी। जिसकी सारी जवाबदेही जिला प्रशासन की होगी।

## बारिश से किसानों में खुशी का माहौल

**डंडई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में रविवार के सुबह से हो रही रुक-रुक कर झमाझम बारिश से किसानों में खुशी का मौहाल देखा जा रहा है। वहीं लोगों को गर्मी से काफी राहत की शास मिला। किसानो का मानना है कि आद्रा नक्षत्र में हुई बारिश से खरीफ फसल के अच्छे पैदावार होने की उम्मीद लगा रहे है। मानसून की पहली बारिश से तापमान गिरने के साथ किसानों के चेहरे पर खुशी



माहौल देखी जा रही है।

## चंपाई सोरेन की सरकार ने बीआरपी सीआरपी की पूरी की मांग, वेतन में 10 हजार की वृद्धि से खुशी की लहर



रंका (आजाद सिपाही)। रंका अनुमंडल सहित संपूर्ण गढ़वा जिले के बीआरपी सीआरपी के चिरप्रतिक्षित मागों और सेवा शर्त नियमावली को कैबिनेट द्वारा स्वीकृति प्रदान की गयी और वेतनमान में10 हजार रुपये की वृद्धि की गयी। इसके लिए महासंघ के द्वारा सरकार का आभार प्रकट किया गया। साथ ही इस खुशी के मौके पर लोगों ने गढ़देवी मंदिर में उपस्थित होकर प्रसाद चढ़ाया तथा एक दूसरे को बधाईयां देते हुए मिठाईयां बांटी। इस अवसर पर महासंघ के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार दूबे, कोषाध्यक्ष अनुप कुमार शुक्ला, मीडिया प्रभारी देवेंद्र नाथ उपाध्याय, उपाध्यक्ष कमलेश चौबे, चंद्र मौली तिवारी, मनोज गुप्ता, मुकेश कुमार मिश्र, अंजनी तिवारी सहित सभी लोग उपस्थित थे।


## भाजपा कार्यालय कांडी में हूल दिवस के अवसर पर क्रांतिकारी सिदो-कान्हू को याद किया गया



कांडी (आजाद सिपाही)। भाजपा कार्यालय कांडी में रविवार को हुल दिवस के अवसर पर संथाल के क्रांतिकारी सिद्धू-कान्हु को याद किया गया। लोगों ने झारखंड के महान क्रांतिकारी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। सिद्धू का जन्म 1855 और कान्हू का जन्म 1820 भोगनाडीह नामक गांव में आदिवासी परिवार में हुआ था, जो आज झारखंड के साहेबगंज में है। संथाल हुल क्रांति की अगुआई में सिद्धू-कान्हु के साथ साथ उनके अन्य दो भाई चांद भैरव और इनकी दो बहनों फूलो चानो ने अंग्रेज सैनिकों को लोहा मनवाया। अंत में उनको अलग जिला देना पड़ा। उनका नारा था करो या मरो अंग्रेजों मेरी मिट्टी छोड़ो। कार्यक्रम में किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष रामलाला दुबे ने ऐसे क्रांतिकारी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। साथ में शशि रंजन दुबे, शिव प्रसाद पांडे, संजय प्रसाद, जगरनाथ मेहता, ललन पासवान आदि कार्यकर्ता शामिल हुए।

## बारिश में मिट्टी का घर गिर कर हुआ ध्वस्त, मलबे में दबकर बच्ची हुई घायल

केतार (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत खैरवा गांव में पहली बारिश में मनी चौधरी का मिट्टी का घर गिर कर ध्वस्त हो गया। घर ढहने से मनी चौधरी के 14 वर्षीय पुत्री रिंकी कुमारी मलवे में दबने से गंभीर रूप से घायल हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार रिंकी कुमारी को तत्काल उनके घर वालों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर ले गये। जहां डॉक्टर के द्वारा प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज हेतु गढ़वा सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।



## अहिरपुरवा मोड़ के समीप टेंपो-बाइक की टक्कर में दो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। बंशीधर नगर गढ़वा राष्टीय राज मार्ग पर अहिरपुरवा मोड़ के समीप रविवार को टेंपू मोटरसाइकिल के टक्कर में मोटरसाइकल सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। दोनों घायलों का इलाज अनुमंडलीय अस्पताल में किया गया, जिसमें एक की स्थिति गंभीर देखते हुए चिकित्सक ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घटना में घायल होने वालो में थाना क्षेत्र के बंबा ग्राम निवासी लालेश्वर राम के 22 वर्षीय पुत्र नीरज कुमार तथा नरही ग्राम निवासी दुखी राम के 35 वर्षीय पुत्र मुकेश कुमार का नाम शामिल है। घटना के बारे में बताया जाता है कि दोनों मोटरसाइकल सवार बाजार के बाद पेट्रोल पंप में पेट्रोल भरवाकर वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे टेंपू वाहन से टकरा गये। घटना के बाद दोनों घायल सड़क पर ही तड़पते रहे। रास्ते से गुजर रहे लोगों ने घायल को पहुंचाने के बजाय वीडियो बनाते दिखे। इसी दौरान रास्ते से गुजर रहे, बंशीधर चेंबर ऑफ के अध्यक्ष शंभू सौदागर तथा उमेश कुमार चाहत ने मानवता का परिचय देते हुए दोनों घायलों को अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया।

# स्वच्छ भारत मिशन के तहत एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन उपायुक्त, गढ़वा शेखर जमुआर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त पशुपति नाथ मिश्रा, कार्यपालक अभियंता, पेयजल और स्वच्छता प्रमंडल प्रदीप कुमार सिंह, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी गढ़वा जिला, सभी जिला समन्वयक, स्वच्छ भारत मिशन और जल जीवन मिशन, सभी प्रखंडों के प्रखंड समन्वयक एवं मनरेगा बीपीओ तथा पंचायती राज विभाग के सभी प्रखंडों के प्रखंड समन्वयक आदि उपस्थित थें। उक्त कार्यशाला में स्वच्छ



भारत मिशन से संबंधित वित्तीय वर्ष 2024-25 के लक्ष्य को पूरा करने के लिए योजना के बारे में विस्तृत जानकारी राज्य समन्वयक मो. आजाद खान द्वारा पीपीटी के माध्यम से दिया गया। जिले के सभी गांवों को 5 स्टार मॉडल घोषित करने के लिए सभी प्रखंड से चयनित ग्राम में ठोस व तरल कचरा प्रबंधन हेतु शॉकपीट बनाने के लिए सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को उपायुक्त द्वारा निदेशित किया गया। साथ ही राज्य से प्राप्त लक्ष्य को ससमय पूरा करने के लिए सभी संबंधित विभाग को वीएपी कार्य योजना बनाते हुए कार्य करने के लिए आवश्यक निर्देश दिये गयें। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि माह जुलाई 2024 तक सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी प्राथमिकता के आधार पर अपने-अपने प्रखंड से 5-5 ग्रामों को हर हाल में घोषित करेंगे। इसके अतिरिक्त कार्यशाला में अवगत कराया गया कि 5 स्टार श्रेणी में किसी भी गांव को ओडीएफ प्लस घोषित करने हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं की जानी है, जिसके अंतर्गत व्यक्तिगत स्तर पर लोगों के घरों में शौचालय की व्यवस्था, घर इत्यादी में महिला और पुरुष हेतु अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था, ठोस कचरा प्रबंधन हेतु समुदाय स्तर पर नाडेप, खाद गड्ढ़ा, जैविक खाद गड्ढ़ा और सार्वजनिक स्थलों पर किसी भी प्रकार का जल जमाव, कूड़ा-कचरा का जमाव नहीं होना इत्यादि आवश्यक है।

# डंडा प्रखंड के लोग मूलभूत समस्याओं से लगातार जूझ रहे हैं : डॉ एमएन खान

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** एआईएमआईएम के पलामू प्रमंडल प्रभारी सह गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी डॉक्टर एमएनखान ने डंडा प्रखंड के विभिन्न गांव का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने डंडा प्रखंड के भी भिखही, कोरटा, मेढनवां टोला, जोगियामंडारी, पापरवा, बोंगासी आदि गांवों का दौरा किया। इस दौरान इस दौरान उन्होंने लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना साथ ही समस्याओं को समाधान करने का आश्वासन दिया। मौके पर डॉक्टर एम एन खान ने कहा कि डंडा प्रखंड का विभिन्न गांव विकास से काफी दूर है। यहां किसी भी क्षेत्र में विकास नहीं की गई है। जिसके कारण यहां के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि लोगों ने जैसा बताया कि यहां के जनप्रतिनिधि



चुनाव के बाद इस प्रखंड में कभी नहीं आये हैं। वहीं उनकी समस्याओं को जनप्रतिनिधियों के द्वारा कभी नहीं सुना गया है। जिसके कारण यहां के लोग मूलभूत समस्याओं से लगातार जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि डंडा प्रखंड में ना तो समुचित रूप से सड़क का निर्माण किया गया है और ना ही पेयजल की व्यवस्था की गयी है। जिसके कारण यहां के लोगों को आवागमन करने में परेशानी होती है। वहीं पेयजल समस्या होने के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि एआईएम आईएम पार्टी गढ़वा विधान सभा क्षेत्र का समुचित विकास कर सकता है।

उन्होंने कहा कि अभी तक जनप्रतिनिधियों के द्वारा डंडा प्रखंड के लोगों को ठगने का काम किया गया है। लेकिन डंडा प्रखंड के लोग अब किसी के झांसे में नहीं आने वाले हैं। आने वाले विधान सभा चुनाव में एआईएमआईएम पार्टी यहां परचम लहराने का काम करेगी। इस अवसर पर गढ़वा जिला के संरक्षक अब्दुल शकूर अंसारी, जिला सचिव अशोक चौधरी, पूर्व उप मुखिया रमेश चौधरी, गढ़वा प्रखंड के सोशल मीडिया इंचार्ज दाऊद इब्राहिम, जीके चौधरी, मीडिया प्रभारी अशोक चौधरी, पार्टी के सदस्य रमेश चौधरी, परषोतम चौधरी, संजय चौधरी, उमेश साह, धर्मेंद्र चौधरी, बिंदु चौधरी, बीरेंद्र चौधरी, प्रदीप चौधरी, डॉ बिजय चौधरी, बिक्की बोस, कुंदन, अनिल चौधरी, गोपाल चौधरी आदि उपस्थित थे।

# अबुआ आवास के लाभुक एक सप्ताह के भीतर आवास निर्माण कार्य प्रारंभ करें : अदिति गुप्ता

आजाद सिपाही संवाददाता

**बंशीधर नगर ।** प्रखंड प्रशासन ने अबुआ आवास के लापरवाह लाभुकों के विरुद्ध कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। बीडीओ अदिती गुप्ता ने फर्स्ट फेज में अबुआ आवास के 85 लाभुकों को नोटिस जारी कर एक सप्ताह के भीतर आवास निर्माण कार्य प्रारंभ करने की हिदायत दी है। यहां बताते चलें कि झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन ने पीएम आवास योजना से वंचित वैसे गरीब जिन्हें आवास योजना का लाभ नहीं मिल पाया था वैसे लोगों को पक्का मकान देने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2023-24 अबुआ आवास योजना की शुरूआत की थी। इसके तहत नगर ऊंटारी



प्रखंड में 624 लाभुकों को अबुआ आवास की स्वीकृति दी गयी थी।

स्वीकृति मिलने के बाद लाभुकों के बैंक खाते में प्रथम किस्त के रूप में 30 हजार रुपये की राशि का भुगतान की गयी थी। राशि भुगतान के बाद लाभुकों ने आवास निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया। अधिकांश लाभुक प्लिंथ लेबल का कार्य पूर्ण कर डोर लेबल के लिये कार्य कर रहे हैं। वैसे लाभुकों को दूसरे किस्त की राशि का भी भुगतान शुरू कर दिया गया है। किंतु कयी लाभुक ऐसे हैं, जो राशि लेने के बाद निर्माण कार्य शुरू नहीं किया। अंत में ब्लॉक प्रशासन उनके विरुद्ध कड़ा रूख अख्तियार कर लिया है। बीडीओ ने 85 लाभुकों कधवन के 16, भोजपुर के 4, हलिवंता के 9, पिपरडीह के 3, कुंबाखुर्द के 10, कोलझिकी के 8, कुशडंड के 27 और चितविश्राम के 8 को नोटिस जारी कर एक सप्ताह के भीतर आवास का निर्माण कार्य प्रारंभ करने की हिदायत दी है। उन्होंने कहा है कि नोटिस के बाद भी आवास का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किये जाने पर समझ जायेगा की लाभुक को आवास की आवश्यकता नहीं है एवं सरकारी राशि गबन करने की मंशा है।

बीडीओ ने कहा है कि कार्य नहीं करने की स्थिति में लाभुक के विरुद्ध कार्रवाई के लिये उच्च अधिकारियों को सूचित किया जायेगा। साथ ही लाभुक से संपूर्ण भुगतेय राशि की वसूली (सूद सहित) वसूली की जायेगी। साथ ही उक्त लाभुक के स्थान पर प्रतीक्षा सूची से दूसरे योग्य लाभुकों को इस योजना का लाभ दे दिया जायेगा।

## मंत्री के सौजन्य से रंका प्रखंड में 15 स्थानों पर हाइमास्ट लाइट का उद्घाटन



रंका (आजाद सिपाही)। झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मद्यपान निषेध मंत्री सह गढ़वा विधायक मिथिलेश ठाकुर के सौजन्य से रंका प्रखंड में 15 स्थानों पर रविवार को स्थानीय प्रतिनिधियों व झामुमो कार्यकर्ताओं के द्वारा हाईमास्ट लाईट का नारियल फोड़ कर उद्घाटन किया गया। इसी क्रम में रंका चेकनाका पर कार्तिक पांडेय, मुखिया प्रतिनिधि राजेश कुमार मद्धेशिया, धर्मेंद्र पाठक भंडूल सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा का हुआ आयोजन



कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड के दो परीक्षा केंद्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें 549 परीक्षा में शामिल हुए जबकि 800 परीक्षार्थी परीक्षा से अनुपस्थित रहे। जमा दो उच्च विद्यालय कांडी परीक्षा केंद्र पर 442 विद्यार्थी परीक्षा लिखे जबकि 545 अनुपस्थित रहे। उधर स्तरोन्नत उच्च विद्यालय लमारी परीक्षा सेंटर पर 107 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 255 अनुपस्थित रहे। केंद्राधीक्षक ललन राम और परीक्षा प्रभारी राम प्रसाद पाठक ने बताया कि आज की आयोजित परीक्षा शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त सम्पन्न हो गया। बीपीओ वीरेंद्र प्रसाद ने दोनों ही परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। वीक्षण कार्य मे शिक्षक राजेश कुमार दुबे, शंभू मेहता, जगरनाथ मेहता, श्रवण विश्वकर्मा, धनंजय कुमार गुप्ता, सरिता कुमारी, रेणु कुमारी, मंजू कुमारी सहित कई अन्य शामिल थे।

## साप्ताहिक सत्संग का आयोजन



श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। श्री श्री ठाकुर अनुकूलचंद्र जी के अनुयायियों द्वारा सत्संग उपासना केंद्र के प्रांगण में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया। सत्संग का शुभारंभ बंदेपुरुषोतम ध्वनि और शंख ध्वनि के बीच दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद समवेत नाम, जप, ध्यान, सत्यानु शरण ग्रंथ तथा नारी नीति ग्रंथ का पाठ किया गया। संगीताजली कार्यक्रम में धृतिसुंदर लाल, गीता देवी, अखिलेश दा और सत्यवंती देवी ने भक्ति मूलक भजन प्रस्तुत किया। इष्टचर्चा कार्यक्रम में सत्संगी शक्तिदास सिन्हा ने कहा कि मनुष्य को अपने आप पर विश्वास करते हुये अच्छा कर्म करना चाहिये। उन्होंने कहा कि वह मनुष्य जो बोलता कम है, करता अधिक है वह प्रथम श्रेणी का कर्मी है जो मनुष्य जितना बोलता है, उतना करता है वह द्वितीय श्रेणी का कर्मी है तथा जो मनुष्य बोलता अधिक है और करता कम है, वह तृतीय श्रेणी का कर्मी है। वह व्यक्ति जो बोलता है और न कुछ करता है, वह अधम होता है। उन्होंने कहा कि अच्छे कर्म करने से मन उत्साहित रहता है, अच्छा कर्म हमें सत्य के पथ पर ले जाता है। सत्संगी अखिलेश दा ने कहा कि वर्तमान पुरुषोत्तम श्री श्री ठाकुर जी प्रेममय है। वे सभी जीवों से प्रेम करते हैं, वे गलत कार्य करने वाले व्यक्ति को भी अच्छे पथ पर लाते हैं। ऋत्विक धृतिसुंदर लाल ने कहा कि इष्टभृति ऐसा कर्म है, जो हम सबको मंगल पथ पर ले जाता है। श्री श्री ठाकुर जी मानव जीवन को सर्व मंगल करने वाले हैं, उनके आदेशों का पालन करना चाहिये। ऋत्विक विजयनंदन सिन्हा ने कहा कि मनुष्य को पड़े पड़े रहकर मरने से चलकर मरना अच्छा है। उन्होंने कहा कि कहने का तात्पर्य है कि मनुष्य को कर्म करने में व्यस्त रहना चाहिये। मनुष्य को अच्छे ज्ञान की प्राप्ति के लिए सत्संग में जाना ही चाहिये। सत्संग में संजय दा, ऋतुराज, अजय दा, पप्पू जायसवाल, आदित्य कुमार, प्रीतम, सुजय, विजय, रिशु कुमार, धृतिदीप्त, मधु अंबष्ट, दीपमाला, वृंदा देवी, संगीता देवी, रामा देवी, रीना, प्रमिला, ललिता, प्रभा, पूजा, आकांक्षा कुमारी सहित बड़ी संख्या में अनुयायी उपस्थित थे। सत्संग की व्यवस्था सत्संगी ललिता देवी के द्वारा किया गया था।

**शपथ पत्र**

शपथ पत्र के अनुसार दिनांक : 28.06.2024 क्रम.संख्या - 4469 मै अजय कुमार गुप्ता पिता का नाम राजेन्द्र प्रसाद निवासी - कुण्ड मुहल्ला हमीदिया स्कुल रोड, वार्ड नं.-7 , मेदिनीनगर, जिला - पलामु का स्थायी निवासी हूँ। शपथ पूर्वक घोषणा करता हूँ कि।
1. यह कि मै उपरोक्त नाम एंव पते का निवासी हूँ। 2. यह कि अजय कुमार गुप्ता एवं अजय कुमार प्रसाद दोनो ही नाम मेरा है तथा मै उपरोक्त दोनो नामों से जाने जाते है। 3. यह कि आधार कार्ड मे मेरा नाम अजय कुमार गुप्ता है जिनका आधार कार्ड - 8896 9225 3831 है। 4. यह कि किसान विकास पत्र पोस्ट ऑफिस रामगढ़, मे मेरा नाम अजय कुमार प्रसाद है 5. यह कि मै यह शपथ पत्र उपरोक्त दोनो ही नाम मेरा है इसी बात को सत्यपित करने हेतु शपथ पत्र का निष्पादित कर रहा हुं।

# दमदार वापसी कर बने विश्व विजेता

भारतीय टीम के मौजूदा दौर में दो सबसे बड़े खिलाड़ी रोहित शर्मा और विराट कोहली ने टी20 विश्व कप जीतने के बाद अंतरराष्ट्रीय टी20 से संन्यास लेने का एलान कर दिया। भारत ने बारबाडोस में खेले गये फाइनल मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को हराकर 17 साल के लंबे इंतजार के बाद इस प्रारूप का अपना दूसरा वैश्विक खिताब जीता। रोहित के लिए यह जीत विशेष रही, क्योंकि खेल के सबसे छोटे प्रारूप में महेंद्र सिंह धोनी के बाद विश्व विजेता कप्तान बनने वाले वह दूसरे भारतीय बने। हालांकि, इन दोनों दिग्गज खिलाड़ियों के संन्यास की घोषणा करने से फैंस को खुशी के बीच निराशा भी मिली। रोहित 2007 विश्व विजेता टीम का भी हिस्सा रहे थे, वहीं कोहली भी लंबे समय से भारतीय टीम में नियमित रूप से शामिल रहे हैं। हालांकि, 2022 टी20 विश्व कप में सेमीफाइनल में मिली हार के बाद एक वक्त ऐसा आया, जब यह दोनों दिग्गज खिलाड़ी कुछ समय तक भारतीय टी20 टीम का हिस्सा नहीं रहे थे। रोहित की अनुपस्थिति में हार्दिक पांड्या ने कुछ द्विपक्षीय टी20 सीरीज में भारत की कमान संभाली थी और रोहित तथा कोहली के टी20 टीम में शामिल होने पर संशय बना हुआ था।

**भारत के लिए विराट ने 125 टी20 मैच खेले, जिसमें 48.69 की औसत के साथ 4188 रन बनाये। वह रोहित शर्मा के बाद इस प्रारूप में सबसे ज्यादा रन बनाने वालों में दूसरे नंबर पर हैं। कोहली ने अपने इस करियर में एक शतक और 38 अर्धशतक जमाये।**

कोहली ने अपने टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत 12 जून 2010 को की थी। अब 14 साल बाद जून में ही अपना आखिरी मैच भी खेला। भारत के लिए विराट ने 125 टी20 मैच खेले, जिसमें 48.69 की औसत के साथ 4188 रन बनाये। वह रोहित शर्मा के बाद इस प्रारूप में सबसे ज्यादा रन बनाने वालों में दूसरे नंबर पर हैं। कोहली ने अपने इस करियर में एक शतक और 38 अर्धशतक जमाये। वह टी20 विश्व कप के इतिहास में सबसे ज्यादा 1292 रन बनाने वाले बल्लेबाज भी हैं। उनके नाम टी20 विश्व कप में सबसे ज्यादा 15 अर्धशतक भी हैं। वहीं, रोहित की बात करें तो उन्होंने अपने टी20 अंतराष्ट्रीय करियर की शुरुआत 2007 में टी20 विश्व कप ट्रॉफी जीत कर की थी। वह 2007 में धोनी की अगुआई में चैंपियन बनने वाली टीम का भी हिस्सा रहे थे। अब नौवें संस्करण में उन्होंने खुद अगुआई करते हुए भारत को टी20 विश्व कप चैंपियन बनाया और करियर का अंत भी एक चैंपियन के तौर पर किया। रोहित ने टीम इंडिया के लिए टी20 में बतौर कप्तान 50 मैच जीते हैं और यह एक रिकॉर्ड भी है। उनसे ज्यादा मैच अभी तक टी20 में किसी कप्तान ने नहीं जीते हैं। पिछले साल वनडे विश्व कप को देखते हुए भारत ने अधिकतर वनडे प्रारूप के मुकाबले खेले। विश्व कप से पहले एशिया कप 50 ओवर के प्रारूप में हुआ, जहां भारतीय टीम विजेता बन कर उभरी।

अभिमत
आजाद सिपाही

**दरअसल प्रदेश और देश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की बढ़ती लोकप्रियता से उनके मंत्रिमंडल के ही कुछ लोग काफी परेशान हैं। इन मंत्रियों की मुख्यमंत्री बनने की लालसा भी हिलोरें मार रही है। जाने-अनजाने में कुछ केंद्रीय नेताओं का भी इन्हें संरक्षण मिल रहा था। ये लोग नहीं चाहते थे कि योगी की लोकप्रियता बढ़े। इसलिए लोकसभा के चुनाव में भाजपा को जिताने और बढ़ाने में इनकी कोई विशेष सक्रियता भी दिखाई नहीं पड़ी।**

# योगी का कद घटाने से यूपी की सीटें घटीं

निरंकार सिंह

लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में सीटें कम मिलने के कारण भाजपा बहुमत का आंकड़ा पार नहीं कर पायी। इसके बारे में कई तरह की बातें कही जा रही हैं। दरअसल प्रदेश और देश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की बढ़ती लोकप्रियता से उनके मंत्रिमंडल के ही कुछ लोग काफी परेशान हैं। इन मंत्रियों की मुख्यमंत्री बनने की लालसा भी हिलोरें मार रही है। जाने-अनजाने में कुछ केंद्रीय नेताओं का भी इन्हें संरक्षण मिल रहा था। ये लोग नहीं चाहते थे कि योगी की लोकप्रियता बढ़े। इसलिए लोकसभा के चुनाव में भाजपा को जिताने और बढ़ाने में इनकी कोई विशेष सक्रियता भी दिखायी नहीं पड़ी।

अब पार्टी संगठन एक टास्क फोर्स बना कर इसके कारणों की छानबीन कर रहा है। प्रदेश में भाजपा की सीटें घटने के कई कारण बताये जा रहे हैं। पहला कारण दो बार लगातार चुनाव जीतने वाले सांसदों का अपने-अपने क्षेत्र में भाजपा के कार्यकर्ताओं के साथ-साथ जनता से संपर्क टूट गया था। यदि आप सांसद या विधायक हैं, तो आपको अपने क्षेत्र का बराबर दौरा करना चाहिए। लोगों के दुःख दर्द में शामिल होना चाहिए। उनकी समस्याएं जाननी चाहिएं। जनता आप से यही अपेक्षा करती है। ये लोग मोदी और योगी के सहारे चुनाव जीतने की उम्मीदें लगाये बैठे थे, इसलिए अपने क्षेत्रों में जनता से संपर्क साधने की जरूरत नहीं समझी। ये लोग अपने घर पर ही ठेका-पट्टा पाने वालों का दरबार लगाते रहे। ऐसे लोगों को दोबारा

**बहरहाल पार्टी संगठन इस हार की समीक्षा के लिए बनायी गयी टास्क फोर्स की सूचनाओं का इंतजार कर रही है।**



**अब पार्टी संगठन एक टास्क फोर्स बना कर इसके कारणों की छानबीन कर रहा है। प्रदेश में भाजपा की सीटें घटने के कई कारण बताये जा रहे हैं। पहला कारण दो बार लगातार चुनाव जीतने वाले सांसदों का अपने-अपने क्षेत्र में भाजपा के कार्यकर्ताओं के साथ-साथ जनता से संपर्क टूट गया था। यदि आप सांसद या विधायक हैं, तो आपको अपने क्षेत्र का बराबर दौरा करना चाहिए। लोगों के दुःख दर्द में शामिल होना चाहिए।**

टिकट देने वाले नेता भी अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकते हैं। दूसरा बड़ा कारण भाजपा प्रदेश और जिला संगठन भी जनता से दूर हो गया है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कितने जिलों में संगठन को मजबूत करने के लिए कितनी बार दौरा किया, इसका कोई ब्योरा पार्टी संगठन के पास नहीं है। प्रदेश पार्टी का आइटी सेल पूरी तरह से ध्वस्त हो चुका है। ब्राह्मणों-ठाकुरों को लड़ाया गया, दलितों और पिछड़ों को भरमाया गया। इनके जरिए आरक्षण खत्म करने से लेकर संविधान बदलते तक की बातें तक कही गयीं। जिसका प्रदेश भाजपा का आइटी सेल कोई जवाब नहीं दे पाया। हर लोकसभा और विधानसभा चुनावों से 6 महीने पहले ही मतदाता सूची का पोलिंग, बूथ स्तर पर संशोधन और परिवर्धन होता है। यदि भाजपा संगठन के कार्यकर्ता अपने-अपने पोलिंग बूथों पर सक्रिय रहते तो हजारों भाजपा समर्थकों के नाम मतदाता सूची से नहीं कटते। कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी का गारंटी कार्ड का फार्म खासतौर अल्पसंख्यक, अशिक्षित और निर्धन महिलाओं से भरवाया गया। उन्हें डर था कि 3 तलाक के मामले खत्म करने के कारण ये महिलाएं भाजपा को वोट दे सकती हैं। काट के लिए पार्टी स्तर पर कोई प्रयास नहीं किया गया। प्रमुखों की तमाम जिलों में फर्जी सूची बनायी गयी, जो वास्तव में कहीं थे ही नहीं।

बहरहाल पार्टी संगठन इस हार की समीक्षा के लिए बनायी गयी टास्क फोर्स की सूचनाओं का इंतजार कर रही है। पर यहां सवाल यह उठता है कि क्या कोई संगठन खुद अपनी कमियों को स्वीकार करेगा? इस टास्क फोर्स के काम के लिए दूसरे राज्यों के लोगों को लगाया गया होता तो शायद सही जानकारी सामने आती। लोकसभा चुनाव में भाजपा को उत्तर प्रदेश में 2019 में उसे जहां 62 सीटें मिली थीं, वहीं 2024 के आम चुनाव में 33 पर संतोष करना पड़ा है। भाजपा उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में 29 सीटें कम मिलने की पूरे देश में चर्चा है। अब पार्टी भी इस पर मंथन में जुटी है और पूरा फीडबैक लेने के बाद कुछ एक्शन हो सकता है। भाजपा को सबसे ज्यादा हैरानी अमेठी, फैजाबाद (अयोध्या वाली सीट), बलिया और सुल्तानपुर जैसी सीटों पर हार से है। इन सीटों को भाजपा के लिए मजबूत माना जाता था। अमेठी में स्मृति ईरानी की कांग्रेस के एक आम कार्यकर्ता से हार ने पूरे नरेटिव को चोट पहुंचायी है।

इसके अलावा अयोध्या की हार भी कान खड़े करने वाली है। सुल्तानपुर से मेनका गांधी भी चुनाव हार गयीं जो लगातार जीतती रही हैं। फिर अयोध्या की हार ने तो पूरे नरेटिव को ही चोट पहुंचायी है। भाजपा को उस सीट पर हारना पड़ गया, जहां ऐतिहासिक राम मंदिर बना है। 500 सालों के इतिहास का चक्र जिस अयोध्या में घूमा, वहां ऐसी हार ने भाजपा को हैरान कर दिया है। अब पार्टी पूरे नरेटिव को कैसे सेट करे और अपनी हार को कैसे पचाया जाये, इसकी तैयारी में जुटी है।

सूत्रों का कहना है कि भाजपा को आरएसएस और उसके अनुषांगिक संगठनों से भी फीडबैक मिलेगा। संघ के लोगों से भी कहा गया है कि वे समीक्षा करके बतायें कि हार के क्या कारण रहे।

उत्तर प्रदेश ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने की उम्मीदों को करारा झटका लगा है। ये चुनाव नतीजे प्रदेश सरकार के मंत्रियों के लिए सबक है। मंत्रियों को भाजपा के कार्यकर्ताओं और जनता के संपर्क में रहना चाहिए और उनकी जनहित की समस्याओं का समाधान करते रहना चाहिए। यदि वे ऐसा नहीं करेंगे तो आगामी विधानसभा के चुनाव में उनका और पार्टी का चुनाव जीतना मुश्किल हो जायेगा।

## जमशेदपुर की खबरें

# छोटे-बड़े व्यापारिक संगठन, उद्योग, कंपनियां नये न्यूनतम मजदूरी कानून का करें पालन : डॉ अजय

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर सहित आसपास के छोटे बड़े व्यापारिक संगठन, उद्योग, कंपनियां में झारखंड सरकार के नये न्यूनतम मजदूरी कानून लागू करने के लिए कांग्रेस पार्टी ने पहल शुरू कर दी। रविवार को बिस्टुपुर में प्रेस वार्ता के दौरान कांग्रेस पार्टी के कार्यसमिति सदस्य, जमशेदपुर के पूर्व सांसद व आईपीएस डॉ अजय कुमार ने लागू किए गए न्यूनतम मजदूरी का मामला उठाया। डॉ.अजय ने कहा बढ़ती महंगाई को देख झारखंड सरकार ने बीते 11 मार्च को अधिसूचना जारी करते हुए श्रमिको की न्यूनतम मजदूरी में बढोतरी की है। साथ ही प्रदेश में इसको लागू भी कर दिया गया। उन्होंने कहा इसको लेकर सीएम चंपई सोरेन से वार्ता हुई है। उन्होंने कहा छोटे बड़े व्यापारिक संगठन,उद्योग, कंपनियो में नये न्यूनतम वेतन कानून का पालन करें। जो नये कानून का पालन नहीं कर रहे उनको निर्देश दिया जाना चाहिए। डॉ अजय ने कहा जिन मजदूरों को नए न्यूनतम मजदूरी नहीं मिल रही वे लेबर कमिश्नर ऑफिस में लिखित शिकायत कर सकते हैं। मौके पर डॉ अजय कुमार के साथ नद्दू झा,राजा सिंह राजपूत,रहीस रिजबी छब्बन शामिल रहे।

# देश भर में एक जुलाई से लागू होने वाले नये कानून को लेकर कार्यशाला सह परिचर्चा का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**आदित्यपुर।** देश भर में आगामी एक जुलाई से नया कानून भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 लागू होना है। रविवार को इसको लेकर आदित्यपुर अधिवक्ता संघ ने अध्यक्ष नरेंद्र सिंह के नेतृत में एक कार्यशाला सह परिचर्चा का आयोजन किया। मौके पर मुख्य अतिथि जलाडो के अध्यक्ष सह आदित्यपुर अधिवक्ता संघ के संरक्षक ओम प्रकाश शामिल हुए। अधिवक्ता नरेंद्र प्रसाद ने कहा कि नया कानून अधिवताओं के लिए चुनौती हैं। जिसे बारिकी से समझना होगा। नये किताब में कई धाराए बदली गयी है, जिसे याद करना होगा। मुख्य अतिथि जलाडो के अध्यक्ष सह आदित्यपुर अधिवक्ता संघ के संरक्षक ओमप्रकाश ने आदित्यपुर अधिवक्ता संघ और चांडिल अनुमंडल बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं के बीच निःशुल्क नये किताबों का वितरण किया। ताकि नए कानून से वाकिफ होसके। उन्होंने कहा नये कानून से भारतीयता का बोध होता, जो दिल को सकून देता। अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए कई कानून को सख्त किया गया।मुख्य वक्ता अधिवक्ता सह जमशेदपुर डालसा के मीडियेटर रजनी मिश्रा ने कहा कि नये कानून में महिलाओं की सुरक्षा पर कई धाराओं को सख्त किये गये।महिला सशक्तिकरण को मजबूती मिलेगी। सुनील कुमार सवाई ने कहा कि नये कानून में जटिलताएं हैं, लेकिन इसमें अधिवक्ताओं को परेशान होने की जरूरत नहीं। प्रशिक्षण की जरूरत है। ज्यादा जरूरत पुलिस की है। एफआईआर से ही हम विवेचना करते हैं। धन्यवाद ज्ञापन डी एन ओझा ने किया। मौके पर एलबी अकुर, विनोद ठाकुर, संजीव झा, दिलीप साव, सिकन्दर सिंह, मनोज कुमार, संजय द्विवेदी, मनीष कुमार, अजय कुमार सिंह, संजय कुमार सहित अन्य अधिवक्ताओं ने शामिल रहे।

# एकल परिवार को अपवाद पुस्तिका से खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाये : मुखिया



**पोटका(आजाद सिपाही)। पोटका प्रखंड अंतर्गत हल्दीपोखर पूर्वी पंचायत के मुखिया देवी कुमारी भूमिज ने उपायुक्त को एक ज्ञापन देकर मांग की है कि एकल परिवार को अपवाद पुस्तिका से खाद्यान उपलब्ध कराया जाये। ज्ञापन में कहा गया है कि ऐसे वृद्ध तथा एकल राशन कार्डधारी जिनके पास ई पोश मशीन से फिंगर प्रिंट नही आता है और न ही उनके पास मोबाइल की सुविधा है। वैसे कार्डधारी लगभग सालभर से चावल नही मिलने के कारण भुखमरी से जूझ रहे है। अपवाद पुस्तिका चालू कर यदि ऐसे एकल परिवार को राशन मुहैया की जाती है तो इनके सामने भुखमरी की समस्या काफी हद तक हल हो जायेगी। भूमिज ने कहा है की इस संबंध में उपायुक्त को एक मांग पत्र पूर्व में भी दिया गया था, परंतु अभी तक इसमें कोई करवाई नहीं हुई है।**

# झारखंड प्रदेश इंटक कार्यकारिणी की बैठक में कई अहम मुद्दों पर चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** तार कंपनी वर्कर्स यूनियन कार्यालय में झारखंड प्रदेश इंटक कार्यकारिणी की एक बैठक आयोजित की गयी। बैठक में इंटक के झांरखण्ड प्रदेश अध्यक्ष राकेशश्वर पांडे शामिल हुए। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष को माला पहनाकर स्वागत किया गया। बैठक में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार विमर्ष किया गया। इस दौरान बक्ताओ ने कहा मजदूरों का शहर में इंटक एक महत्वपूर्ण रोल अदा करती है। लेकिन झांरखण्ड में बोकारो,धनबाद,पश्चिम सिंहभूम और पूर्वी सिंहभूम से इंटक के किसी नेता और कार्यकर्ता को विधानसभा में टिकट नही मिला। बैठक में झारखंड इंटक के सदस्यों को संगठित करना, असंगठित क्षेत्र में नयी यूनियन बनाना, असंगठित मजदूरों को पीएफ और इएसआई का लाभ दिलाना, आदित्यपुर के इएसआई अस्पताल में असुविधाओं को दूर करना, महिला सशक्तिकरण और जरूरतमंद महिलाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करना, महिलाओं को आजीविका में मदद कर सशक्त बनाना, इंटक में महिलाओं की सहभागिता, उनकी जिम्मेदारी और मजबूती प्रदान करने पर विचार किया गया। साथ ही झारखंड के सभी जिलों में इंटक की जिला कमेटी का गठन कर उनकी जिम्मेदारियां से अवगत कराना, उन्हें ट्रेनिंग देने की सुविधा,कांग्रेस व इंटक में संमजस्य स्थापित कर एक साथ आगे बढ़नें पर विचार किया गया। प्रदेश अध्यक्ष राकेशश्वर पांडे ने सभी को एकजुट होकर काम करने की सलाह दी। उन्होंने कहा इंटक कार्यकारिणी सदस्यों की अगली बैठक 7 जुलाई को हजारीबाग टाउन हॉल में होगी। बैठक में इंटक के राष्ट्रीय महामंत्री संजय सिंह शामिल होंगे। बैठक में टाटा मोटर वर्क्स यूनियन के महामंत्री आरके सिंह,पंकज कुमार सिंह, श्रीकांत सिंह,महेंद्र मिश्रा, परविंदर सिंह सोहल, संजीव श्रीवास्तव, राकेश तिवारी, पिंटू श्रीवास्तव, केपी तिवारी, राणा सिंह, मीरा तिवारी,जगदीश नारायण चौबे, बीरबल सिंह, देबू चटर्जी, राजेश सिंह राजू, शिव लखन सिंह, कमल हसन,जयंती दास, अंजनी कुमार,उषा सिंह, विजय यादव सहित अन्य शामिल रहे।

# उल्दा में पहाड़ पूजा में भक्तों की उमड़ी भीड़

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाटशीला ।** उल्दा एतिहासिक सार्वजनिक पहाड़ पूजा का रविवार को आयोजन किया गया।इस पहाड़ पुजा में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। पुजारी विरेन्द्र सिंह ने विधि विधान से पूजा अर्चना की।इस पहाड़ पुजा में महुलिया पंचायत,बडाखुशी पंचायत,जोडसा पंचायत सहित आस पास के ग्रामीण पहुंचे। मुखिया लाल मोहन सिंह सह निर्णायक ने बताया कि उल्दा पहाड़ पूजा 200 वर्ष पुराना पुजा है। उन्होंने कहा कि अच्छी बारिश,सुख, शांति समृद्धि और खुशहाली को लेकर जंगल के देवता की पूजा की जाती है। इस पहाड़ पुजा में भक्तों की मन्नते पुरी होती है चाहे वह संतान प्राप्ति की हो या चाहे नौकरी की या बीमारी को लेकर हो सभी मन्नते पुरी होती है। मन्नते पुरी होने पर अपने द्वारा किये गये वादे के अनुसार चढ़ावा चढ़ाया जाता है, जिसमें,पाठा, मुर्गा सहित नारियल लड्डु आदि चढ़ाया जाता है। शाम को महिला कलाकारों के द्वारा छौ नाच का आयोजन किया गया। इसमें काफी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। उसके बाद संतोष महतो के द्वारा झुमूर संगीत का आयोजन किया गया। उसके बाद सोमवार को डांस धमाका का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से गौर मोहन सिंह, बृहस्पति गोराई, बादल गोराई, मनोहर सिंह,केदार सिंह, भागीरथ सिंह ,किशोर सिंह आदि शामिल रहे।

## वरीय पदाधिकारी से मिला टाना भगतों का प्रतिनिधिमंडल



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। भूमि सुधार उप समाहर्ता सुजाता कुजूर-सह-वरीय पदाधिकारी ने पेशरार प्रखंड का निरीक्षण किया। इस दौरान वरीय पदाधिकारी द्वारा प्रखंड मुख्यालय सभागार में प्रखंड में संचालित योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की। इसमें मनरेगा योजनाओं यथा दीदी बाड़ी योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, बिरसा कूप संवर्धन अबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना समेत अन्य योजनाओं की समीक्षा की। इस मौके पर टाना भगत का एक प्रतिनिधिमंडल भी वरीय पदाधिकारी से मिला और अपनी समस्याओं से अवगत कराया। वरीय पदाधिकारी द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी को योजनाओं में प्रगति लाने के निर्देश दिये और टाना भगतों की समस्याओं के निवारण का आश्वासन दिया।

## कक्करगढ़ गांव में लगा 200 केवी का ट्रांसफार्मर



कुडू (आजाद सिपाही)। कुडू प्रखंड अंतर्गत ककड़गढ़ पंचायत के ग्राम कक्करगढ़ में काफी समय से 200 केवी ट्रांसफार्मर की मांग थी और क्षेत्र में बिजली बाधित हो रही थी। इस बीच स्थानीय विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्रामीणों ने अपनी समस्या रखी और मंत्री को अवगत कराया। इस दौरान मंत्री ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 200 केवी का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया। जिसका उद्घाटन विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल द्वारा किया गया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल ने कहा कि मंत्री लोहरदगा की जनता की सेवा के लिए तत्पर हैं। उनके द्वारा क्षेत्र भ्रमण कर सभी समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान किया जा रहा है। इसके साथ साथ गठबंधन सरकार ने भी कैबिनेट में 200 यूनिट बिजली मुफ्त करने की घोषणा की है। जिससे ग्रामीण जनता में काफी हर्ष है। मौके पर युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष विशाल डुंगडुंग, रविन्द्र सिंह खेरवार,असलम अंसारी, पंचायत अध्यक्ष नयूम अंसारी, सेराजूल अंसारी, खलील अंसारी, ताहिर अंसारी, सनाउल्लाह अंसारी,समीम अंसारी, तौहीद अंसारी,मुमताज अंसारी, नसीम अंसारी, मोजमिल अंसारी ससिता उरांव आदि उपस्थित थे।

## नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार देश के विकास की नयी गाथा लिख रही है : लखन उरांव



कैरो (आजाद सिपाही)। प्रखंड में एनडीए गठबंधन की सरकार बनने के बाद रविवार को नरेंद्र मोदी के अगुवाई वाली सरकार देश की विकास की नई गाथा लिख रही है। पहली बार प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात की 111वां एपिसोड को प्रखंड के सढ़ाबे अंतर्गत बूथ नंबर 174 में मंडल अध्यक्ष लखन उरांव के आवास में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी। प्रधान मंत्री ने देश के गरीब किसान, मजदूर, बेरोजगारी आदि के बारे में बातें की। मौके लखन उरांव ने कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार देश के प्रधान मंत्री बनने वाले दूसरे महान व्यक्ति हैं। नरेंद्र मोदी के अगुवाई वाली सरकार देश की विकास की नई गाथा लिख रही है। आज हमारे देश हरेक क्षेत्र में आत्म निर्भर बन रही है। आने वाले विधान सभा चुनाव में झारखण्ड में भाजपा की अप्रत्याशित जीत होगी और भाजपा की सरकार बनेगी। मौके पर मंडल अध्यक्ष लखन उरांव, अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला उपाध्यक्ष लाखो उरांव, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सुमित्रा उरांव, विजय यादव, अखिलेश उरांव आदि उपस्थित थे।

## रतहाखाड़ में ग्रामीणों ने की सड़क मरम्मत



मनिका/ लातेहार (आजाद सिपाही)। सिंजो पंचायत के रतहाखाड़ गांव में ग्रामीणों ने दिन शुक्रवार से लेकर रविवार तक सड़क का मरम्मत किया। सड़क में जगह जगह पर गढा बना हुआ था और वर्षा पानी बहाव के कारण क्षतिग्रस्त हो चुका था। इस टोला में लगभग 500 दलित और आदिवासी रहते हैं बरसात के दिनों में किसी को तबियत खराब होने पर इलाज कराना लोहे के चना चबाने जैसा कठिन काम होते जा रहा है बहुत लोग तो रोड सही नहीं होने के कारण होस्पिटल तक पहुंचते पहुंचते या तो दम तोड़ देते हैं या सिरियस हालत में पहुंचते हैं। यहां के ग्रामीण जनता ने हर बार रोड के मुद्दे से जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया लेकिन किसी ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया। प्रति वर्ष यहां के ग्रामीण श्मशान घाट पुल से नकली आहर तक श्रमदान कर व चंदा करके सड़क का मरम्मत का काम करते हैं। वहीं श्रमदान करने वालों में दीपू भुइयां, संजय भुइयां, विजय कुमार, अर्जुन कुमार, प्रणीत कुमार, संतोष कुमार, जितेंद्र भुइयां, योगेन्द्र भुइयां, सिकेश कुमार,दिनेश कुमार, नरेश कुमार, नागेन्द्र राम सहित दर्जनों लोग सम्मिलित हैं।

## सिदो-कान्हू हमेशा झारखंडियों के लिए प्रेरणास्रोत बने रहेंगे : नीरू शांति भगत



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। जिला आजसू कार्यालय में जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश भारती की अध्यक्षता में हूल- दिवस का आयोजन किया गया। मौके पर आजसू नेत्री नीरू शांति भगत ने कहा की सिद्धू कान्हू जैसे भारत माता के अमर सपूत 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के पहले ही अंग्रेजों के खिलाफ 1855 में ही बिगुल फूंक दिए थे और उन्होंने झारखंड की माटी छोड़ने का अल्टीमेटम अंग्रेजों को दे दिए थे। उन्हीं की प्रेरणा पाकर पूरे देश में 1857 में सिपाही विद्रोह हुआ, किंतु आपसी समन्वय का अभाव रहने के कारण हम अंग्रेजों से हार गए। 1947 तक 90 वर्ष का लंबा समय आजादी के लिए हमें इंतजार करना पड़ा। उन्होंने कहा कि, सिद्धू कान्हू जैसे अमर स्वतंत्रता सेनानी हमेशा हम सबों के लिए प्रेरणा के स्रोत बने रहेंगे। कार्यक्रम में जिला प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी रामचंद्र गिरि, आलोक कुमार सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# लातेहार में खुलेआम मैनेज हो रहा है टेंडर

**कंट्रोल रूम के सामने टेंडर डालने को लेकर हुई धक्का मुक्की, मगर पुलिस मूकदर्शक बनी रही।**

आजाद सिपाही संवाददाता



लातेहार। लातेहार टेंडर मैनेजर का खेल खुलेआम चल रहा है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय समाहरणालय परिसर हर जगह यह नजारा आम है। लातेहार में टेंडर मैनेज का खेल थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक तरफ सरकार विकास करने के लिए हर एक हथकंडे अपना रही है। वहीं दूसरी ओर विकास योजना में बिचौलिए सरकार को चुना लगा रहे हैं। विकास योजना धरातल पर उतरने से पूर्व ही भ्रष्टाचार का भेंट चढ़ गया । कैसे कल्पना की जा सकती है की योजना गुणवत्तापूर्ण बनाया जायेगा। किसी भी विभाग भवन का टेंडर भराये जा रहा। टेंडर निकलने के बाद टेंडर मैनेज करने की प्रक्रिया शुरू हो जाती है। कई संवेदक इसी लिहाज से टेंडर में शिरकत करते हैं कि उन्हें टेंडर मैनेज करने के नाम पर कुछ कमाई हो जाये। क्योंकि संबंधित विभाग में रजिस्टर्ड संवेदक को ढ़ाई-तीन हजार रुपये में पेपर खरीदकर करीब चार गुणा राशि की कमाई हो जाती है। काम करने के इच्छुक संवेदक को संबंधित संवेदकों को मैनेज करने की मजबूरी होती है। इसके बाद ही शुरू हो जाता है टेंडर मैनेज करने का खेल। इसके बाद ऐसे संवेदक सार्वजनिक स्थानों पर ही अपना रेट बताना शुरू कर देते हैं। काम करने का इच्छुक संवेदक उन्हें पैसे बांटता नजर आ जाता है। कई मौकों पर मनचाहे रेट में टेंडर लेने के लिए ही पूर्व में टेंडर मैनेज कर लिया जाता है और कार्य लेने के दौरान तय किया राशि संबंधित टेंडर में हिस्सा लेने वाले अन्य संवेदकों को बांट दी जाती है। कई मौके पर विवाद के बीच पैसे के लेन देन से ही मामले को निपटाने का प्रयास होता है। शनिवार की 2:00 बजे ऐसा ही नजारा समाहरणालय परिसर और पुलिस कन्ट्रोल रूम में ही देखने को मिला। टेंडर मैनेज के दौरान किस प्रकार से टेंडर मैनेज गिरोह दूसरे अन्य संवेदकों को धमकाकर टेंडर मैनेज की जाती है। कंट्रोल रूम के सामने टेंडर डालने को लेकर धक्का मुक्की तक हुआ। मगर पुलिस मूकदर्शक बनी रही।

वहीं शनिवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के नीचे भवन प्रमंडल द्वारा विभिन्न कार्यों के लिए टेंडर डाले गए। यहां भी खुलेआम मैनेज का खेल चलता रहा। यहां बताते चले की मैनेज करने के नाम पर मोटी रकम संवेदकों से लेकर टेंडर मैनेज होता है और उक्त राशि अन्य संवेदको को टेंडर नही भरने के लिए दिया जाता है और जिससे से मोटी रकम ली जाती है।

## बसिया एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय में हूल दिवस मनाया गया



बसिया (आजाद सिपाही)। एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, बसिया में हूल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत छात्रावास अधीक्षक धनंजय कुमार सिंह ने सिद्धू-कान्हू,चाँद-भैरव तथा फूलों-झानो के चित्र के समक्ष दीप जलाकर तथा पुष्पार्चन कर किया। विद्यालय में सक्रिय चारों सदनों के प्रमुखों तथा कक्षा प्रमुखों ने भी इन महापुरुषों के चित्र पर पुष्पार्चन किया। छात्र निखिल मुंडा ने राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत गीत प्रस्तुत किया। सुधीर खेरवार, प्रेम चांद लोहरा, शिवशंकर मुर्मू, तथा प्रेमलाल ने हूल दिवस तथा सिद्धू-कान्हू,चाँद-भैरव और फूलों-झानो के जीवन के बारे में अनेक रोचक और ज्ञानवर्धक बातें बताई छात्रावास अधीक्षक धनंजय कुमार सिंह ने छात्रों को हूल दिवस का इतिहास तथा साहुकारों व अंग्रेजों के विरुद्ध संथालों का एकजूट होकर संघर्ष की गाथा को विस्तार से बताया।छात्र सूर्या उराँव, रोशन उराँव, मुकेश उराँव, अरविंद उराँव, विकाश उराँव, मनीष उराँव तथा वीर महली ने हूल आंदोलन पर आधारित एक लघु नाटिका प्रस्तुत किया। प्राचार्य संजय कुमार सिंह ने सिद्धू-कान्हू, चाँद-भैरव तथा फूलों-झानो के बलिदान को उच्च कोटि की राष्ट्रभक्ति बताते हुए सभी छात्रों से इस हूल आंदोलन की गाथा को अपने दिलों में जिंदा रखने की बात कही।

## बढ़ते अपराध पर रोक लगाये प्रशासन : रमेश

गुमला (आजाद सिपाही)। कांग्रेस के प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी ने जिले में बढ़ते अपराध, पशु तस्करी व चोरी की घटना पर चिंता जताई है। कहा है कि अपराध का ग्राफ बढ़ने से असुरक्षा की भावना बढ़ी है। साथ ही यह पुलिस प्रशासन की कार्यशैली पर भी सवाल खड़ा कर रहा है। जारी में कांग्रेस नेता को गोली मार दी गयी। पालकोट में कांग्रेस नेत्री के घर पर चोरी और लगातार पशु तस्करी के मामले चिंताजनक है। पुलिस प्रशासन इसपर अंकुश लगायें। उन्होंने कहा कि पूर्व की अपेक्षा भले ही क्राइम घटा है। लेकिन हालिया मामलों ने लोगों को चिंता में डाल दिया है। प्रशासन आमजनों का भरोसा जीते और जिले में लॉ एंड ऑर्डर का पूर्ण पालन कराना सुनिश्चित करायें।

## लायंस क्लब गुमला ग्रेटर ने किया खिचड़ी वितरण



गुमला (आजाद सिपाही)। भारी बारिश के बावजूद लायंस क्लब गुमला ग्रेटर के द्वारा वितरित की गयी गरमा गरम खिचड़ी का लोगों ने उठाया लुत्फ। लायंस क्लब ऑफ गुमला ग्रेटर का सिग्नेचर प्रोजेक्ट फूड फॉर हंगर के तहत रविवार 30 जून को दोपहर 2 बजे से अपराह्न 4 बजे तक महावीर चौक प्याऊ के पास खिचड़ी का वितरण किया गया। मौके पर लगभग 500 से ऊपर व्यक्तियों व राहगीरों को खिचड़ी खिलाया गया। मौके पर क्लब के अध्यक्ष लायन राजेश लोहानी ने कहा कि जन सेवा के तहत क्लब के द्वारा खिचड़ी वितरण का निर्णय लिया गया। अपने क्लब का सिग्नेचर प्रोजेक्ट प्रोग्राम फूड फॉर हंगर के तहत अगले रविवार को भी पुनः खिचड़ी का वितरण किया जायेगा। वहीं मौके पर उपस्थित क्लब के सचिव हिमांशु केशरी ने कहा कि लायंस क्लब का उद्देश्य जन सेवा है इसी जन सेवा के तहत क्लब द्वारा खिचड़ी का वितरण किया जा रहा है। खिचड़ी वितरण कार्यक्रम से जो लोग लाभांवित हो रहे हैं, उनमें खासा उत्साह व खुशी देखा गया। वहीं क्लब के प्रोजेक्ट चेयरमैन सह चार्टर्ड प्रेसीडेंट अमित महेश्वरी ने मौके पर उपस्थित सभी क्लब सदस्यों में एक नया जोश व मानव सेवा हेतु एकजुट होकर आगे आने को कहते हुए कहा की क्लब के द्वारा और भी भिन्न भिन्न कार्यक्रम मानव सेवा व जनकल्याण के लिए आगे भी जारी रहेगी।"मौके पर लायंस क्लब ऑफ गुमला ग्रेटर के प्रेसीडेंट राजेश लोहानी, सेक्रेटरी हिमांशु केशरी, चार्टर्ड प्रेसिडेंट सुभाष अग्रवाल, अमित महेश्वरी सहित कई लोग उपस्थित थे।

# खो-खो में सरस्वती विद्या मंदिर का उत्कृष्ट प्रदर्शन



आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। विद्या विकास समिति झारखंड द्वारा आयोजित 35 वां प्रांतीय कबड्डी और खो खो खेलकूद प्रतियोगिता में शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा के भैया के टीम ने प्रांत स्तर पर किशोर वर्ग में चतरा को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया, साथ ही साथ बाल वर्ग में गुमला को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। बाल वर्ग बहन की टीम कब्बड्डी में प्रांत स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त किया । यह प्रतियोगिता सरस्वती विद्या मंदिर देव नगर दुग्धा, बोकारो में आयोजित हुई। विद्यालय की इस उपलब्धि पर विद्या विकास समिति के प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी, गुमला विभाग के विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार, विद्यालय प्रबंध कारणी समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, सचिव अजय प्रसाद, उपाध्यक्ष विनोद राय, कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, समिति सदस्य, विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास, आचार्य आचार्या एवं अभिभावक गण ने बधाई एवं शुभकामना दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने विजेता प्रतिभागियों को विशेष बधाई एवम् शुभकमना दी। विद्यालय के खेल आचार्य जोधन सिंह को शुभकामना देते हुए कहा कि विद्यालय को गौरवान्वित करने में अपने शारीरिक आचार्य ने कठिन परिश्रम किया। इसके लिए वे विशेष धन्यवाद के पात्र हैं ।

## युवक की हत्या के आरोपी की गिरफ्तारी की मांग

# भीम आर्मी प्रतिनिधियों ने थाना प्रभारी से की मुलाकात



आजाद सिपाही संवाददाता

बरवाडीह। बरवाडीह थाना क्षेत्र के कुटुम्ब पंचायत के हड़पड़वा गांव में बीते 5 महीना पूर्व सुवेश राम का 20 वर्षीय पुत्र युवक रवि राम को नायलॉन की रस्सी से गला और मुंह दबा कर हत्या कर दी गई थी। जहां पीड़ित परिजनों का कहना है कि मेरे पुत्र की हत्या हुई 5 महीने से अधिक हो गया। लेकिन मामले में अभी तक अपराधी हत्यारा को गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। इसी मामले में भीम आर्मी जिला टीम बरवाडीह पहुंचकर पुलिस प्रशासन को जल्द से जल्द अपराधी को गिरफ्तार करने की मांग किया है।भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष जगजीवन राम ने बताया कि बरवाडीह पुलिस द्वारा अपराधी को जल्द से जल्द गिरफ्तार नहीं करती है तो भीम आर्मी बाध्य होकर आंदोलन करेगी। इस दौरान मौके पर भीम आर्मी जिला अध्यक्ष जगजीवन राम, जिला संगठन सचिव विकास कुमार, प्रखंड अध्यक्ष शाहिद हुसैन पीड़ित के परिजनों समेत काफी संख्या में महिला पुरुष थे।

**क्या कहते हैं थाना प्रभारी**

बरवाडीह प्रभारी थाना प्रभारी राहुल सिन्हा ने बताया कि पूर्व का उक्त मामला है लेकिन मामले को तहकीकात कर उद्भेदन कर लिया गया है।अभियुक्त फरार चल रही है जहां उक्त मामले में पुलिस प्रशासन के द्वारा पूरी तरह से नजर रखी हुई है जल्द से जल्द अपराधी को गिरफ्तारी की जायेगी।

# सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों में अतिरिक्त योग्यता होती है : अरुण राम

आजाद सिपाही संवाददाता



लोहरदगा। पीएमश्री विद्यालयों के शिक्षकों का पांच दिवसीय द्वितीय व अंतिम बैच के प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन डायट चिरी के सभाकक्ष में आयोजित किया गया।

पीएमश्री विद्यालयों के सर्वांगीण विकास के निमित भारत सरकार के निर्देशानुसार उक्त विद्यालय के सभी शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें ग्रीन स्कूल केलिन स्कूल, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, स्कूल लीडरशीप, मेन्टल हेल्थ, पीएमश्री स्कूल का एक्शन प्लान, नवाचार, आत्मरक्षा, व्यवसायिक शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, प्रोजेक्ट इम्पेक्ट इत्यादि विषयों पर जानकारी दी गयी। समापन समारोह में प्रशिक्षक अरुण राम ने बतलाया कि सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों में अतिरिक्त योग्यता होती है, इस अतिरिक्त योग्यता को अवसर में बदलने की आवश्यकता है। इस प्रशिक्षण का विशेष महत्व है। सभी अपने अपने विद्यालय में जाकर कार्य दायित्व का बंटवारा करते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 प्रोजेक्ट इम्पैक्ट के सभी निर्देशों को लागू करेंगे ताकि सभी बच्चों के सर्वांगीण विकास हो सके। प्रशिक्षक महबूब आलम ने बतलाया कि प्रशिक्षण के दौरान सभी का प्रदर्शन बेहतर रहा है, अब सभी का दायित्व और भी ज्यादा हो गया है। विद्यालय में जाकर बाल हित में कार्य करेंगे।

डायट चिरी के प्रभारी प्राचार्य अमृता सिन्हा ने बतलाया कि प्रशिक्षण के दौरान प्रतिदिन सभी प्रतिभागी समय से आना, दिए गए कार्यों को समय से पूरा करना एवं हरएक गतिविधि को उत्साह के साथ समय से पूरा करना देखने को मिला। अंत में प्रशिक्षण में उपस्थित शिक्षकों ने प्रशिक्षक अरुण राम, महबूब आलम एवं अमृता सिन्हा को अंगवस्त्र पहनकर तथा पुष्पगुच्छ भेटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सुजाता कुजूर, पितरूस उरांव, राजश्री भगत, पंकज कुमार, रश्मि कुजूर, खुशबू कुमारी, मीरा उरांव, सोनी टोप्पो, उर्मिला एक्का, मोनिका उरांव, समीना खातून, दुर्गी कुमारी, फुलमनी कुमारी, सरोज कुमार दुबे सहित जिला के सभी पीएम श्री स्कूल के शिक्षकों ने भाग लिया।

## वाहन के पलटने से छह मवेशियों की मौत



घाघरा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के बाबाधाम नदी पुल के समीप बीती रात 10 बजे एक मवेशी लदे पिकअप वाहन सड़क के किनारे पलट जाने से लगभग आधा दर्जन मवेशियों की मौत हो गयी। वहीं कई मवेशी गंभीर रूप से घायल है। जानकार सूत्रों ने बताया कि मवेशी लादकर एक पिकअप वाहन बिशुनपुर से घाघरा की तरफ आ रहा था। इसी दौरान किसी अन्य वाहन से उस मवेशी लदा वाहन का पीछा किया जा रहा था। भागने के दौरान वह सड़क के किनारे पलट गया और सड़क किनारे पेड़ में जाकर लटक गया। पिकअप वाहन में कुल एक दर्जन मवेशी को चारों पैर बांधकर लाद कर ले जाया जा रहा था। दुर्घटना के बाद दम घुटने से कई मवेशियों की मौत हुई। घटना की सूचना जैसे ही पुलिस को मिली पुलिस पूरी रात घटनास्थल पर ही मवेशियों का निगरानी करती रही ताकि मावशियों की जान बचायी जा सके।

## फुटबॉल प्रीमियर लीग में संत युद्ध नवडीहा रही विजयी



घाघरा (आजाद सिपाही)। फुटबॉल प्रीमियर लीग का उद्घाटन मैच रन्हे मिनी स्टेडियम में रविवार को कुहीपाट पंचायत बनाम संत युद्ध हाई स्कूल नवडीहा के बीच खेला गया। जिसमें संत युद्ध नवडीहा 4-0 से विजय रहा। फुटबॉल लीग का मुख्य उद्देश्य खिलाड़ी खेल के साथ जुड़े रहे और नशा से हमेशा दूर रहे। आयोजन कर्ता ने इसके लिए स्लोगन लिखा है जीत के लिए संघर्ष करो, हार के बाद मेहनत करो, नशे से हमेशा दूर रहो। उद्घाटन मैच में घाघरा थाना प्रभारी तरुण कुमार, विधायक प्रतिनिधि संजीव उरांव, प्रमुख सबिता देवी, पूर्व उप प्रमुख कृष्णा लोहरा, समाज सेवी अनिरुद्ध चौबे, विजय साहू, सुभाष भगत, अरुण उरांव, हरिदयाल उरांव, राष्ट्रीय रेफरी मनोज साहू सहित कई लोग मौजूद थे।

## तेज रफ्तार ट्रेलर ने पोल और पेड़ को मारी टक्कर

गुमला (आजाद सिपाही)। सेमरा जंगल के समीप सिमडेगा से गुमला की ओर आ रहा एक तेज रफ्तार ट्रेलर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पोल को टक्कर मार दिया। इसके बाद एक पेड़ को टक्कर मारते हुए दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना में ट्रेलर दो भाग में टूट कर अलग हो गया और सड़क के बीच फंस गया। इसके बाद सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गयी। बरसात होने के कारण सड़क के किनारे से भी लोगों का निकलना मुश्किल हो गया।

# सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू, आज होगा फाइनल

आजाद सिपाही संवाददाता



गुमला। रविवार को झारखंड शिक्षा परियोजना गुमला द्वारा जिला स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता आरंभ किया गया। जिसका शुभारंभ उपायुक्त गुमला कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने सभी खिलाड़ियों से मुलाकात की एवं उनका मनोबल बढ़ाया उन्होंने खिलाड़ियों को पूरे ईमानदारी और लगन के साथ खेलने की बात कही। उन्होंने कहा कि यह मौका है अपने प्रतिभा को दिखाने का, जिला स्तरीय विजेता टीम 2 जुलाई को राज्य स्तर पर होने वाले प्रतियोगिता में भाग लेंगे। उपायुक्त ने कहा कि हार एवं जीत खेल का हिस्सा है जो भी टीम जीत हासिल नहीं कर पायेगी वे अपने हार से सीख लेंगे एवं आगे और बेहतर करने के लिए मेहनत करेंगे। सभी खिलाड़ी अपना बेहतर प्रदर्शन करें।

संत इग्नेसियस उच्च विद्यालय तथा संत पैट्रिक विद्यालय परिसर में आयोजित इस प्रतियोगिता में जिले के सभी प्रखंड स्तर की अंडर 17 बालिका एवं बालक तथा अंडर 15 बालक वर्ग की टीम भाग ले रही है। जिला शिक्षा पदाधिकारी नूर आलम खां के नेतृत्व में शिक्षा विभाग के कर्मियों और साधनसेवियों द्वारा संचालित इस प्रतियोगिता का 01 जुलाई को पुरस्कार वितरण के साथ समापन किया जायेगा ।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला शिक्षा पदाधिकारी नूर आलम खां, जिला खेल पदाधिकारी मनोज कुमार, एडीपीओ पियुष कुमार सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें।

**संदेश : प्रो सुभाषचंद्र की लिखित पुस्तक 'कोयल की धारा' का लोकार्पण**

# कोयल नदी पलामू का शृंगार है : इंदर सिंह नामधारी

## 'कोयल की धारा' पढ़कर इसे पवित्र और स्वच्छ रखने की शिक्षा मिलेगी: अरुणा शंकर

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू के वरिष्ठ साहित्यकार प्रो सुभाषचंद्र मिश्रा की लिखित पुस्तक 'कोयल की धारा' का लोकार्पण रविवार को जेएमपी कॉम्प्लेक्स में झारखंड के प्रथम विधानसभा अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी, पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी, पूर्व महापौर अरुणा शंकर और प्रो केके मिश्रा ने किया। समारोह की अध्यक्षता प्रो दयाशंकर श्रीवास्तव और संचालन शिक्षक परशुराम तिवारी ने किया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित इंदर सिंह नामधारी ने कहा कि कोयल नदी पलामू का श्रृंगार है। सुभाष जी मेरे छोटे भाई की तरह हैं। उन्होंने अपनी पुस्तक में प्रकृति के सौंदर्य के साथ ही इससे जुड़ी समस्याओं को भी दिखाया है। वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रो दया शंकर श्रीवास्तव ने कहा कि रचनाकार ने साहित्य के माध्यम से उन सभी विषयों को उठाया है जिसके लिए पर्यावरणविद संघर्ष करते रहे हैं।



'कोयल की धारा' पुस्तक का विमोचन करते झारखंड विधानसभा के प्रथम अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी, पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी, पूर्व मेयर अरुणा शंकर व अन्य।

साहित्य समाज का दर्पण होता है इसे इस पुस्तक ने चरितार्थ किया है। पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने कहा कि कोयल की धारा देख-देख कर हम बड़े हुए हैं। पलामूवासियों के लिए इसकी पवित्रता गंगा और नर्मदा से कतई कम नहीं है। पुस्तक में कोयल को बांधने की इच्छा जताई गई है। हम कोयल को जगह-जगह बांधकर पलामू की प्यास बुझाएंगे। वहीं, पूर्व मेयर अरुणा शंकर ने कहा कि 'कोयल की धारा' पढ़कर हम सभी को इसे पवित्र और स्वच्छ रखने की शिक्षा मिलेगी। प्रो केके मिश्रा ने कहा कि कोयल की धारा एक यात्रा वृतांत नहीं, बल्कि एक जीवन दर्शन है। जिसे ध्यान से समझने की आवश्यकता है। जीवन का प्रारंभ और विकास नदी की ही भांति होता है। कवि राकेश कुमार ने विषय प्रवेश कराते हुए कहा कि पुस्तक में चार रेडियो रूपक हैं जिनमें इतिहास, भूगोल, साहित्य और दर्शन का समावेश है। साहित्यानुरागी आलोक तुलस्यान ने कहा कि इस पुस्तक में पलामू के बारे में बहुत ही रोचक जानकारी है। लोकार्पण समारोह में कलाकार प्रेम भसीन, कवि हरिवंश प्रभात, समाजसेवी अविनाश देव, पूर्व छात्र नेता अभय तिवारी, समाजसेवी अमित तिवारी, प्रियरंजन पाठक, पंकज श्रीवास्तव, अनुपमा तिवारी ने भी अपने विचार रखे। वहीं, कवि राम प्रवेश पंडित ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। प्रो मिश्रा के पुत्र वरिष्ठ पत्रकार प्रभात सुमन ने स्वागत उद्बोधन किया एवं शुभ्रा मिश्रा मानसी ने 'कोयल की धारा' गीत की प्रस्तुति की। शालिनी श्रीवास्तव ने एक गीत के माध्यम से सुरीले स्वर में जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। रेडियो उद्घोषिका अनुपमा तिवारी ने 'कोयल की धारा' के रेडियो रूपांतरण से जुड़ी यादें साझा की। जबकि पुस्तक के लेखक प्रो सुभाष चंद्र मिश्रा ने कहा कि साहित्य में एक पंक्ति लिखकर अमरत्व प्राप्त किया जा सकता है। साहित्य की भाषा सरल होती है पर उसके अर्थ सरल नहीं होते। उन्होंने पुस्तक के निर्माण में सहयोग के लिए सबका आभार व्यक्त किया। धन्यवाद ज्ञापन दिल्ली विश्वविद्यालय की शोध छात्रा एवं प्रो मिश्रा की नतिनी वेदिका मिश्रा ने किया। मौके पर प्रो मिश्र की पत्नी बसंती मिश्रा, बहू रागिनी मिश्रा व अलका मिश्रा, पुत्री प्रियंका मिश्रा, अशोक मिश्रा, संतोष मिश्रा, शैलेन्द्र पाठक, सतीश पाठक, अभय तिवारी, अनुज कुमार पाठक, अजय मिश्रा, रमेश सिंह, रमेश पांडेय, उमेश कुमार पाठक रेणु, रमेश पाठक, सुमन मिश्रा, विमल कुमार, अनुपमा तिवारी, रीना प्रेम दूबे, दिनेश कुमार शुक्ला, रविशंकर पांडेय, देवेंद्र पाठक, अजीत पाठक आदि उपस्थित थे।

# जिप उपाध्यक्ष ने की पूर्व सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात, कहा संविधान-संघर्षों की हुई जीत

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** पलामू जिला परिषद के उपाध्यक्ष सह झामुमो के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जेल से बाहर आने के बाद उनके रांची स्थित आवास पर जाकर मुलाकात की। उन्हें बुके देकर बधाई दी। टूटू सिंह ने कहा कि संविधान, सच्चाई व हेमंत सोरेन के संघर्षों की जीत हुई है। केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग करने की साजिश नाकाम हुई है। झारखंड हाईकोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जमानत देकर जो टिप्पणी की है, उसने भाजपाइयों को कठघरे में खड़ा कर दिया है। हेमंत सोरेन को जमानत मिलने के साथ कोर्ट की टिप्पणी उन्हें बेदाग साबित करती है। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन को विश्वास दिलाया कि जहां भी उनकी आवश्यकता होगी, पार्टी को आगे बढ़ाने में वह अपनी पूरी शक्ति लगा देंगे।

# झारखंड सरकार अपने वादों को पूरा करने में विफल रही है: विनोद तिवारी

**झारखंड राज्य सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा ने सरकार के विरोध में निकाला मशाल जुलूस**

आजाद सिपाही संवाददाता




**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के राज्य कमेटी की ओर से निर्धारित कार्यक्रम के तहत रविवार को मशाल जुलूस निकाला गया। जुलूस जिला स्कूल चौक से प्रारंभ होकर छह मुहान पर समाप्त हुआ। जिसमें झारखंड के विधायक शर्म करो, झारखंड सरकार मुदार्बाद, लूट राज बंद करो आदि नारे लगाए जा रहे थे। छह मुहान चौक पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष विनोद तिवारी ने कहा कि हेमंत सोरेन ने चुनाव से पहले वादा किया था कि हमारी सरकार बनते ही तीन महीने के अंदर पारा शिक्षकों को स्थाई शिक्षक बनाकर वेतन देंगे। पर उक्त वादे को अब तक पूरा नहीं किया गया। सरकार ने सहायक अध्यापकों के लिए जो नियमावली बनाये वह एक कोरा कागज साबित हो रहा है। यहां तक की अपने कैबिनेट में भी नियमावली में आवश्यक सुधार करने से असफल रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राज्य सरकार सहायक अध्यापकों को वेतनमान देना तो दूर अब तक राज्य कर्मी का दर्जा भी नहीं दिया है। कहा कि सहायक अध्यापकों के लिए कोई चिकित्सा सुविधा भी नहीं है। सहायक अध्यापकों में सरकार के प्रति असंतोष व आक्रोश है। आंदोलन रोक पाना नेता के बस से बाहर है। सहायक अध्यापकों के कई संघों ने मिलकर आंदोलन का आगाज प्रारंभ कर दिया है। मशाल जुलूस का नेतृत्व अमलेश चौरसिया, अनुराग सिंह व विकास मिश्रा ने किया। इस मौके पर अनुज दूबे, इमामुद्दीन अंसारी, रामरूप चौरसिया, नित्यानंद दूबे, धनंजय चौरसिया, संजय सिंह, विनय तिवारी, राजेंद्र दीक्षित, अरविंद चंद्रवंशी, शिव शंकर चौधरी, राजाराम सिंह, इस्माइल अंसारी व अमरेश प्रजापति आदि शामिल थे।

## काजरात नावाडीह स्टेशन पर हुआ आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम का शुभारंभ

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** पूर्व मध्य रेल के डीडीयू रेल मंडल रिकॉर्ड अवसंरचना का विकास, उन्नयन व आधुनिकीकरण जैसे कार्य करते हुए सुचारू रेल परिचालन एवं परिचालन क्षमता में वृद्धि का भी निरंतर कार्य कर रहा है। इसी क्रम में काजरात नावाडीह रेलवे स्टेशन पर आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम की स्थापना की गई। जिसका शुभारंभ डीडीयू रेल मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक दिलीप कुमार की उपस्थिति में हुई। नए सिस्टम के साथ रेल परिचालन का शुभारंभ भी किया गया। अपर मंडल रेल प्रबंधक दिलीप कुमार ने कहा कि सैकड़ों रेल कर्मियों की कठिन श्रम और कड़ी मेहनत की बदौलत मल्टी सेक्शन डिजिटल एक्सल काउंटर, हैसडैग, भीडीयू जैसे कई नयी तकनीक से स्टेशन को लैस कर दिया गया है। नयी तकनीक से लैस इस स्टेशन को 80 रूट क्षमता के साथ सोननगर से मोहम्मदगंज स्टेशन के साथ तिसरी लाईन की सुविधा से भी लैस किया गया है। रेलवे स्टेशन पर स्थापित अत्याधुनिक इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम समग्र रूप से रेल परिचालन क्षमता वृद्धि में और सहायक होगा। इस दौरान एडीआरएम के साथ रेल विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# विधायक ने की एचएमएस की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशि भूषण मेहता ने अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक की। जिसमें अस्पताल के बाहर दुकान बनाने सहित कई आवश्यक निर्णय लिए गए। अस्पताल में एक्स-रे संयंत्र के अधिष्ठापन का निर्णय लिया गया। मॉड्यूलर ओटी, प्रसव कच्छ और डॉक्टर एवं एएनएम रूम को अपग्रेड करने का निर्णय लिया गया। प्रभारी चिकित्सा प्राधिकारी ने अस्पताल के कई आवश्यक जगह पर एसी लगाने का प्रस्ताव लाया जिसे पारित किया गया। अस्पताल का सुंदरीकरण एवं आय संवर्धन के लिए अस्पताल परिसर के बाहर खाली पड़े जमीन पर विधायक निधि से दुकान एवं सामुदायिक शौचालय बनवाने का निर्णय लिया गया। साथ ही सिजेरियन ऑपरेशन की सुविधा एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन की सुविधा के साथ कुपोषण उपचार केंद्र बनाए जाने का निर्णय लिया गया है। बैठक में प्रमुख सुनील कुमार पासवान, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजीव रंजन, बीपीएम राजकुमार सिंह, बैम मोहम्मद शकीरा, डॉ रेशु रंजन, डॉ अरुण चंद्र मोहन्ता, राजीव रंजन, प्रवीण कुमार मौजूद थे।

# वित्त रहित शिक्षकों व कर्मियों ने विधायक आवास को घेरा

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** विधानसभा क्षेत्र के वित्त रहित शिक्षक-कर्मचारियों ने अपनी मांगों के समर्थन में विधायक कमलेश कुमार सिंह के हुसैनाबाद स्थित आवास का घेराव किया। इसके बाद विधायक ने झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को पत्र प्रेषित किया है। विधायक ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि अनुदानित इंटर कॉलेजों, उच्च विद्यालयों, संस्कृत एवं मदरसा विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक कर्मचारियों को सरकार राज्यकर्मी का दर्जा दे। साथ ही अनुदान के राशि में हुई बढ़ोतरी के प्रस्ताव जो विभाग में लंबित है, उसे मंत्री परिषद से पारित कराए।



उन्होंने लिखा है कि उनके विधानसभा क्षेत्र में विगत 25-30 वर्षों से भी ज्यादा समय से विषयांकित संस्थाएं चल रही है, जिसमें आस-पास के आर्थिक दृष्टिकोण से कमजोर, अनुसूचित जाति/जनजाति एवं अल्पसंख्यक छात्र- छात्रा पढ़ते हैं। इन संस्थाओं में कार्यरत शिक्षक-कर्मचारियों को सरकार वेतन नहीं देती है। शिक्षक व कर्मचारी अनुदान पर सेवा दे रहे हैं। अनुदान वर्ष में एक बार मिलता है। उन्होंने कहा कि अनुदान की राशि इस महंगाई के दौर में काफी कम है। कहा कि अगर वित्त रहित शिक्षक व कर्मचारियों को सरकार न्याय नहीं देगी तो उनके साथ हुसैनाबाद का विधायक होने के नाते मांगों के समर्थन में आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

## मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा संपन्न अनुपस्थित रहे 220 परीक्षार्थी



आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** विभागीय निर्देश पर रविवार को हुसैनाबाद के स्तरोन्नत उच्च विद्यालय कामगारपुर में मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा 2024 ली गयी। जिसमें 380 परीक्षार्थियों ने हिस्सा लिया। जबकि 220 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। उक्त परीक्षा के लिए 600 विद्यार्थियों ने फॉर्म भरा था। इस दौरान हुसैनाबाद प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी नरेश राम ने परीक्षा भवन का निरीक्षण किया। केंद्राधीक्षक व वीक्षकों को कई निर्देश दिये। इस मौके पर केंद्राधीक्षक विश्वजीत कुमार चौबे, वीक्षक भंवर सिंह, अंगद प्रसाद, कुमारी अलका और रमेश कुमार आदि सक्रिय रहे।

## सूर्या ने ट्रॉफी के साथ सोते हुए फोटो शेयर की



**कहा- रात की नींद अच्छी होगी; हार्दिक ने लिखा- यह कोई सपना नहीं, सच है**

**बारबाडोस (एजेंसी)।** टीम इंडिया ने टी20 वर्ल्ड कप-2024 का खिताब जीत लिया है। भारत की जीत में ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या की अहम भूमिका रही। पंड्या ने भारत और साउथ अफ्रीका के बीच खेले गए फाइनल मैच में 3 ओवरों में 20 रन देकर 3 विकेट झटके। हार्दिक भारत की जीत के बाद काफी देर तक रोते दिखे। हार्दिक ने बल्लेबाजी में तो सिर्फ 5 रन बनाए, लेकिन गेंद से कमाल कर दिया। उन्होंने 27 गेंदों पर 52 रन बना चुके हेनरिक क्लासन का महत्वपूर्ण विकेट लिया। आखिरी ओवर में जब साउथ अफ्रीका को 12 रन चाहिए थे, तब डेविड मिलर को और कगिसो रबाडा को आउट किया। जीत के बाद हार्दिक ने रविवार को ट्रॉफी के साथ फोटो शेयर की है। लिखा- 'सुप्रभात, भारत। यह कोई सपना नहीं था, यह सच है। हम वर्ल्ड चैंपियन हैं।'

## पेयजल समस्या का जल्द समाधान हो, नहीं तो बड़े आंदोलन को तैयार है पलामू: आशीष



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** 'पानी नहीं तो वोट नहीं', 'पलामू को पानी दो', 'कोयल नदी पर बराज बनाओ' के नारे के साथ विगत पंद्रह दिनों से लगातार चल रहे पानी यात्रा के पहले चरण को विराम दिया गया। शहर में व्याप्त भीषण पेयजल संकट के विरोध में डॉ राजेन्द्र प्रसाद चौक (छहमुहान) पर घड़ा, तसला, बाल्टी, नाद, गैलन आदि जल संचय के पारंपरिक वस्तु के साथ हमे हमारा पानी दो, हमारे आहर, पोखर, तालाब को अतिक्रमण मुक्त करो आदि नारेबाजी की गयी। इससे पूर्व शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए संकल्प लिया गया कि जो पानी देगा उसी को वोट देना है। युवाओं की टीम का नेतृत्व कर रहे आशीष भारद्वाज ने कहा कि विधानसभा व नगरनिगम चुनाव लड़ने वाले सभी प्रत्याशियों को पेयजल आपूर्ति पर ठोस कदम उठाना होगा। उन्हें अपने घोषणापत्र में पेयजल उपलब्ध कराने को पहला प्राथमिकता देना होगा नहीं तो पेयजल संकट झेल रहे शहरवासियों का आक्रोश झेलना पड़ेगा। कहा कि 'पानी यात्रा' किसी व्यक्ति विशेष की नहीं , बल्कि संपूर्ण पलामू की मांग है। आज शहर के 90 फीसदी भाग पेयजल संकट से जूझ रहा है, पर कोई हमारी सुध लेने वाला नहीं है। कहा कि जब भी पलामू के धरती पर बदलाओ की बात होगी सभी पानी यात्रियों का नाम लिया जाएगा। हमारे यात्रा के दौरान चलाये गये हस्ताक्षर सह जनजागरण अभियान के तहत संकलित सभी मामलो को लेकर हम बहुत जल्द अपने जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों और मुख्यमंत्री जी से मुलाकात कर पेयजल संकट के सीमित समय में समाधान करने का ज्ञापन देंगे। बताते चलें की मेंदिनीनगर नगरनिगम क्षेत्र के युवाओं ने एक टीम गठित कर पूरे निगम क्षेत्रवासियों के बीच पहुंचकर उनकी समस्या को नजदीक से देखने का प्रयास किया। 15 दिनों से चल रहे इस अभियान में शहर के लगभग ड्राई जोन एरिया का दौरा किया गया। पानी यात्रा के विराम दिवस के दिन शैलेश तिवारी, सोनू नामधारी, बबलू चावला, नवीन तिवारी, मुकेश तिवारी, पिंकू तिवारी, साहेब सिंह नामधारी, मनीष सिंह, धनंजय सोनी, निरंजन मेहता, शशांक सुमन, आनंद दूबे, ज्ञानेश तिवारी, राकेश तिवारी, सोनू पांडेय, वीरमणी तिवारी, आशा शर्मा, संध्या शेखर, शालिनी श्रीवास्तव, वैजंती जी, वीणा जी, इंदू तिवारी, फोटू दूबे आदि मौजूद थे।

# स्पोर्ट्स



टीम इंडिया ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर टी-20 विश्व विजेता बन गयी। इसके साथ ही टीम भारतीय टीम के तीन दिग्गज खिलाड़ियों कप्तान रोहित शर्मा, विरोट कोहली और ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने टी-20 से सन्यास से लिया।

# विराट-रोहित के बाद जडेजा का भी टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास

## 15 साल के करियर में 74 मैच खेले, 515 रन बनाये और 54 विकेट लिये

एजेंसी

**नई दिल्ली।** बारबाडोस में साउथ अफ्रीका को फाइनल में सात रनों से हराकर 17 साल बाद टी-20 वर्ल्ड कप जीतने के साथ ही शनिवार को भारतीय टीम के दो दिग्गज खिलाड़ी कप्तान रोहित शर्मा और किंग कोहली के नाम ने विख्यात विराट कोहली ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से सन्यास लेने की घोषणा कर कर जीत के जश्न में डूबे करोड़ों देशवासियों को झटका दिया था। इसके कुछ घंटे बाद ही रविवार को भारतीय ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने भी टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट से सन्यास का ऐलान कर दिया।




### जडेजा ने इंस्टाग्राम पोस्ट पर दी जानकारी

रवींद्र जडेजा ने इंस्टाग्राम पर लिखा, पूरे दिल से आभार जताते हुए मैं टी 20 इंटरनेशनल मैचों को अलविदा कहता हूं। मैंने हमेशा अपने देश के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ दिया है और अन्य फॉर्मेट में भी ऐसा करना जारी रखूंगा। टी-20 वर्ल्ड कप जीतना एक सपना सच होने जैसा था। आप लोगों के अटूट विश्वास के लिए धन्यवाद। जय हिंद।

### अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 2009 में किया था डेब्यू

रवींद्र जडेजा ने भारत के लिए 2009 में डेब्यू किया था। टी-20 फॉर्मेट में उन्होंने कुल 74 मैच खेले। उन्होंने 127.16 के स्ट्राइक रेट से 515 रन बनाए और 54 विकेट अपने नाम किए। इसके अलावा बाएं हाथ के गेंदबाज भारतीय टी-20 टीम में 2009 से 2024 तक शामिल रहे। इस दौरान उन्होंने कुल 30 मैच खेले। इनमें जडेजा ने 130 रन बनाए और 22 विकेट अपने नाम किए। वहीं, एशिया कप में उन्होंने 6 मैच खेले। इनमें उन्होंने दो पारियों में 35 रन बनाए। बतातें चलें कि रवींद्र जडेजा ने इस पूरे टूर्नामेंट में 8 मैचों की पांच पारियों में मात्र 36 रन बनाए। इस दौरान उनके स्कोर 2, 17, 9, 7, 10 रहे। इतना ही नहीं, गेंदबाजी में भी उन्होंने सिर्फ एक विकेट लिया।

## वर्ल्ड कप जिताकर रोहित-विराट का टी-20 से संन्यास

**16 साल, 9 महीने और 5 दिन बाद भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप जीतने का इंतजार खत्म कर दिया। यह संभव हुआ कप्तान रोहित शर्मा की ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड के खिलाफ अटैकिंग फिफ्टी और विराट कोहली की प्लेयर ऑफ द फाइनल परफॉर्मेंस से। रोहित-विराट के साथ टीम के बाकी खिलाड़ी भी अहम रहे, लेकिन इंडियन क्रिकेट के इन 2 दिग्गजों ने भारत की वर्ल्ड कप भूख खत्म करते ही टी-20 से संन्यास ले लिया**

# विधिक जागरूकता शिविर की जानकारी पंचायत प्रतिनिधियों को नहीं, प्रखंड प्रमुख ने किया विरोध

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय परिसर में मेगा विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। जिसमें सिर्फ अधिकारियों व कर्मचारियों को आमंत्रित कर बीडीओ क्या साबित करना चाहते हैं। प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने कहा कि बीडीओ विधिक जागरूकता में खुद नियम की अनदेखी कर रहे हैं। उन्होंने इस शिविर कि सूचना पंचायत प्रतिनिधियों तक को भी नहीं दी। अगर पंचायत प्रतिनिधियों को जानकारी होती तो आम जनता भी शिविर से लाभ उठा पाती। प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने बीडीओ पर केवल विभाग को ही पत्र प्रेषित करने का आरोप लगाया है। कहा कि कार्यक्रम में एक भी जनप्रतिनिधि भाग नहीं लेंगे। उन्होंने हुसैनाबाद बीडीओ पर तानाशाही रवैया अपनाने का भी आरोप लगाया है। वहीं, मीडिया को भी प्रखंड में होने वाले किसी भी कार्यक्रम की सूचना नहीं दिए जाने का आरोप लगा है। मीडिया कर्मियों ने भी सभी कार्यक्रमों का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 01 जुलाई, 2024
www.azadsipahi.in


## बिहार के बाद झारखंड में 'पुल हादसा', पांच करोड़ की लागत से हो रहा था निर्माण

# गिरिडीह में अरगा नदी पर बन रहा पुल गिरा

**मॉनसून की पहली बारिश भी नहीं झेल पाया अरगा नदी का पुल**

आजाद सिपाही संवाददाता


गिरिडीह के अरगा नदी पर निर्माण कार्य के दौरान टूटा ब्रिज।

**गिरिडीह।** बिहार के बाद अब झारखंड में भी एक पुल गिर गया है। गिरिडीह के देवरी थाना क्षेत्र स्थित अरगा नदी पर निमार्णाधीन ब्रिज पहली बारिश भी नहीं झेल सका। फतेहपुर भेलवाघाटी सड़क के डुमरीटोला और कारीपहरी गांव के बीच बना अरगा नदी का पुल मानसून की पहली बारिश भी नहीं झेल पाया और गिर गया। ग्रामीणों ने बताया कि पुल का निर्माण साढ़े पांच करोड़ रुपये की लागत से हो रहा था। पुल के काम की जिम्मेदारी ओम नमः शिवाय कंस्ट्रक्शन नामक एजेंसी को मिली थी। ग्रामीणों ने बताया कि मूसलाधार बारिश के कारण नदी का जलस्तर बढ़ गया था। नदी की तेज धारा में निमार्णाधीन पुल का गडर टूट कर गिर गया। इसके अलावा एक पाया भी टेढ़ा हो गया।

### लोगों में आक्रोश

जानकारी के मुताबिक पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल गिरिडीह की ओर से साढ़े पांच करोड़ रुपये की प्राक्कलित राशि से पुल बनवाया जा रहा था। कार्य ओम नमः शिवाय कंस्ट्रक्शन द्वारा करवाया जा रहा था, जो ढह गया। इस घटना के बाद लोगों में आक्रोश व्याप्त है। लोगों का कहना है कि भ्रष्टाचार के कारण यह घटना घटी है। इस घटना के पीछे जितने संवेदक जिम्मेदार हैं, उतनी ही जवाबदेही पथ निर्माण विभाग की भी है। पथ निर्माण विभाग के अधिकारियों की सीधी लापरवाही के कारण यह घटना घटी है। इधर, पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता विनय कुमार ने कहा है कि भारी बारिश के कारण पुल हल्का सा डैमेज हुआ है। अभी वे घटनास्थल पर जा रहे हैं। पूरी जांच होने के बाद ही कुछ कहा जा सकेगा।

# हेमंत है तो हिम्मत है: अनुपमा सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद/धनसार।** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन की कार्यकारी अध्यक्ष अनुपमा सिंह ने राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आवास पर जाकर रविवार को उनसे मुलाकात की और पुष्प गुच्छ देकर शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी। कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले षड्यंत्र के तहत हेमंत सोरेन की लोकप्रियता से घबराई केंद्र सरकार ने जेल में डलवा दिया था। बावजूद इसके हेमंत सोरेन डरे-दबें नहीं, बल्कि झारखंड और आदिवासियों की आवाज बुलंद करते रहे। हालांकि सच ना ही दबता है ना ही झुकता है। सबुत नहीं मिलने के कारण झारखंड हाई कोर्ट ने भी हेमंत सोरेन को जमानत दे दिया। साथ ही कहा कि किसी भी रजिस्टर/राजस्व रिकॉर्ड में उक्त भूमि के अधिग्रहण और कब्जे में याचिकर्ता की प्रत्यक्ष भागीदारी का कोई संकेत नहीं है। आज सच्चाई की जीत हुई है। हेमंत सोरेन के बाहर आने से आइएनडीआइए महागठबंधन एवं कार्यकर्ताओं में नई ताकत और ऊर्जा का संचार हुआ है। मैं विश्वास दिलाती हूं कि झारखंड की जनता इस बार भाजपा को जड़ से उखाड़ फेंकेंगी।

# आदिवासी महानायकों के दिखाये मार्ग पर चलने की जरूरत है : लक्खी सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनबाद।** झामुमो धनबाद समिति की ओर से कुर्मीडीह स्थित जिला कार्यालय में रविवार को हूल दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष लक्खी सोरेन और संचालन जिला प्रवक्ता समीर रवानी ने किया। जिलाध्यक्ष ने स्वतंत्रता संग्राम के महान योद्धा सिधो कान्हू की तस्वीर पर माल्यार्पण कर नमन किया। इसके बाद अन्य लोगों से बारी-बारी से तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर महान स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया। अपने संबोधन में लक्खी सोरेन ने कहा कि आज ही के दिन (30 जून 1855) आदिवासी भाइयों सिद्धो-कान्हो और चांद-भैरव के नेतृत्व में भोगनाडीह में लगभग 50 हजार आदिवासियों ने महाजनी प्रथा और ब्रिटिश बंदोबस्त नीति के खिलाफ विद्रोह का बिगुल फूंक दिया था। जिसका मुख्य उद्देश्य अंग्रेजी हुकूमत द्वारा आदिवासियों के कृषि कर के नाम पर 50 से 500 प्रतिशत वसूलना बंद करवाना था। आदिवासियों ने एकजुट होकर अंग्रेजों के इस शोषण के खिलाफ आवाज उठाई और निष्कर्ष निकाला कि वे खुद को स्वतंत्र घोषित करेंगे और भू-राजस्व नहीं देंगे। इसके बाद स्थानीय जमींदारों और अंग्रेजी सरकार से आए उद्यमियों को भी मौत के घाट उतार दिया गया। इस मौके पर केंद्रीय सदस्य कंसारी मंडल, धरनीधर मंडल, जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह, जिला प्रवक्ता समीर रवानी, जिला सह सचिव एजाज अहमद, टिंकू अंसारी, भरत कालिंदी, पवन माझी, राकेश मसीह और जूनैद आलम आदि मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### भाजपाइयों ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' का 111वां प्रसारण रविवार को भाजपा चास नगर उत्तरी के कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने बूथों पर सुना। चास नगर उत्तरी के अध्यक्ष पन्नालाल कांदू व नगर प्रभारी सह जिला महामंत्री संजय त्यागी संग बूथ संख्या 392 पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनी। प्रधानमंत्री ने कहा कि 30 जून एक महत्वपूर्ण दिन है, क्योंकि आज 'हूल दिवस' मनाया जाता है। कहा कि यह दिन वीर सिद्धो-कान्हू के अदम्य साहस से जुड़ा है, जिन्होंने ब्रिटिश शासकों के अत्याचारों का विरोध किया था। उन्होंने 1855 में झारखंड के संथाल परगना में हजारों संथाल लोगों को अंग्रेजों के विरुद्ध संघर्ष के लिए एकजुट किया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि झारखंड के इन सपूतों का सर्वोच्च बलिदान आज भी लोगों को प्रेरित करता है। उन्होंने विश्व पर्यावरण दिवस पर इस वर्ष शुरू किए गए विशेष अभियान 'एक पेड़ मां के नाम' का उल्लेख किया। साथ ही लोगों से अपील की कि वे अपनी मां के साथ या अपनी मां की स्मृति में एक पेड़ लगाएं। पीएम ने कहा कि इस अभियान से धरती माता को भी लाभ होगा और उसकी रक्षा भी होगी। मौके पर पन्नालाल कांदू, राजेश घोषाल, पिंटू पाल, सेंटी कांदू, धर्मेंद्र बाउरी, गीता देवी, ममता देवी, तरुबाला देवी, बालिका देवी, पिंकी देवी, बजरंग कान्दु, अजीत शर्मा, हरेकृष आदि मौजूद थे।

# संथाल विद्रोह ने आजादी के संघर्ष को नया आयाम दिया था: उमाकांत

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** आजसू ने 30 जून 1855 को संथाल में अंग्रेजों द्वारा दमन किए शहीदों को रविवार को चंदनकियारी कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित कर स्मरण किया। महानायक सिद्धू कान्हु, चांद भैरव के चित्र पर पुष्प अर्पित किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री उमाकांत रजक ने कहा कि सिद्धो-कान्हु व चांद भैरव के नेतृत्व में 30 जून 1855 को हुई जनसंघर्ष में देश की आजादी के लिए हो रहे आंदोलन में एक नया आयाम दिया था। उससे प्रेरणा लेकर लोगों में शहीदी का जुनून पैदा हुआ था। अंग्रेजों से संघर्ष में हो रहे मृत्यु को पुण्य का काम मानने लगे। कहा कि झारखंड की मिट्टी बलिदानियों की खून से सनी है। इसे शासन में बैठे लोग भूल गए हैं। झारखंडी मिट्टी से भ्रष्टाचार को खदेड़ने के लिए एक हुल की जरूरत है। इसके लिए आजसू झारखंडी माटी से भ्रष्टाचार को खदेड़ों कार्यक्रम चलाएगी। मौके पर मिथिलेश महतो, बाटुल राय, तपन रजवार हानिफ अंसारी, जादू रवानी, महाराज महतो, राजीव रंजन झा, गनेश महतो, मनोज शर्मा आदि थे।

# आजादी की पहली लड़ाई थी हूल क्रांति: प्रेम

**आजसू ने खरखरी बाजार स्थित सांसद आवासीय कार्यालय में मनाया हूल दिवस**

आजाद सिपाही संवाददाता



**महुदा।** खरखरी बाजार स्थित सांसद आवासीय कार्यालय में रविवार को आजसू के प्रखंड सचिव प्रेम कुमार तिवारी के नेतृत्व में 'हूल दिवस' मनाया गया। पार्टी नेताओं-कार्यकर्ताओं ने सभी हूल क्रांति के महानायक सिद्धों-कानू, चांद-भैरव और फूलो-झानू सहित सभी वीर योद्धाओं को श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया। इस असर पर प्रेम तिवारी ने कहा कि जिस दिन झारखंड के आदिवासियों ने अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह किया था। उस दिन को 'हूल क्रांति दिवस' के रूप में मनाया जाता है। इस युद्ध में करीब 20 हजार आदिवासियों ने अपनी प्राणों की आहूति दी थी। आदिवासियों ने 30 जून, 1855 को सिद्धू और कान्हू के नेतृत्व में, मौजूदा साहेबगंज जिले के भगनाडीह गांव से विद्रोह शुरू हुआ था। सिद्धू ने नारा दिया था, 'करो या मरो, अंग्रेजों हमारी माटी छोड़ो'। प्रेम तिवारी ने बताया कि मौजूदा संथाल परगना का इलाका बंगाल प्रेसिडेंसी के अधीन पहाड़ियों एवं जंगलों से घिरा क्षेत्र था। ईस्ट इंडिया कंपनी ने राजस्व बढ़ाने के मकसद से वहां जमींदारो की फौज तैयार की। जो पहाड़िया, संथाल और अन्य निवासियों से जबरन लगान वसूलने लगे। लगान देने के लिए उनलोगों को साहूकारों से कर्ज लेना पड़ता और साहूकार के भी अत्याचार का सामना करना पड़ता था। इससे लोगों में असंतोष की भावना मजबूत होती गई। सिद्धू, कान्हू, चांद और भैरव चारों भाइयों ने लोगों के असंतोष को आंदोलन में बदल दिया। आंदोलन को दबाने के लिए अंग्रेजों ने इस इलाके में सेना भेज दी। आंदोलनकारियों को नियंत्रित करने के लिए मार्शल लॉ लगा दिया गया। आंदोलनकारियों की गिरफ्तारी के लिए अंग्रेज सरकार ने पुरस्कारों की भी घोषणा की थी। बहराइच में अंग्रेजों और आंदोलनकारियों की लड़ाई में चांद और भैरव शहीद हो गए। जब तक एक भी आंदोलनकारी जिंदा रहा, वह लड़ता रहा। इस युद्ध में करीब 20 हजार आदिवासियों ने अपनी जान दी थी। सिद्धू और कान्हू के करीबी साथियों को पैसे का लालच देकर दोनों को भी गिरफ्तार कर लिया गया और फिर 26 जुलाई को दोनों भाइयों को भगनाडीह गांव में खुलेआम एक पेड़ पर टांगकर फांसी की सजा दे दी गई। इस तरह सिद्धू, कान्हू, चांद और भैरव, ये चारों भाई सदा के लिए भारतीय इतिहास में अपना अमिट स्थान बना गए। मौके पर विकाश सरकार, गोल्डन तिवारी, विक्रम कुमार, प्राण बाऊरी, जयराम कुमार, बीरु सिंह, मनोज पाण्डेय, शेख संटू, किशोर कुमार, चंदन सिंह, शेख मोबिन, जितन नापीत, ओम पाण्डेय, मुकेश महतो, अनीश कुमार आदि थे।

# आजसू ने संथाल हूल के महानायक सिदो-कान्हू चांद-भैरव व फूलो-झानो का मनाया शहादत दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता



**तोपचांची।** गोमो रोड स्थित जागेश्वर मेडिकल के परिसर में रविवार को हुल दिवस के अवसर पर आजसू की तोपचांची इकाई की ओर से संथाल हूल के महानायक सिद्धे-कान्हों, चांद-भैरव और फूलो-झानो की शहादत दिवस मनाया। आजसू के जिला संगठन सचिव सदानंद महतो ने कहा कि ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ लड़ने वाले हमारे पूर्वज देश एवं झारखंड में हो रहे शोषण-अत्याचार से मुक्ति दिलाने में शहीद हो गए। उनके दिखाए मार्ग पर चलने की जरूरत है। यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। वहीं, हूल दिवस पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता आजसू के प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद कुमार महतो एवं संचालन जिला संगठन सचिव सदानंद महतो ने किया। इस मौके पर केंद्रीय सदस्य दयालचंद्र महतो, कार्यकारिणी जिला अध्यक्ष रमेश मुनि यादव, विनोद बिहारी महतो, आजसू के संस्थापक सदस्य शिव शंकर शर्मा, विनोद महतो, प्रखंड सहसचिव रमेश कुमार जायसवाल, सोशल मीडिया प्रभारी योगेश महतो, महिला प्रकोष्ठ की प्रखंड अध्यक्ष रुद्रनी देवी, रीना देवी, प्रियंका देवी, मधुसूदन महतो, राजू यादव, मनोज रजक, रास बिहारी प्रमाणिक, झारखंड आंदोलनकारी गिरधारी प्रसाद महतो, सूरजमल निराला आदि ने सिद्धो-कान्हो की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### वेतनमान की मांग को लेकर सहायक अध्यापकों ने निकाला मशाल जुलूस



**टुंडी (आजाद सिपाही)।** राज्यव्यापी आंदोलन के तहत रविवार को हुल दिवस पर राज्य के सभी प्रखंड मुख्यालयों में झारखंड सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के बैनर तले मशाल जुलूस निकाला जा रहा है। इस निमित टुंडी प्रखंड के सहायक अध्यापको ने प्रखंड मुख्यालय से बाजार तक कुलदीप पांडेय और अनिल राजवंशी के नेतृत्व में मशाल जुलूस निकाला। जिसमें निरंजन दे व सुशील पांडेय भी शामिल हुए। दोनों ने संयुक्त बयान जारी कर राज्य सरकार को चेताया कि तीन महीने के भीतर वेतनमान देने के अपने वादे को पूरा करे अन्यथा इससे भी उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर सुशील कुमार पांडे, राजीव सिंह, गिरीश साव, पंकज विश्वकर्मा, सतार अंसारी, अब्दुल रसीद, गाजों सिंह, अशोक महरा, लीलनाथ मंडल, पवन मंडल, मलयाशीस बनर्जी, कोमेश हंसदा, सुशील कुमार, अनोज शर्मा, भागीरथ सिंह, ईश्वर मुर्मू, नंदलाल महतो, सुरेन किस्कू, नीलांबर रजवार, पूर्वी टुंडी प्रखंड अध्यक्ष दिनेश कुमार महतो, लखन राय, इंद्रदेव राय, सुभाष महतो आदि मौजूद थे।

# गोपालपुर पंचायत भवन में लगा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत गोपालपुर पंचायत भवन परिसर में रविवार की सुबह निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन मुखिया सीखा नाग ने किया। शिविर में पंचायत क्षेत्र के लोगों ने भरपूर लाभ उठाया। मुखिया शिखा नाग ने कहा कि पंचायत में दूसरा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया है। इसमें कई तरह के डॉक्टर भी आए हैं। लोगों की सभी तरह की जांच की जा रही है। मरीजों को मुफ्त दवाई भी दी जा रही है। हमारा उद्देश्य है कि पंचायत क्षेत्र में रहने वाले सभी लोगों का किसी भी छोटी-मोटी बीमारी का इलाज मुफ्त में हो सके।

### बीएंडके में स्वच्छता पखवाड़ा का समापन




**करगली/बेरमो (आजाद सिपाही)।** सीसीएल के बीएंडके क्षेत्र के करगली स्थित ऑफिसर क्लब में 16 जून से शुरु होकर 30 जून तक चले स्वछता पखवाड़ा का रविवार को समापन हुआ। जिसकी अध्यक्षता महाप्रबंधक के रामकृष्ण और संचालन कार्मिक अधिकारी प्रेक्षा मिश्रा ने किया। इस दौरान विभिन्न तरह के कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। साथ ही समाज को स्वच्छ रखने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले क्षेत्र के स्वछता कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जूट बैग का वितरण कर समाज में प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की अपील की गई। महाप्रबंधक ने सभी विजेता एवं प्रतिभागी बच्चों को शुभकामनाएं दीं। साथ ही सभी लोगों को स्वछता के प्रति सजग रहने और इसे अपने जीवनशैली का एक हिस्सा बनाने पर जोर दिया। कहा कि सीखने की कोई उम्र नहीं होती। हमें जीवन के सभी पड़ाव पर सीखते रहना चाहिए। मौके पर प्रबंधन की ओर से एकेकेओसीपी के पीओ केएस गैवाल, बोकारो कोलियरी के पीओ एके शर्मा, स्टाफ अधिकारी कार्मिक राजिब कुमार, क्षेत्रीय वित्त प्रबंधक ज्ञानेंदु चौबे, सीएसआर अधिकारी संजीत कुमार, कार्मिक अधिकारी सुजाता सहित श्रमिक प्रतिनिधि में जिप सदस्य ओमप्रकाश सिंह उर्फ टीनू सिंह, विजय भोई, सुशील सिंह और संतोष ओझा आदि मौजूद रहे।

## बैठक : जेबीकेएसएस की महिला मोर्चा शाखा का किया गया विस्तार

# सिंदरी विस चुनाव में दर्ज करेंगे ऐतिहासिक जीत: उषा महतो

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति इस बार सिंदरी विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत को लेकर तैयारी कर चुकी हैं। झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के केंद्रीय कमेटी के निर्देश पर रविवार को धनबाद जिले के गोविंदपुर प्रखंड अंतर्गत बरवाअड्डा जोन के बड़ा पिछड़ी पंचायत कुरमीडीह गांव में लगभग 200 महिलाओं की उपस्थिति में महिला मोर्चा संगठन विस्तार, प्रखंड कमेटी पंचायत कमेटी और बूथ स्तरीय कमेटी की मजबूती प्रदान करने का निर्णय लिया गया। संगठन के केंद्रीय महासचिव उषा महतो की उपस्थिति से बरवाअड्डा जोन क्षेत्र में हुई महिला मोर्चा संगठन विस्तार को लेकर बड़ा पिछड़ी पंचायत और बरवाअड्डा जोन क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। धनबाद जिला मीडिया प्रभारी युवा क्रांतिकारी रंजीत कुमार महतो ने कहा कि इस बार सिंदरी विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक बदलाव होगा। इस मौके पर झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के केंद्रीय महासचिव महिला मोर्चा उषा महतो, धनबाद जिला मीडिया प्रभारी युवा क्रांतिकारी रंजीत कुमार महतो, बरवाअड्डा जोन अध्यक्ष हरेंद्र रजक, केंद्रीय सचिव युवा मोर्चा पप्पू पहाड़ी महतो, केंद्रीय उपाध्यक्ष युवा मोर्चा छोटा टाइगर छोटू रजक, धनबाद जिला उपाध्यक्ष प्रेम रजक आदि सभी ने झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति व झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा की महिला मोर्चा संगठन के विस्तार, गोविंदपुर प्रखंड और बूथ स्तरीय कमेटी की मजबूती के लिए झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के मिशन और केंद्रीय अध्यक्ष टाईगर जयराम महतो के विचारधाराओं को जन जन तक पहुंचाने का निर्णय लिया। मौके पर केंद्रीय उपाध्यक्ष युवा मोर्चा छोटू रजक, धनबाद जिला उपाध्यक्ष प्रेम रजक अशोक साव, गुंजा देवी, किरण देवी, यशोदा देवी, राखी देवी, रीना देवी, गीता देवी, संजोती कुमारी, रंजू देवी, ऐसा बीवी, उषा देवी, सुनीता देवी, शांति देवी, लक्ष्मी देवी और नोमिता देवी आदि उपस्थ थीं।

### तस्करों के मंसूबों पर पानी फेरा, स्पेशल टीम ने अवैध कोयला लदे दो ट्रकों को किया जब्त



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** कोयला तस्करों के खबर अखबारों में छपते ही सीआइएसएफ की टीम अवैध कोयला तस्करी के खिलाफ मुहिम छेड़ दिए हैं। इसकी कड़ी में शनिवार की रात निरसा मोड़ से अवैध कोयला लदे दो ट्रकों को जब्त कर लिया। बतातें चलें कि शनिवार को ही धनबाद की डीसी माधवी मिश्रा ने अवैध कोयला खनन के खिलाफ खनन टास्क फोर्स एवं सीआईएसएफ की टीम को कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। जिसके बाद देर रात एक बजे निरसा मोड़ के पास सीआइएसएफ, ईसीएल मुगमा टीम, एसटीपी मुख्यालय क्यूआरटी टीम और ईसीएल सुरक्षा मुगमा टीम द्वारा संयुक्त रूप से छापामारी की गई। जिसमें कोयले की अवैध तस्करी में लिप्त ट्रक को पकड़ लिया। दोनों वाहनो में करीब 60 मैट्रिक टन अवैध कोयला लदा था। जिसे आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए निरसा थाने को सौंप दिया गया है। वहीं, सीआईएसएफ एवं ईसीएल मुगमा सुरक्षा कर्मियों द्वारा मुगमा क्षेत्र के हर कोलियरी खदानों के आसपास एवं जंगलों में छापामारी की जा रही है। इससे कोयला तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय टीम से फोन पर की बात, कहा

# आपने देशवासियों का दिल जीत लिया

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** टी20 विश्व कप 2024 में टीम इंडिया की जीत के बाद दुनियाभर से खिलाड़ियों को बधाई संदेश मिल रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी भारतीय टीम की जीत पर बधाई दी थी। अब उन्होंने आज भारतीय क्रिकेट टीम से फोन पर बात की और पूरी टीम को फोन पर बधाई दी। उन्होंने रोहित शर्मा को उनकी शानदार कप्तानी के लिए बधाई दी और उनके टी20 करियर की सराहना की। उन्होंने फाइनल में विराट कोहली की पारी और भारतीय क्रिकेट में उनके योगदान की भी सराहना की। पीएम मोदी ने हार्दिक पांड्या को उनके अंतिम ओवर और सूर्यकुमार यादव को उनके कैच के लिए सराहा। उन्होंने जसप्रीत बुमराह के योगदान की भी तारीफ की। पीएम ने भारतीय क्रिकेट में उनके योगदान के लिए राहुल द्रविड़ को भी धन्यवाद दिया। टी20 विश्वकप में दक्षिण अफ्रीका पर शानदार जीत दर्ज करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को बधाई दी। पीएम मोदी ने कहा कि टीम इंडिया ने एक के बाद एक शानदार विजय हासिल कर पूरे टूर्नामेंट को रोमांचक बना दिया। पीएम मोदी ने कहा कि इंडिया को इस भव्य विजय के लिए सभी देशवासियों की तरफ से बहुत-बहुत बधाई। आज 140 करोड़ देशवासी आपके इस शानदार प्रदर्शन के लिए गर्व का अनुभव कर रहे हैं। खेल के मैदान में आपने वर्ल्डकप जीता लेकिन हिंदुस्तान के हर गली-मोहल्ले में आपने देशवासियों का कोटि-कोटि दिल जीत लिया। यह टूर्नामेंट एक विशेष कारण से भी याद रखा जायेगा। इतने सारे देश, इतनी सारी टीमें और एक भी मैच हारना नहीं, यह छोटी उपलब्धि नहीं है। आपने क्रिकेट जगत के हर महारथी उनके हर बॉल को खेला और आप शानदार विजय प्राप्त करते रहे। एक के बाद एक विजय की इस परंपरा ने आपके हौसले को तो बुलंद कर दिया लेकिन साथ ही इस टूर्नामेंट को भी रोचक बना दिया। मेरी तरफ से मैं आपको बहुत-बहुत बधाई देता हूं।





### टीम इंडिया को 125 करोड़ देगा बीसीसीआइ

**मुंबई।** बीसीसीआइ टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय टीम को 125 करोड़ रुपये कैश प्राइज देगा। बोर्ड के सचिव जय शाह ने रविवार को खुद इसका एलान किया। शाह ने एक्स पर लिखा- 'मुझे यह एलान करते हुए बहुत खुशी हो रही है कि टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम इंडिया को 125 करोड़ रुपये की इनामी राशि दी जायेगी। टीम ने पूरे टूर्नामेंट में जबर्दस्त टैलेंट, समर्पण और खेल भावना का प्रदर्शन किया। मैं इस असाधारण उपलब्धि के लिए सभी खिलाड़ियों, कोच और सपोर्ट स्टाफ को बधाई देता हूं।'

# रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पुरी रेलवे स्टेशन पर ट्रेन यात्रा तैयारियों का निरीक्षण किया

- एआइ आधारित डायनेमिक शेड्यूलिंग के माध्यम से अधिक विशेष ट्रेनों की योजना बनाना
- 15 लाख यात्रियों को परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने का लक्ष्य
- यात्री विश्राम के लिए मेला शेड और तीर्थ यात्री शेड दोनों में 25 हजार यात्री विश्राम कर सकते हैं।



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** रेल, सूचना और प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को पुरी रेलवे स्टेशन का दौरा किया और यात्रा के दौरान तीर्थयात्रियों और भक्तों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा की गयी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और तैयारियों की समीक्षा की। रेलवे द्वारा ट्रेन यात्रा प्रणाली का निरीक्षण करते हुए, वैष्णव ने बेहतर यात्री सुविधाएं प्रदान करने के साथ-साथ यात्रियों के समग्र यात्रा अनुभव को बढ़ाने के लिए भारतीय रेलवे की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। ट्रेन यात्रा के लिए रेलवे द्वारा उठाए गए कदमों पर प्रकाश डालते हुए रेल मंत्री ने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए इस वर्ष कुल 315 विशेष ट्रेनें संचालित की जा रही हैं। ये विशेष ट्रेनें पुरी को पड़ोसी राज्यों आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल के साथ-साथ ओड़िशा के विभिन्न हिस्सों से जोड़ेंगी। ओड़िशा के बादामपाहाड़, बांगिरीपोसी, राउरकेला, संबलपुर, जूनागढ़ रोड, सोनपुर, गुनुपुर, ब्रह्मपुर, दसपल्ला, अंगुल, पारादीप, क्योंझारगढ़, भद्रक और बालेश्वर जैसे महत्वपूर्ण स्थानों को विशेष ट्रेनों द्वारा पुरी से जोड़ने की योजना है, पुरी को जोड़ने का एक कदम लगभग सभी जिलों में ले जाया गया। रथ यात्रा उत्सव के दौरान रेलवे द्वारा लागू किए जाने वाले उपायों के बारे में जानकारी देते हुए, वैष्णव ने कहा कि यात्री भीड़ प्रबंधन, ट्रेन सूचना प्रणाली / पूछताछ केंद्र, वीडियो वॉल डिस्प्ले, मोबाइल ऐप के माध्यम से अनारक्षित टिकट प्रणाली, अतिरिक्त टिकट बुकिंग काउंटर और मोबाइल टिकट काउंटर, 15 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों के लिए रेलवे क्षेत्र/शेड और सुरक्षा व्यवस्था जैसे आराम, खानपान और आतिथ्य, एम्बुलेंस सहित चिकित्सा सुविधाएं, सेवाएं और यात्रियों, विशेष रूप से बिजली आपूर्ति, जल आपूर्ति, स्वच्छता, सुरक्षा, पीने का पानी और पर्याप्त सुविधा प्रदान करेगा। तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए शौचालय की व्यवस्था की गयी रेल मंत्री श्री वैष्णव ने आगे कहा कि इस वर्ष रेलवे का लक्ष्य पुरी से 15 लाख यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने का है। इसके अलावा अधिक यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने में मदद के लिए एआई-आधारित डायनेमिक शेड्यूलिंग के माध्यम से और अधिक विशेष ट्रेनें चलाने की योजना बनायी गयी है। मांग बढ़ने पर योजना लागू की जायेगी।

## किस के समर्थन में मजबूती से खड़े हैं जनजातीय समुदाय



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज को लगातार बदनामी का सामना करना पड़ रहा है, जिससे छात्रों और अभिभावकों में चिंता बढ़ रही है। ग्रीष्म अवकाश के बाद स्कूल फिर से खुलने के साथ, चिंताएं बढ़ रही हैं। इसके जवाब में, 40,000 छात्रों के माता-पिता और आदिवासी नेताओं सहित 500 प्रतिनिधि आज संस्थान की सुरक्षा के उपायों पर चर्चा करने के लिए किस में एकत्र हुए। कीट द्वारा समर्थित, किस का अत्यधिक महत्व है। बैठक में निर्णय लिया कि यदि 15 दिनों के भीतर स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो निर्णायक कार्रवाई की जायेगी।

## ओड़िशा में 100 किलोमीटर रेल लाइन का निर्माण किया गया है, जो श्रीलंका के कुल रेल नेटवर्क से भी अधिक है




**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** चालू वित्त वर्ष में इसीओआर को 500 किलोमीटर रेल लाइन के निर्माण का लक्ष्य दिया गया है। पिछले वित्त वर्ष में इसीओआर ने 450 किलोमीटर रेल लाइन का निर्माण किया था। वैष्णव ने कहा कि आर्थिक विकास और कनेक्टिविटी के लिए इसके महत्व को रेखांकित करते हुए रेल लाइनों के विस्तार को प्राथमिकता दी गयी है। समीक्षा बैठक में इसीओआर के महाप्रबंधक परमेश्वर फुंकवाल, ईसीओआर के सभी प्रमुख विभागाध्यक्ष, ईसीओआर मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारी, खुर्दा रोड के मंडल रेल प्रबंधक एचएस बाजवा और खुर्दा रोड डिवीजन के शाखा अधिकारी शामिल हुए। अश्विनी वैष्णव की समीक्षा ने ओड़िशा में रेलवे विकास में तेजी लाने, कुशल परियोजना निष्पादन सुनिश्चित करने और रेलवे सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए मंत्रालय की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। रेल मंत्री के निर्देशों का उद्देश्य पूर्वी तटीय रेलवे क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के विकास और परिचालन उत्कृष्टता को आगे बढ़ाना है।

## वरिष्ठ आइएएस मनोज आहूजा ने ओड़िशा के मुख्य सचिव का पदभार संभाला

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** आइएएस मनोज आहूजा ने रविवार को ओड़िशा के मुख्य सचिव का पदभार संभाल लिया और प्रदीप जेना सेवानिवृत्त हो गये। खबरों के मुताबिक, नवनियुक्त मुख्य सचिव मनोज आहूजा आज ओड़िशा पहुंचे। वरिष्ठ आइएएस अधिकारी मनोज आहूजा को राज्य सरकार ने शुक्रवार को ओड़िशा का नया मुख्य सचिव नियुक्त किया था। सामान्य प्रशासन और लोक शिकायत विभाग द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है, भारत सरकार से प्रत्यावर्तन पर, मनोज आहूजा, आइएएस (आरआर-1990) को प्रदीप कुमार जेना, आइएएस की रविवार से सेवानिवृत्ति के परिणामस्वरूप ओड़िशा के मुख्य सचिव और सरकार, सामान्य प्रशासन और लोक शिकायत विभाग के सचिव के रूप में नियुक्त किया जाता है। गौरतलब है कि वर्तमान मुख्य सचिव प्रदीप कुमार जेना का कार्यकाल आज यानी 30 जून 2024 को समाप्त हो गया है। इससे पहले 25 जून को कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय में कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के तहत कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने राज्य सरकार के अनुरोध पर आहूजा को ओड़िशा वापस भेजने को मंजूरी दी थी। कृषि विभाग के सचिव के रूप में शामिल होने से पहले, मनोज आहूजा ने संयुक्त निदेशक (कार्मिक प्रशिक्षण / कार्मिक और सामान्य प्रशासन), आयुक्त और सचिव (इस्पात और खान, खेल और युवा सेवाएं) जैसे कई विभागों को संभाला था। वर्तमान पदस्थापना से पहले आहूजा भारत सरकार में सचिव के पद पर शिक्षा मंत्रालय के केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में कार्यरत थे।



## कागज फैक्ट्री में आग, लाखों की संपत्ति राख

आजाद सिपाही संवाददाता

**ओड़िशा।** के बोलनगीर जिले में रविवार को एक पेपर फैक्ट्री में भीषण आग लगने की खबर है। खबरों के मुताबिक, लाखों की संपत्ति जलकर खाक हो गयी है। बोलनगीर जिले के टिटिलागढ़ ब्लॉक के चोरमारा गांव में कागज की फैक्ट्री में भीषण आग लग गयी। मिली जानकारी के अनुसार, लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। गांव में एक निजी कागज की फैक्ट्री में आग लग गयी। प्राथमिक जांच में बताया गया है कि आग किसी रासायनिक पदार्थ के विस्फोट के कारण लगी। फैक्ट्री के गोदाम में आग लगने की वजह से पता चला कि वहां कागज और कई तरह के केमिकल थे और आग को जल्दी ही बुझा दिया गया।

हालांकि, गोदाम में लगी आग की वजह कागज और कई तरह के केमिकल होने की वजह से आग तेजी से फैली। फैक्ट्री छोटी होने की वजह से वहां सुरक्षा के कोई उपाय नहीं किए गये थे। हालांकि, आग में कितना नुकसान हुआ है, इसका पता नहीं चल पाया है, लेकिन सभी कर्मचारी सुरक्षित हैं। मौके पर दमकल विभाग पहुंच गया है और आग बुझाने की कोशिश कर रहा है।



## हिट एंड रन का मामला, ट्रैफिक कांस्टेबल की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** रविवार को आयी खबरों के अनुसार, भुवनेश्वर में एक हिट एंड रन की दुखद घटना में एक ट्रैफिक कांस्टेबल की कथित तौर पर मौत हो गयी। खबरों के मुताबिक, भुवनेश्वर में एक पुलिस कांस्टेबल की कथित तौर पर हिट एंड रन मामले में हत्या कर दी गयी है। यह घटना ओड़िशा की राजधानी भुवनेश्वर के नयापल्ली इलाके में एक पॉश निजी होटल के सामने हुई। मृतक कांस्टेबल की पहचान मधुसूदन किशोर के रूप में हुई है। घटना के बाद पुलिस महकमे में शोक की लहर छा गयी है। इस संबंध में विस्तृत रिपोर्ट का इंतजार है। हाल ही में 8 अप्रैल को भुवनेश्वर में एक और हिट एंड रन का मामला सामने आया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक एक कंटेनर ट्रक ने कथित तौर पर चार लोगों को टक्कर मार दी थी। विश्वसनीय रिपोर्टों के अनुसार, यह घटना राजधानी भुवनेश्वर में हुई। साहिदनगर इलाके में एक कंटेनर ट्रक चार लोगों को टक्कर मारकर फरार हो गया। बताया गया है कि भुवनेश्वर में हिट एंड रन का मामला उस समय हुआ जब लोग वाणीविहार इलाके में सत्संग मंदिर के पास सड़क पार कर रहे थे। कंटेनर ट्रक का चालक लोगों को टक्कर मारकर मौके से फरार हो गया। साहिदनगर थाना पुलिस ने पलासुनी पुल के पास सड़क से कंटेनर ट्रक को जब्त कर लिया है। पुलिस ने ट्रक जब्त कर लिया है और ड्राइवर को हिरासत में ले लिया है। घायलों में से दो की हालत गंभीर है और उन्हें बेहतर इलाज के लिए कटक के एससीबीएमसीएच में भर्ती कराया गया है। गौरतलब है कि 30 सितंबर 2023 को ओडिशा की राजधानी में राजमहल स्क्वायर के पास फुटपाथ पर सो रहे एक मजदूर को कार ने कुचल दिया था। यह भी उल्लेखनीय है कि कार के मालिक की पहचान बिकाश पाल के रूप में हुई है, जो लापरवाही से गाड़ी चला रहा था। बिकाश पाल पर आईपीसी की धारा 279 और धारा 304 (ए) के तहत मामला दर्ज किया गया है।



## हेमंत सोरेन के बयान पर बिफरे सीएम साय कहा-आदिवासी समाज का अपमान न करें

### सोरेन परिवार ने अपने कृत्यों से आदिवासी समाज को बदनाम किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को उस बयान पर आड़े हाथों लिया है, जिसमें उसने भाजपा शासित राज्यों के आदिवासी मुख्यमंत्रियों को रबर स्टांप बताया है। सोरेन के इस बयान पर बिफरे सीएम साय ने पलटवार करते हुए सोरेन परिवार को जनता को लूट कर गाढ़ी कमाई करने वाला परिवार कहा है। साय ने अपने सोशल मीडिया हैंडल में लिखा है कि - देश भर में जिस तरह से भाजपा, सक्षम आदिवासी नेतृत्व दे रही है, ऐसा इससे पहले कभी नहीं था। ऐसे में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आदिवासी मुख्यमंत्रियों के बारे में अनर्गल प्रलाप निंदनीय है। यह देश भर के आदिवासी और पिछड़े समाज का अपमान है। जीवन भर अपने कृत्यों से सोरेन परिवार जिस तरह आदिवासी समाज को बदनाम करता रहा है, वह भी निंदनीय है। जनता की गाढ़ी कमाई लूटकर अपनी तिजोरी भरने वाले सोरेन और उनकी पार्टी को आगामी विधानसभा चुनाव में झारखंड की जनता सबक सिखाने का मन बना चुकी है' यही कारण है कि अब वे समाज के प्रति ही अनाप-शनाप बयानबाजी पर उतारू हो गये हैं। सोरेन परिवार का रिश्वत कांड भी अभी तक जनता भूली नहीं है। हेमंत सोरेन जी को यह समझ लेना चाहिए कि महज जमानत मिल जाना अपराध मुक्ति का सर्टिफिकेट नहीं होता है। अंतिम फैसला अभी बाकी है। दरअसल आदिवासियों, अनुसूचित जातियों, अन्य पिछड़ा वर्ग, महिलाओं और युवाओं के बीच भाजपा की बढ़ती लोकप्रियता से इंडी गठबंधन घबराया हुआ है। इसी कारण ऐसी बयानबाजी हो रही है। समाज को अपमानित करने वाले किसी भी बयान को जनता सहन नहीं करेगी, इसका माकूल जवाब देगी। गौरतलब है कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर जमीन घोटाले का आरोप है। जिसको पांच महीने बाद जमानत मिली है। जेल से निकलने के बाद पत्रकारों से चर्चा के दौरान उसने कहा था कि विधानसभा चुनाव के बाद झारखंड से बीजेपी का सफाया हो जायेगा। जिस पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पलटवार किया है।



### रायगडा में कई वाहनों की टक्कर में 3 की मौत, 7 गंभीर

**ओड़िशा (आजाद सिपाही)।** के रायगढ़ शहर में आज शाम हुई बहु-वाहन दुर्घटना में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गयी, जबकि सात अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। यह दुखद दुर्घटना रायगडा कस्बे में माझीघरियानी मंदिर के पास उस समय घटी जब आंध्र प्रदेश की ओर जा रही एक बाइक विपरीत दिशा से आ रहे एक ऑटोरिक्शा से टकरा गयी, जिसे पीछे से एक बोलेरो ने भी टक्कर मार दी। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। उनकी पहचान ऑटो चालक सत्यम मंडंगी, बाइक सवार देबराज मंडंगी और तिपहिया वाहन पर सवार एक अन्य व्यक्ति के रूप में हुई है। मृतकों के लिए मुआवजे और घायलों के लिए बेहतर और मुफ्त इलाज की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया।

DAS MUSICAL STORES
DAS RUBBER STAMP
Wholesale & Ratails
Dealers of all Musical Instruments

Mob.: 9835164815/ 8825354800/7250933033
MAIN ROAD, RANCHI, OPP. HANUMAN MANDIR
KOKAR , H.B. ROAD, OPP. R.L.S.Y. SCHOOL , RANCHI

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

BABU DINESH SINGH UNIVERSITY
(Established Under Government of Jharkhand Act - 06, 2023 & Section 2(f) of the UGC Act, 1956, Member of AIU, Delhi)
BDSU

Admission Open : 2024-25
B.TECH CSE | CSE (AI) | CE | EEE CSE (CYBER SECURITY) 4 Yrs Regular Eligibility : 10+2 / I.Sc
DIPLOMA CSE | EEE | CE ME | EE 3 Yrs Regular Eligibility : 10th Pass
OTHER PROGRAMES : B. Pharm | D.Pharm | BCA MCA | BBA | MBA | B.Lib.I.Sc | M.Lib.M.Sc | ITI
Programes Run & Managed by Vananchal Educational & Welfare Trust
B.D.S. | B.H.M.S | B.Sc. Nursing | GNM | ANM | B.Sc. (Medical) | B.Sc. MLT
B.Ed. | D.EL.Ed | M.D. | M.D.S. | M.Sc. (Medical) | PARAMEDICAL
BDSU : FARATHIYA, GARHWA-822114, JHARKHAND
9661462506, 6206297213, 9934688493
bdsu.ac.in | vananchaltrust.org

रत्न विक्रेता जय माता दी रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • अंक शास्त्र

पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, ऑपोजिट-भुतपूर्व वारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**